শৰ্মা হাৰ্ডওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 134 | गुवाहाटी | सोमवार, 5 दिसंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

नगांव में वन विभाग ने तीन कस्तूरी बिलाव को बचाया पेज 3
एमसीडी चुनाव : उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने... पेज 4
विपक्ष ने विधानसभा सत्र ठप करने की बनाई रणनीति पेज 5
गहलोत सरकार का चार वर्ष का कार्यकाल राजस्थान के माथे पर कलंक : राहटकर पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

**सुप्रभात**

*विद्या ही निर्धन का धन है।*
– आचार्य चाणक्य

*आउनिआटी सत्र के नामघर समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री*

# भेदभाव, पूर्वाग्रह से मुक्त समाज बनाएं : हिमंत



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को जालुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र से हाईस्कूल और उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री आउनिआटी सत्र (वैष्णव मठ) के उत्तर गुवाहाटी शाखा में आयोजित तीन दिवसीय नामघर समारोह के समापन सत्र में भी शामिल हुए। नामघर समारोह में मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने आउनिआटी सत्र के सत्राधिकारी पीताम्बर देव गोस्वामी और उनके सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यभर से एकसरन धर्म के अनुयायियों का यह जमावड़ा *कृष्ण भक्ति* की परंपरा को सुनिश्चित करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा, जो असम के निवासियों के सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं पर हावी रहे। अपने नव-वैष्णव आंदोलन के माध्यम से आध्यात्मिकता की लहर पैदा करने के लिए महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव को श्रेय देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि मध्ययुगीन युग के संत ने असमिया समाज को अमृत रस प्रदान किया। उन्होंने महापुरुष की शिक्षाओं को लोकप्रिय बनाने में माधवदेव जैसे श्रीमंत शंकरदेव के शिष्यों की भूमिका की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने जन्म के आधार पर भेदभाव को समाप्त करने की अपील करते हुए कहा कि जाति और पंथ ईश्वर द्वारा नहीं, बल्कि मानव जाति की रचना हैं। बाद में मुख्यमंत्री चांगसारी हाईस्कूल खेल के मैदान में जालुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र में एक सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने पिछली बार हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले -शेष पृष्ठ दो पर

## एम्स गुवाहाटी का 2023 में उद्घाटन किया जाएगा : सीएम



**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के चांगसारी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का औपचारिक रूप से वर्ष 2023 में उद्घाटन किया जाएगा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आज कहा। उन्होंने उत्तरी गुवाहाटी में आयोजित नामघर समारोह में भाग लेने के दौरान यह घोषणा की। गुवाहाटी में उद्घाटन की जाने वाली कई आगामी परियोजनाओं का भी सीएम शर्मा ने खुलासा किया। शर्मा ने कहा कि एम्स, गुवाहाटी को औपचारिक रूप से 2023 में लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि जालुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र में दस नए उच्च विद्यालयों का निर्माण होगा और इसके अतिरिक्त चांगसारी और रंगमहल में मॉडल विद्यालयों का निर्माण किया -शेष पृष्ठ दो पर

## अजमल के खिलाफ कांग्रेस ने दर्ज कराई प्राथमिकी



**धुबड़ी ( हि.स. )।** धुबड़ी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने महिला जाति पर अपमानजनक टिप्पणी करने के खिलाफ रविवार को धुबड़ी राजीव भवन में सांसद और एआईयूडीएफ प्रमुख मौलाना बदरुद्दीन अजमल का पुतला जलाकर प्रदर्शन किया। इसी के साथ जिला कांग्रेस ने धुबड़ी सदर थाने में सांसद अजमल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने बीते दिन दो दिसंबर को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा पर निशाना साधते हुए महिलाओं की जाति पर अभद्र टिप्पणी की थी। धुबड़ी जिला कांग्रेस कमेटी ने सांसद अजमल की कड़ी आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा से उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही जिला कांग्रेस ने धुबड़ी सदर पुलिस थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

## दिल्ली नगर निगम चुनाव में 50 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए रविवार शाम (4 दिसंबर) को मतदान संपन्न हो गया। सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ था, जो शाम तक चला था। 1349 प्रत्याशियों की किस्मत पर ईवीएम में बंद हो गई है। अब वोटों की गिनती सात दिसंबर को होगी। उस दिन उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। 2 दिसंबर को चुनाव प्रचार थम गया था। उससे पहले कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और भाजपा के प्रत्याशियों ने -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी

## भारत के जी-20 का अध्यक्ष बनने पर फ्रांस खुश

**नई दिल्ली।** भारत की जी-20 की अध्यक्षता एक दिसंबर से शुरू हो गई है और जी-20 का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाला है। इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए भारत बेहद उत्साहित है। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुएल मैक्रों ने भारत को अध्यक्षता मिलने पर खुशी जताई है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा भी जताया है। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए मैक्रों ने लिखा कि वह शांति और एक स्थायी दुनिया की स्थापना के लिए सभी को एकजुट करने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रथम विश्व युद्ध में शामिल तोपें मिलीं

**कोलकाता।** भारतीय नौसेना के जवानों ने कोलकाता में हुगली नदी के किनारे पुरानी तोपें खोजी हैं। हुगली के बाएं तट पर एक भूखंड को साफ करने के दौरान जवानों को ये तोपें मिली हैं। नौसेना के बंगाल क्षेत्र मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोलकाता में नदी के तट से नौसेना ने प्रथम विश्व युद्ध में इस्तेमाल की गई पांच तोपें खोजी हैं। कैप्टन जॉयदीप चक्रवर्ती ने कहा कि हुगली के बाएं किनारे पर मिलीं तोपें प्रथम विश्व युद्ध के दौर की हैं और इन्हें जहाजों को उड़ाने के लिए बनाया गया था। इन तोपों को यहां भारतीय नौसेना के बंगाल क्षेत्र के -शेष पृष्ठ दो पर

## शंकर नेत्रालय का निर्मला सीतारमण ने किया भूमि पूजन



**वाराणसी ( हि.स. )।** एक माह तक चलने वाले *काशी-तमिल संगमम* के बीच काशी को बड़ी सौगात मिली है। यहां शीघ्र ही शंकर नेत्रालय खुलेगा। बड़ा नेत्र अस्पताल खुलने से वाराणसी सहित पूर्वांचल और पड़ोसी बिहार राज्य के लोग नेत्र संबंधी इलाज करा सकेंगे। रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अस्पताल के लिए विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में आंखों का एक अद्भुत सेवा करने वाले संगठन है। इसका प्रेरणा हमारे गुरु कांची कामकोटि शंकराचार्य का है। इस परिवार से जुड़े लोग पिछले 40 साल से इस महत्वपूर्ण कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन -शेष पृष्ठ दो पर

## हैदराबाद के निजाम की दो सौ करोड़ की संपत्ति जब्त

**मुंबई ( हि.स. )।** महाराष्ट्र सरकार ने हैदराबाद के निजाम की सातारा जिले के महाबलेश्वर के पास दो सौ करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को जब्त की है। जिला प्रशासन ने यह कार्रवाई जिला और तहसील स्तर के अधिकारियों के सहयोग से की है। जानकारी के अनुसार सातारा जिले में हैदराबाद के निजाम की बुडलॉन बंगले सहित अन्य संपत्तियों पर निजाम के नौवे वंशज ने 60-70 लोगों की भीड़ जुटाकर 1 दिसंबर को कब्जा करने का प्रयास किया गया -शेष पृष्ठ दो पर

## मोदी ने अपनी मां से लिया आशीर्वाद



**अहमदाबाद ( हि.स. )।** गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे व अंतिम चरण के मतदान से पूर्व संध्या को प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने रविवार शाम अहमदाबाद पहुंचे। वे अपनी मां से मिले और उनका आशीर्वाद लिया। मोदी को सोमवार को यहां मतदान करेंगे। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी गांधीनगर स्थित रायसण स्थित वृंदावन बंग्लोज में माता हीरा बा से आशीर्वाद लेने पहुंचे। नरेंद्र मोदी ने अपनी मां हीरा बा के साथ बैठकर चाय पी और उनका आशीर्वाद लिया। मोदी यहां से गांधीनगर के कोबा सर्किल स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय कमलम पहुंचे। यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीआर पाटिल और प्रदेश संगठन मंत्री रत्नाकर ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान सोमवार को होगा। मोदी सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे अहमदाबाद के राणीप -शेष पृष्ठ दो पर

## मुस्लिम महिलाओं को टिकट देना इस्लाम के खिलाफ




**अहमदाबाद।** गुजरात में इन दिनों सियासी सरगर्मियां बढ़ी हुई हैं। कल यानी पांच दिसंबर को राज्य में दूसरे चरण का मतदान होगा। दूसरे चरण में 14 जिलों की 93 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। वहीं, मतदान से पहले अहमदाबाद में जामा मस्जिद के शाही इमाम शब्बीर अहमद सिद्दीकी ने अपने बयान से विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों द्वारा मुस्लिम महिलाओं को टिकट देने को इस्लाम के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि इससे उनका धर्म कमजोर हो रहा है। गुजरात विधानसभा चुनावों के बीच एक नया विवाद खड़ा -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत जोड़ो के बाद कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान



**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अब हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत करेगी। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में ये फैसला किया गया है। हाथ से हाथ जोड़ो के तहत ये नया अभियान पार्टी शुरू करने जा रही है। इस बैठक में ऐलान किया गया है कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी प्रियंका गांधी को भी बड़ी जिम्मेदारी देने की योजना बना रही है। कांग्रेस पार्टी की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में कई अन्य और अहम फैसले भी लिए गए है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस का पूर्ण अधिवेशन फरवरी 2023 में छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस नए अभियान के जरिए लोगों को पार्टी की नीतियों से जोड़ने में मदद मिलेगी। इस अभियान के जरिए पार्टी सरकार की गलत नीतियों के बारे में भी जनता को जागरुक -शेष पृष्ठ दो पर

## हिजाब को लेकर ईरान सरकार करेगी विचार




**तेहरान।** ईरान में पिछले अढ़ाई माह से हिजाब के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों की आग अब कई देशों तक पहुंच गई है। ऐसे में ईरान सरकार ने बैकफुट आते थोड़ी नरमी दिखाते हुए तय किया है कि वो अनिवार्य हिजाब कानून की एक बार फिर से समीक्षा करेगी। ईरान का हिजाब कानून कई दशक पुराना है और इसके तहत महिलाओं को सख्त ड्रेस कोड को मानना पड़ता है। 16 सितंबर से शुरू ये प्रदर्शन देश में उस समय और उग्र हो गए जब 22 साल की महाशा अमीन की पुलिस की हिरासत में मौत हो गई थी। महाशा शरिया कानून की जिम्मेदारी संभालने वाली -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस में जवाबदेही से बचने वाले नेता होंगे बाहर : खरगे




**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी में पद लेकर केवल अपनी सियासी शान चमकाने वाले नेताओं को सख्त दो टूक संदेश दिया है कि अब जवाबदेही निभाए बिना उनके लिए पद पर बने रहना मुश्किल होगा। कांग्रेस संचालन समिति की पहली बैठक में खरगे ने संगठन के शीर्ष से लेकर नीचे तक सभी स्तरों पर जवाबदेही की जमकर पैरोकारी करते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने की प्रवृत्ति अब अस्वीकार्य है। पार्टी की चुनावी जीत के लिए संगठनात्मक जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का ऐलान करते हुए खरगे ने यह भी साफ कर दिया कि जवाबदेही से बचने वाले नेताओं को संगठन से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा और उनकी जगह कांग्रेस नए चेहरों को मौका देगी। कांग्रेस महाधिवेशन सत्र का कार्यक्रम तय करने और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के सकारात्मक फीडबैक के बाद संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए इसका लाभ लेने जैसे मसलों पर चर्चा के लिए रविवार को बुलाई गई संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने संगठन के अपने इरादे और तेवर दोनों साफ कर दिए। खरगे ने अध्यक्ष चुने जाने के बाद संचालन समिति के रूप में काम कर रही कार्यसमिति और पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते राज्य प्रभारियों को 30 से 90 दिनों के भीतर जनता से जुड़े मुद्दों पर जन आंदोलन करने और उसकी रिपोर्ट निरंतर देते रहने का निर्देश दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने विशेष रूप से उन राज्यों के प्रभारियों से पार्टी के राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा मांगी, जहां 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव होने हैं। उन्होंने साफ कहा कि पार्टी और देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी में सर्वोच्च प्राथमिकता संगठनात्मक जवाबदेही है, क्योंकि चुनाव जीतकर देश की सेवा करने के लिए यह अपरिहार्य है। जवाबदेही से बचने वाले नेताओं को खरी-खरी -शेष पृष्ठ दो पर

## एमसीडी चुनाव : मतदाता सूची से सैंकड़ों नाम गायब



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनावों में रविवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली और कई अन्य क्षेत्रों में अनेक लोग मतदाता सूची से नाम गायब होने के कारण वोट नहीं डाल सके। भाजपा ने राज्य चुनाव आयुक्त के समक्ष इस बात की शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने कहा है कि वह ऐसे स्थानों पर चुनाव रद्द करने की भी मांग करेंगे। एमसीडी के 250 वार्डों के लिए रविवार को सुबह जब मतदान शुरु हुआ तो उत्तर-पूर्वी दिल्ली और कई अन्य क्षेत्रों में लोगों ने शिकायत की कि मतदाता सूची में उनके नाम गायब थे। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दावा किया कि दिल्ली के सुभाष मोहल्ला वार्ड में 450 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं क्योंकि वे भाजपा का समर्थन करते हैं। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

### आंध्रप्रदेश दौरे पर पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू

# आधुनिक विज्ञान में राज्य की भूमिका सराहनीय



**अमरावती।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार आंध्र प्रदेश दौरे पर पहुंची। यहां उन्होंने आयोजित एक कार्यक्रम में देश के विकास में आंध्र प्रदेश के लोगों के योगदान की सराहना की साथ ही राष्ट्रपति ने छात्रों को देश की परंपराओं का पालन करने और आधुनिक दुनिया को अपनाने के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप, हमारे छात्रों को हमारी परंपराओं के साथ आधुनिक दुनिया में एक प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करना चाहिए। प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. यल्लाप्रगदा सुब्बा राव ने एक सदी पहले ऐसा किया था। वैज्ञानिक सुब्बा राव के जीवन को याद करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने मेडिकल क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दिया। उनके शोध से कई जीवन रक्षक दवाओं की खोज हुई। उनकी आयुर्वेद में भी रुचि थी। बता दें कि डॉ. सुब्बा राव 1922 में फार्मेसी और बायोकेमिस्ट्री की पढ़ाई के लिए हार्वर्ड मेडिकल स्कूल गए थे। राष्ट्रपति ने बताया कि स्वतंत्र भारत में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में आंध्र प्रदेश की अग्रणी भूमिका रही है। आंध्र प्रदेश के लोगों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी में देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। तेलुगु भाषी लोगों की तारीफ करते हुए कहा कि दुनिया भर में तेलुगु भाषी लोगों की प्रभावशाली भूमिका है, जिनमें से अधिकांश प्रौद्योगिकी पेशेवर हैं। राष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि इसी तरह आगे भी आंध्र प्रदेश के लोग देश के विकास में अपना असाधारण योगदान जारी रखेंगे और साथ ही उन्होंने उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। राष्ट्रपति मुर्मू ने बताया कि आंध्र प्रदेश उन राज्यों में से एक है, जिनका महिलाओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में नौसेना दिवस समारोह में शामिल हुईं।

# पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच तालिबान ने भारत से मांगी मदद

**नई दिल्ली।** 15 अगस्त, 2021 को जब तालिबान ने काबुल पर कब्जा जमाया था तब इसे अमेरिका के साथ ही भारतीय कूटनीति की भी शिकस्त के तौर पर देखा गया था। लेकिन पिछले 15 महीनों में काबुल में कूटनीतिक समीकरण काफी बदल गए हैं। पाकिस्तान के साथ तालिबान के रिश्ते लगातार तनावपूर्ण हो रहे हैं जबकि पिछले दिनों वहां के दूतावास में कार्यरत कूटनीतिक तकनीकी टीम से तालिबान ने आग्रह किया गया है कि भारत वहां अपनी लंबित परियोजना को शुरु करें। हालांकि भारत वहां के हालात को देखते परियोजनाओं को शुरु करने को लेकर बहुत उत्साह में नहीं है। विदेश मंत्रालय का यह भी मानना है कि, तालिबान वैश्विक स्तर पर अपनी सरकार को मान्यता दिलाने के मंसूबे से भी भारत के साथ संबंधों को लेकर ज्यादा उत्साह दिखा रहा है। सूत्रों ने बताया कि तालिबान की तरफ से मदद मांगी गई है, लेकिन यह अभी संभव नहीं दिखता। अगर भारत वहां पनबिजली या बिजली या संचार से जुड़ी परियोजनाओं को शुरू करने का फैसला भी करता है तो पहला सवाल यह है कि वहां उपकरण कैसे भेजा जाएगा। गेहूं तो भेजना संभव नहीं हो पा रहा है क्योंकि पाकिस्तान की तरफ से लगातार अड़चनें पैदा की जा रही हैं। दूसरी बात यह भी है कि अभी वहां के हालात ऐसे नहीं है कि श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर सुनिश्चित हुआ जा सके। तालिबान के आने के बाद भी वहां के सिखों पर हमले हुए हैं जिसकी वजह से भारत को वहां से सैकड़ों सिखों को निकालना पड़ा है। कई तरह की दूसरी समस्याएं भी हैं जैसे अफगानिस्तान में किसी तरह के कारोबार के लिए कोई बीमा कवरेज अभी उपलब्ध नहीं है। यहां तक वहां की बैंकिंग व्यवस्था बाहरी दुनिया से तकरीबन कटी हुई है। भारतीय कूटनीतिक टीम से मिलने के दौरान तालिबान में शहरी विकास मंत्री हमदुल्लाह नोमानी ने प्रमुख तौर पर चार मांगे रखी हैं। पहला भारत परियोजनाओं का काम शुरु करे। दूसरा, काबुल के विकास से जुड़ी परियोजनाओं के लिए फंड दे। तीसरा, अफगानिस्तानी छात्रों को वीजा देने का काम शुरु करे और चौथा, भारतीय विश्वविद्यालयों में पीएचडी करने के लिए अफगानी छात्रों को मदद करे। बताते चलें कि अगस्त, 2021 में काबुल दूतावास खाली करने के नौ महीने बाद भारत ने तालिबान से सीधी बात की थी। उसके बाद अफगानिस्तान को मानवीय आधार पर गेहूं और चिकित्सा सामग्री भी भेजी गई हैं। इस बीच भारत ने वहां अपने बंद दूतावास को भी दोबारा खोलने का निर्णय लिया। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान के खराब होती स्थिति का मुद्दा उठाया था। दूसरी तरफ देखा जाए तो पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान के रिश्तों में लगातार तनाव घुल रहा है। दोनो देशों के सैनिकों के बीच सीमा पर कई बार गोलीबारी हो चुकी है। हाल ही में पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने काबुल की यात्रा की थी लेकिन उसे पाकिस्तान की मीडिया ने असफल करार दिया है।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**धुबड़ी (हि.स.)।** धुबड़ी जिलांतर्गत तामरहाट के डीके रोड पर उजानपेटला में हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया है कि बीती रात खराब हो चुके ट्रक (एएस-16सी-1572) को सड़क किनारे खड़ा कर ड्राइवर मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर (ओडी-09पी-3033) ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में खड़े ट्रक के चालक आलम अली मंडल की मौत हो गई। मृतक ट्रक चालक कोकराझार जिला के गोसाईगांव के अमीनकाटा गांव का निवासी बताया गया है।

## आग में घर जलकर राख

**बंगाईगांव (हि.स.)।** बंगाईगांव जिले के अभयापुरी इलाके में स्थित एक घर में आग लगने की वजह से घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बीती रात घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने अग्निशमन की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। आग में लाखों रूपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

# बरपेटा रोड में मनाई गई गीता जयंती



**बरपेटा रोड (निसं)।** स्थानीय श्रीराधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी के भव्य प्रांगण में गीता परिषद बरपेटा रोड समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित रामदेव शर्मा एवं पंडित विकास शर्मा ने गीता परिषद व शिव मंडल के अध्यक्ष मंगतू राम गौरीसरिया को श्रीमद् भागवत गीता का विधिवत पूजन करवाकर किया। तत्पश्चात स्तुति एवं विष्णु सहस्रनाम पाठ करके श्रद्धेय स्वामी रामसुखदासजी महाराज के सानिध्य में महंत क्षमाराम महाराज द्वारा गाई गई गीताजी की ऑडियो के साथ-साथ उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में गीताजी के 18 अध्याय का पाठ किया एवं हरि नाम संकीर्तन करके गीताजी की आरती की। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की एवं भक्तों की उपस्थिति सराहनीय रही ज्ञात हो स्व. हनुमान प्रसाद अग्रवाल ने चार दशक पहले गीता परिषद की स्थापना कर गीता पाठ एवं गीता जयंती उत्सव प्रारंभ किया तभी से यह जयंती हर साल मनाई जाती है अंत में परिषद के अध्यक्ष ने, श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी के अध्यक्ष, सचिव एवं धार्मिक महिला समिति तथा सभी उपस्थित भक्तों को कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन किया।

# पूसीरे की रेसुब ने 42 लाख से अधिक का प्रतिबंधित सामान किया बरामद




**गुवाहाटी (हि.स.)।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) की रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब) ने प्रतिबंधित वस्तुओं के परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने रविवार को बताया है कि 26 से 30 नवंबर की अवधि के दौरान, पूसीरे की रेसुब ने अगरतला, धर्मनगर, न्यू बंगाईगांव, कटिहार और न्यू तिनसुकिया रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों में प्रतिबंधित वस्तुओं को ले जाने के खिलाफ अभियान चलाया और लगभग 42.4 लाख रूपये का प्रतिबंधित सामान बरामद किया। अभियान के दौरान उन्होंने गांजा के कुल 110 पैकेट बरामद किए, जिसका वजन लगभग 224 किग्रा एवं मूल्य करीब 22.4 लाख रूपये था और ब्राउन शुगर के 24 साबुनदारी भी बरामद किए, जिसका वजन लगभग 312.67 ग्राम था एवं कीमत लगभग 20 लाख रूपये थी। इस मामले में छह लोगों को पकड़ा गया है। जब्त वस्तुओं के साथ पकड़े गए लोगों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित जीआरपी थाने या स्थानीय पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। इससे पहले 26 नवंबर को अगरतला रेसुब टीम और जीआरपी ने दो बैग के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति से गांजे के नौ पैकेट बरामद किए। लगभग 2.20 लाख रूपये का 22 किग्रा गांजा जब्त किया गया था। रेसुब ने पकड़े गए व्यक्ति को अगरतला जीआरपी को सौंप दिया गया था। इसी तरह 30 नवंबर को न्यू तिनसुकिया रेसुब और तिनसुकिया की स्थानीय पुलिस ने न्यू तिनसुकिया रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन से तीन महिलाओं सहित पांच व्यक्तियों के पास से ब्राउन शुगर भरे 24 साबुनदानी बरामद की थी। जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रूपये आंकी गई थी। पकड़े गए व्यक्तियों को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया था।

# पृष्ठ एक का शेष

## भेदभाव, पूर्वाग्रह से ...

प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने जालुकबाड़ी के शैक्षणिक माहौल में बदलाव के लिए सभी क्षेत्रों से ठोस प्रयासों को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि छात्र केवल ग्रेड-3 और ग्रेड-4 की नौकरियों तक ही सीमित न रहकर उच्च लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को नौकरी देने वाला बनने की इच्छा रखनी चाहिए न कि नौकरी तलाशने वाला बनने की। सम्मान कार्यक्रम में असम सरकार के शिक्षा सलाहकार नोनी गोपाल महंत, प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रिनीकी भुइयां शर्मा, कामरूप की जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली सहित अन्य लोगों ने भी भाग लिया।

## एम्स गुवाहाटी का...

जाएगा। सीएम शर्मा के अनुसार, पलासबाड़ी-सुआलकुची पुल का निर्माण अगले वर्ष शुरू होगा और शराइघाट में जल्द ही एक नए पुल का निर्माण शुरू होगा। असम के मुख्यमंत्री ने जालुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र के उन मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने पिछले साल अपने हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एचएसएलसी) और हायर सेकेंडरी (एचएस) परीक्षा उत्तीर्ण की थी। ट्विटर पर सीएम शर्मा ने लिखा कि जालुकबाड़ी एलएसी के मेधावी छात्रों को सम्मानित करने में खुशी हुई, जिन्होंने पिछले साल चांगसारी हाई स्कूल के खेल के मैदान में अपनी एचएसएलसी और एचएस परीक्षा उत्तीर्ण की थी। मुझे उम्मीद है कि सराहना का यह इशारा छात्रों को जारी रखने के लिए प्रेरित करेगा।

## शंकर नेत्रालय का ...

इसमें हर संभव मदद करेगी, जिससे जनता की अपेक्षा को हम पूर्ण कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि झुनझुनवाला फाउंडेशन और राकेश झुनझुनवाला का परिवार इसमें खुले मन से सहयोग दे रहा है। शंकरा हॉस्पिटल के ग्रुप पूरे देश में 113 जिलों के सेवा में अभी लगे हुए हैं। भारत में 750 से ज्यादा जिला है,113 जिले का कवर पहले से हो रहा है, जबकि 13 हॉस्पिटल अभी क्रियाशील हैं। उत्तर प्रदेश के कानपुर में यह सुविधा है। उन्होंने बताया कि भुगतान करने में जो सक्षम नहीं होंगे, उनको भी यहां सारी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एस राजलिंगम कहा कि यह बहुत बड़ा अवसर है, जो बनारस को एक अच्छा नेत्र हॉस्पिटल मिल रहा है। जब काशी-तमिल संगमम का आयोजन हो रहा है, तो शंकरा आई फाउंडेशन की ओर से यह काशी के लिए बहुत बड़ा योगदान है। इससे क्षेत्र में सभी वर्ग के लोग खासकर गरीब तबके के लोगो को बहुत ही फायदा मिलेगा। वाराणसी की स्वास्थ्य अवस्थापना में एक और कड़ी होगा, जो यहां की आवश्यकता भी है। पूरे देश में अब तक इनका 13 हॉस्पिटल विभिन्न राज्यों में जो चल रहा है। लगभग 23 लाख सर्जरी सफलतापूर्वक इनके द्वारा कराया जा चुका है। प्रदेश में इससे पहले कानपुर में भी एक हॉस्पिटल स्थापित है और यह दूसरा हॉस्पिटल होगा। प्रतिदिन लगभग 730 ऑपरेशन इनके द्वारा किया जा रहा है और सब कुछ मुफ्त है। जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन की ओर से पूरी तरह से आश्वस्त करते हुए कहा कि इस हॉस्पिटल निर्माण में जो और जैसा सहयोग चाहिए वैसा मिलेगा। बताते चले पूर्वांचल में मेडिकल का हब बन चुके वाराणसी में बड़े नेत्र अस्पताल की सौगात मिल रही है।

## हैदराबाद के निजाम ...

था। इससे क्षेत्र में तनाव था और कानून-व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे थे। इस पर सातारा जिले के डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट (डीएम) रुचेश जयवंशी ने महाबलेश्वर की तहसीसदार सुषमा चौधरी पाटिल को 2 दिसंबर को वुडलॉन बंगले सहित अन्य संपत्ति पर कब्जा करने का आदेश दिया था। इसके बाद जिला प्रशासन व तहसीलदार ने बुडलॉन संपत्ति पर कब्जा कर लिया। बताया जा रहा है कि हैदराबाद के नवाब मीरसाहब उस्मान अली खान बहादुर पर 59 लाख 47 हजार 797 रुपये टैक्स बकाया था, इसी वजह से अंग्रजों ने वर्ष 1952 में निजाम की इस संपत्ति को एक पारसी वकील को पट्टे पर दे दिया था। इसके बाद कोल्हापुर वसूली अधिकारी ने टैक्स की वसूली होने तक इस संपत्ति की बिक्री अथवा गिरवी रखने पर रोक लगा दिया था, लेकिन वर्ष 2005 में सातारा जिला अधिकारी ने पहले के आदेश को वापस ले लिया था। इसके बाद यहां कुछ लोगों ने निजाम की संपत्ति को हड़पने के प्रयास करना शुरू कर दिया था। इसी तरह 1 दिसंबर को भी इस संपत्ति पर जबरना कब्जा जमाने का प्रयास निजाम के 9वें वंशज की ओर से किया था। इसी वजह से जिला प्रशासन ने सातारा जिले में निजाम की दो सौ करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त कर लिया है।

## मोदी ने अपनी मां ...

स्थित निशान स्कूल में मतदान करेंगे। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम देखते हुए प्रशासन और एसपीजी ने यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। प्रशासन ने इस क्षेत्र के दो-ढाई किलोमीटर से लेकर राणीप स्कूल तक घेराबंदी कर दी है। इसके अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी सोमवार सुबह नारणपुरा के अंकुर चौराहे के समीप मनपा सब जोनल ऑफिस में मतदान करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शीलज प्रायमरी स्कूल में सुबह नौ बजे मतदान करेंगे। केंद्रीय मंत्री देवूसिंह चौहान खेडा में, सांसद रंजनबेन भट्ट वडोदरा में, सांसद नरहरी अमीन नारणपुरा मनपा स्कूल में, पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल महेसाणा जिले के कडी में, पूर्व शिक्षामंत्री भूपेंद्र सिंह चुड़ास्मा धोलका और पूर्व मंत्री शंकर चौधरी पाटण के वडनगर में वोट डालेंगे।

## मुस्लिम महिलाओं को ...

हो गया है। दरअसल, अहमदाबाद में स्थित जामा मस्जिद के शाही इमाम ने मुस्लिम महिलाओं की राजनीति में सहभागिता को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को चुनावी टिकट देने वाले इस्लाम के खिलाफ हैं। इससे वे धर्म को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। शाही इमाम शब्बीर अहमद सिद्दीकी ने इस दौरान सवाल करते हुए कहा कि क्या कोई आदमी नहीं बचा है? इससे पहले गुजरात में मुस्लिम वोटों को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा था कि राज्य के मुसलमानों और गुजरात में किसी तीसरी पार्टी के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा था कि पहले भी लोग आएं हैं पर चले नहीं। ऐसे में अगर किसी तीसरी पार्टी के चक्कर में आपने कांग्रेस से अदावत ले ली तो ये ठीक नहीं है, भाजपा से तो पहले से ही है।

## भारत जोड़ो के ...

करेगी। इसका आयोजन भारत जोड़ो यात्रा के बाद होगा जब यात्रा 26 जनवरी को श्रीनगर पहुंचेगी। इसके बाद ही हाथ से हाथ जोड़ों अभियान शुरू होगा। इस अभियान के जरिए ब्लॉक स्तर पर यात्रा, जिला स्तर पर अधिवेशन और राज्य के स्तर पर अधिवेशन आयोजित होंगे। इसके जरिए भारत जोड़ो यात्रा का संदेश आगे ले जाया जाएगा। इस बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत कई नेताओं ने हिस्सा लिया था। बता दें कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बैठक में मौजूद नहीं थे क्योंकि वो भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा ले रहे है और पूरे देश की यात्रा पर निकले हुए है।

## हिजाब को लेकर...

मॉरेल पुलिस से भिड़ गई थीं। प्रदर्शनकारियों ने उस समय से ही हिजाब जलाने शुरू कर दिए और सरकार के खिलाफ आवाज तेज होने लगी थी। अमीनी की मौत के बाद से न सिर्फ ईरान, बल्कि दुनिया के हर हिस्से में बसी ईरानी महिला ने हिजाब को जलाना शुरू कर दिया था। तेहरान के उत्तर में जहां पर फैशन सबसे अहम है वहां पर इस प्रदर्शन को बड़े पैमाने पर देखा गया था। ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद जफर मोताजेरी ने कहा है कि संसद और न्यायपालिका दोनों ही इस दिशा में काम कर रहे हैं और यह देख रहे हैं कि क्या इन कानूनों में बदलाव की जरूरत है। खबरों के मुताबिक अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि कानूनों में कैसा बदलाव होगा। ईरान के ये कानून ज्यादातर रूढ़िवादी राजनेताओं के हाथ में हैं। पिछले हफ्ते ही एक टीम ने संसद के सांस्कृतिक आयोग से मुलाकात की है। माना जा रहा है कि अगले एक दो हफ्ते में इस मुलाकात का नतीजा आ जाएगा। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने भी शनिवार को कहा है कि ईरान के संविधान से जुड़ीं गणतांत्रिक और इस्लामिक संस्थाओं से भी संपर्क किया गया है। बता दें कि ईरान में हिजाब कानून के तहत महिलाओं को हर कीमत पर अपने बालों को सार्वजनिक स्थल पर ढक कर रखना होता है। इब्राहिम रईसी जो एक मौलाना हैं और जिन्हें देश के हर रूढ़िवादी वर्ग का समर्थन हासिल है, उन्हें देश के युवाओं का गुस्सा झेलना पड़ रहा है। ईरान केयुवा, हिजाब कानून को इस्लामिक समाज में नैतिक भ्रष्टाचार को सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ाने का जरिया मानते हैं।

## कांग्रेस में जवाबदेही...

सुनाते हुए खरगे ने कहा कि पार्टी में बहुत जिम्मेदार लोग हैं, जो अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। वहीं, कुछ लोगों ने मान लिया था, जवाबदेही को नजरअंदाज किया जाएगा। एआईसीसी के महासचिवों और राज्य प्रभारियों को आईना दिखाते हुए खरगे ने कहा कि महीने में कम से कम 10 दिन क्या राज्यों का दौरा वे करते हैं और जिला, ब्लॉक स्तर तक कांग्रेस कमिटियों का गठन हुआ है, इससे वे अवगत हैं। तमाम ऐसे जिले और ब्लॉक हैं, जहां बहुत लंबे समय से चेहरे नहीं बदले गए और क्या नीचे तक के कार्यकर्ताओं की आवाज सुनी गई। उन्होंने सभी प्रदेश प्रभारियों से लेकर राज्य इकाईयों को निर्देश दिया कि अगले तीन महीने के दौरान किए जाने वाले आंदोलन का खाका तैयार कर 15 से 30 दिन में इस पर उनके साथ बैठक करें। राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो पदयात्रा की सराहना करते हुए खरगे ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एक नया इतिहास लिख रहे हैं और यात्रा अब एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुकी है। यह एक ऐसा आंदोलन है, जिसमें कमरतोड़ महंगाई, भयंकर बेरोजगारी, असहनीय आर्थिक व सामाजिक असमानता, तथा नफरत की राजनीति के खिलाफ एक निर्णायक जंग का आह्वान है। देश के करोड़ों लोग राहुल गांधी और कांग्रेस के संकल्प से जुड़े हैं और राष्ट्रीय जन आंदोलन का रूप ले लेना ही इस यात्रा की सबसे बड़ी कामयाबी है।

## एमसीडी चुनाव : मतदाता...

उन्होंने वार्ड में चुनाव रद्द करने और फिर से चुनाव कराने की मांग की है। मनोज तिवारी यहां यमुना विहार मतदान केंद्र सुभाष मोहल्ला वार्ड में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। भाजपा सांसद ने आगे आरोप लगाया कि यह दिल्ली सरकार की बड़ी साजिश है। मैं इसके खिलाफ शिकायत करूंगा और इस चुनाव को रद्द करने और फिर से चुनाव कराने की अपील करूंगा। तिवारी ने कहा कि मैंने राज्य चुनाव आयुक्त से बात की है और उनके पास शिकायत दर्ज कराई है। जरूरत पड़ने पर हम यहां चुनाव रद्द करने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि वह कानूनी विकल्प भी तलाशेंगे। इससे पहले, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने दावा किया था कि जब वह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए दल्लूपुरा मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे तो उन्होंने मतदाता सूची से अपना नाम गायब पाया। इसके कारण वह वोट नहीं डाल सके। मीडिया से बातचीत में चौधरी ने कहा कि मेरा नाम न तो मतदाता सूची में है और न ही हटाई गई सूची में। मेरी पत्नी ने मतदान किया है। अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। देर शाम इस पर दिल्ली राज्य चुनाव आयोग ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी को मतदाता सूची से उनका गायब होने के संबंध में पत्र लिखा। राज्य चुनाव आयोग ने कहा कि एमसीडी चुनावों के संचालन के लिए ईसीआई द्वारा तैयार मतदाता सूची को केवल अपनाया गया है।

## भारत के जी-20 ...

अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करते हैं। इमैनुएल मैक्रों ने लिखा, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। भारत ने जी-20 की अध्यक्षता संभाली है। मुझे अपने मित्र नरेंद्र मोदी पर भरोसा है कि वे हमें शांति और अधिक टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए साथ लाएंगे। इससे पहले शुक्रवार 2 दिसंबर को मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी थी। इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने ट्वीट किया कि जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सरकार और भारत के लोगों को बधाई।

## प्रथम विश्व युद्ध ...

मुख्यालय आईएनएस नेताजी सुभाष में दर्शकों के लिए रखा गया है। कैप्टन ने बताया कि साल 2021 के मध्य में खोजी गई इन पांच में से चार तोपों को इस साल उस इलाके की खुदाई कर निकाला गया था, जो पहले नदी तल का हिस्सा होता था। आगे उन्होंने कहा कि खिदिरपुर गोदी के पास दाईघाट की जमीन पहले कोलकाता बंदरगाह की थी, लेकिन नेवी कुछ निर्माण कार्य के लिए नौसेना द्वारा इसे फिर से वापस ले लिया गया था। हुगली तट पर जमीन से घास-फूस और कूड़ा-करकट साफ करते समय मजदूरों को ब्रिटिश-युग की एक तोप नजर आई। जब एक मजदूर काम कर रहा था तो उसकी कुदाल जमीन में किसी चीज से टकराई जो धातु की आवाज कर रही थी। इसके बाद उन्होंने जमीन से बाहर निकाला और अधिकारियों को सूचना दी। बंगाल क्षेत्र के मुख्य प्रवक्ता, कमांडर सुदीप्तो मोइत्रा ने कहा कि चार तोपों की खुदाई की गई और उन्हें नेवी हाउस लाया गया। मोइत्रा के मुताबिक तोपों पर निर्माण का कोई निशान नहीं था, जिससे इनकी उत्पत्ति का पता लगाना मुश्किल है। कैप्टन चक्रवर्ती ने कहा कि हो सकता है कि ब्रिटिश युद्धपोतों के लिए यहां इनका निर्माण किया गया हो। कमांडर मोइत्रा ने कहा कि यहां नौसेना के अन्य प्रतिष्ठानों में तोपों का नवीनीकरण किया जाएगा। हालांकि पहले ही कुछ तोपों का नवीनीकरण कर दिया है।

## दिल्ली नगर निगम ...

जमकर प्रचार किया था। साढ़े पांच बजे तक दिल्ली के सभी 250 वार्डों 50 प्रतिशत मतदान हुआ। कई मतदान केंद्रों पर 5:30 बजे से पहले रिपोर्ट करने वाले मतदाताओं का मतदान अभी भी जारी है। सभी वार्डों का मतदान का आंकड़ा देर शाम तक आ जाएगा। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को दिल्ली में नगर निगम चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। पूरी दिल्ली में कहीं से भी कोई गड़बड़ी व मारपीट व हिंसा की शिकायतें नहीं मिली। महरौली में एक बूथ पर ईवीएम में खराबी की शिकायत मिली, जिसे जल्द ही ठीक कर लिया गया। द्वारका में एक मतदान केंद्र पर एक पार्टी कार्यकर्ताओं दिल्ली में सुबह 8 बजे मतदान शुरू हुआ था। दोपहर 12.30 बजे तक 18 प्रतिशत मतदान हुआ, जो दोपहर 2.30 बजे बढ़कर 30 फीसदी हो गया था। चार बजे तक 45 प्रतिशत आंकड़ा पहुंचा। तीनों निगमों के एकीकरण के बाद से यह पहली बार चुनाव हो रहा है। 2017 के पिछले निकाय चुनावों में 53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। 22 मई को दिल्ली के तीनों नगर निगम एक हो गए। दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी), उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के एकीकरण के बाद दिल्ली नगर निगम का पहला चुनाव होगा। एकीकरण से पहले दिल्ली नगर निगम में 272 वार्ड थे, लेकिन अब 250 हो गए हैं। दिल्ली में मतदाताओं की संख्या 1,45,05, 358 है। इसमें 7893418 पुरुष मतदाता, जबकि 66,10,879 महिला मतदाता हैं। अन्य श्रेणी में आने वाले मतदाताओं की संख्या 1061 है। 95458 मतदाता पहली बार मतदान में हिस्सा लेने वाले थे। वहीं, 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 229 है। जबकि 80 से 100 वर्ष की आयु के बीच के मतदाताओं की संख्या 2.04 लाख के करीब है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **पंचम अध्याय**

**(आनन्द)**

**क्षण आवे क्षण जात है, माया जग सुख रंग।**
**नित्य सहज सुख कौन है, जामें रह एक ढंग॥ 23॥**

**शब्दार्थ :** (क्षण) पल (ढंग) प्रकार।

**भाष्य :** संसार का सुख और उसका रंग में ढंग क्षणभर में आता है और फिर क्षणभर में मिट जाता है। नित्य सहज सुख वह कौन है जो सदैव एक प्रकार से अपने स्वरूप में रहता है? ब्रह्म नित्य, एकरस है, इसलिए उसका उपभोग एक समान नित्य है।

**चाह नहीं चिन्ता नहीं, चंचलता चकचूर।**
**आश नहीं अवकाश नहीं, आनन्द आनन्द पूर॥ 24॥**

**शब्दार्थ :** (चाह) इच्छा (चिंता) फिक्र (चकचूर) टूक-टूक (आश) भरोसा (अवकाश) समय, विश्राम।

**भाष्य :** ब्रह्मसुख-प्राप्ति में किसी पदार्थ की इच्छा, चिंता, चंचलता, आश एवं वासना नहीं रहती, ये सब नष्ट हो जाते हैं और आनंद ही आनंद का प्रवाह सदैव प्रवाहित रहता है।

# नगांव में वन विभाग ने तीन कस्तूरी बिलाव को बचाया

**नगांव (विभास)।** जिले से तीन कस्तूरी बिलाव को बचाया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इन्हें शनिवार शाम समगुरी के उदमारी वन क्षेत्र के कठिया-आटी गांव से बचाया गया था। वन विभाग के अधिकारी ने कहा कि शुरूआत में एक महिला ने कस्तूरी बिलावों को देखा, जब वह किसी काम के लिए पास के जंगल में गई। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि कस्तूरी बिलाव भोजन की तलाश में जंगल से निकले होंगे। कस्तूरी बिलावों को पकड़ने के बाद स्थानीय लोगों ने वन अधिकारियों को सूचना दी। वन अधिकारी ने कहा कि औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, उदमारी वन अधिकारियों ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) के अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया। उन्होंने कहा कि वन्यजीव बचाव और संरक्षण केंद्र (सीडब्ल्यूआरसी) के अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और बिलावों की देखभाल की। सीडब्ल्यूआरसी के एक अधिकारी ने कहा कि कस्तूरी बिलाव अपनी मां से बिछड़ गए थे। हमने इलाज के बाद रविवार सुबह फिर से उन्हें उसी जंगल में सकुशल छोड़ दिया।

## ट्रक और बाइक के बीच भिड़ंत में एक की मौत

**नगांव (हि.स.)।** नगांव जिला के कोलियाबर के बाहरी इलाके में रविवार को तेज रफ्तार बाइक और ट्रक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आज नगांव से बोकाखात की ओर जा रहे बाइक चालक और नगांव की ओर से जा रहे ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसकी वजह से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोलाघाट के मरंगी निवासी भारत भूषण बेरा के रूप में की गई है। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी, कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है।

## रासायनिक खाद की 135 बोरियां जब्त, एक गिरफ्तार

**हैलाकांदी (हि.स.)।** हैलाकांदी जिला सदर पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध रासायनिक खाद ले जा रहे दो ट्रक (एएस-11डीसी-5075 और एएस-11डीसी-1571) को जब्त किया है। हैलाकांदी पुलिस ने रविवार को बताया कि 135 बोरी यूरिया खाद लेकर जा रहे दो ट्रक जब्त किए गए हैं। पुलिस ने ट्रकों को उस समय जब्त किया, जब वे अलगापुर से हैलाकांदी होकर जा रहे थे। पुलिस ने दोनों ट्रकों में से एक के चालक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे ट्रक का चालक भाग निकला। पुलिस ने कहा कि दोनों ट्रकों में 135 बोरी से अधिक रासायनिक खाद था। पुलिस का अनुमान है कि इसकी बाजार में कीमत एक लाख रूपये से अधिक है। पुलिस ट्रक ड्राइवर से पूछताछ कर रही है।

# नौसेना दिवस : एनसीसी कैडेटों ने नारंगी सैन्य छावनी में अदम्य साहस को किया याद



**गुवाहाटी (विभास)।** हमें उन वीरों को कभी नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। भारतीय नौसेना का इतिहास बहुत ही बहादुरियों से भरा है। भारतीय नौसेना का इतिहास वीरता और अदम्य साहस से भरा हुआ है। हम वीरों का ऋण कभी चुका नहीं सकते। यह बात नौसेना दिवस के उपलक्ष्य में गुवाहाटी के नारंगी सैन्य छावनी में आयोजित कार्यक्रम में ब्रिगेडियर दिनार दिघे, ग्रुप कमांडर एनसीसी गुवाहाटी ने कही। इस दौरान एनसीसी के कैडिटों ने रंगारंग कार्यक्रम कर वीरों के अदम्य साहस को याद किया। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि नौसेना दिवस पर यह कार्यक्रम 48 असम नौसेना इकाई एनसीसी, गुवाहाटी ने ब्रह्मपुत्र हॉल, नारंगी सैन्य स्टेशन में नौसेना दिवस की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कई कॉलेजों और स्कूलों के एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। इसमें 1971 के भारत-पाक युद्ध पर एक वृत्तचित्र फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसमें दो प्रमुख नौसैनिक अभियानों यानी ऑपरेशन ट्राइडेंट और ऑपरेशन पायथन और कैप्टन मुल्ला के सर्वोच्च बलिदान का वर्णन किया गया, जो आईएनएस खुखरी के तत्कालीन कमांडिंग ऑफिसर थे। उन्होंने युद्ध के दौरान अपने जहाज के साथ नीचे जाने का विकल्प चुना। यह कार्यक्रम वास्तव में न केवल युवाओं को भारतीय नौसेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने में बल्कि समुद्र में हमारे नौसैनिकों की वीरता को दिखाना भी था। इस कार्यक्रम ब्रिगेडियर दिनार दिघे, ग्रुप कमांडर एनसीसी गुवाहाटी के अलावा जीपी, प्रो. अलका शर्मा, अलका फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक, असम ओलंपिक एसोसिएशन के सीईओ गौतम चौधरी, 51 सब एरिया के कमांडिंग ऑफिसर, नारंगी मिलिट्री स्टेशन और गुवाहाटी समूह के एनसीसी अधिकारी मौजूद थे।

# मायुमं, कामाख्या का राजस्थानी मिलन समारोह आयोजित



**गुवाहाटी (नसं)।** मारवाड़ी युवा मंच की कामाख्या शाखा ने मंच से जुड़ी नई सदस्याओं एवं समाज में राजस्थानी संस्कृति के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें सभी सदस्याए राजस्थानी वेशभूषा में उपस्थित थी। राजस्थानी संस्कृति की धरोहर मेहंदी लगाने का कार्यक्रम भी इस अवसर पर रखा गया। सदस्याओं ने राजस्थानी लोक गीत पर नृत्य भी किया। इसके अलावा खानपान में भी राजस्थानी पारंपरिक भोजन दाल, बाटी, चूरमा कैर सांगरी की सब्जी, बाजरा का खिचड़ा एवं अन्य व्यंजन परोसे गए। भोजन परोसने में भी राजस्थानी परंपरा का पालन किया गया। शाखा अध्यक्ष प्रेमलता सिंघानिया ने बताया कि वर्तमान भागदौड़ की जिंदगी में एवं पाश्चात्य संस्कृति की चपेट में राजस्थानी संस्कृति कई मामले में विलुप्त सी हो गई है। मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य मारवाड़ी संस्कृति का विकास और संरक्षण भी है। अतः यह एक छोटा सा प्रयास शाखा सदस्यों के बीच प्रतीकात्मक रूप से आयोजित किया गया। जिसकी शाखा के कई पूर्व अध्यक्षों सहित सभी सदस्यों ने सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष पिंकी बैंगानी के साथ रिंकी रारा और जया पारीक ने राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष संतोष शर्मा, बेला नवका, मीना पोद्दार, मंजू भजनका, सुमन अग्रवाल, अमराव बोथरा, वर्तमान उपाध्यक्ष कविता अग्रवाल, योगिता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष खुशबू वर्मा, संयुक्त मंत्री स्नेहल बीदासरिया, सुनीता सराफ, पायल, रितु और नीलम के अलावा अन्य कई सदस्याए उपस्थित थी।

# गौविवि में गीता जयंती व विद्वान सम्मान समारोह का आयोजन

**गुवाहाटी (नसं)।** प्राच्य विद्या वैदिक संस्थान, गौहाटी विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग एवं अध्यापक पंडित उमाकांत शर्मा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में गीता जयंती महोत्सव एवं विद्वान सम्मान प्रदान समारोह का आयोजन गुवाहाटी विश्वविद्यालय के फणीधर दत्त सभागार में संपन्न हुआ। इस समारोह की अध्यक्षता असम सरकार के पूर्व उपायुक्त एवं असम साहित्य सभा के पूर्व उपाध्यक्ष कनक चंद शर्मा ने स्वर्गीय उमाकांत शर्मा एवं स्वर्गीय बेणी प्रसाद शर्मा के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुमार भास्कर वर्म संस्कृत पुरातन अध्ययन विश्वविद्यालय नलबाड़ी के कुलपति डॉ प्रह्लाद आर जोशी, मुख्य वक्ता विशिष्ठ चिंतक और समालोचक दिगंत विश्वशर्मा, प्राच्य विद्या वेदिक संस्थान के अध्यक्ष अनिल रिणवा उपस्थित थे। वेदिक संस्थान के सचिव विनय मिश्रा ने उद्देश्य व्याख्या की। इससे पूर्व गीता के द्वादश अध्याय के श्लोक का उच्चारण किया गया। अतिथियों के संबोधन के पश्चात गुवाहाटी विश्वविद्यालय के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष आचार्य डॉक्टर र राजेंद्र नाथ शर्मा को संस्कृत रत्न सम्मान प्रदान किया गया एवं असम वेद विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य आचार्य कृष्ण लक्ष्मीकांत पुराणिक को गुरुकुल गौरव सम्मान प्रदान किया गया। जिसमें प्रशस्ति पत्र, शॉल, दुपट्टा, गीता की पुस्तक और नगद धनराशि प्रदान की गई। इससे पहले गुवाहाटी विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के प्रोफेसर कामेश्वर शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र को पढ़कर सुनाया। दोनों सम्मान को स्वर्गीय पंडित उमाकांत शर्मा और स्वर्गीय बेणी प्रसाद शर्मा की स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा हर वर्ष के लिए प्रायोजित किया गया है और भविष्य में इसे राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार के रूप में देने की स्वीकृति भी दोनों के पुत्रों ने प्रदान की। इसके अलावा नोमीता साहा को संस्कृत की स्नातक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्कृत प्रतिभा पुरस्कार तथा इंद्राणी कलिता को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। वैदिक संस्थान के सचिव विवेक मिश्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन गुवाहाटी विश्वविद्यालय गीता जयंती वाली न्यूज में प्राच्य विद्या वैदिक के सचिव विवेक मिश्रा की जगह विनय मिश्रा भूल से लिख दिया सचिव विवेक मिश्रा होगा।



*महेश योग समिति ने गीता जयंती पर माहेश्वरी भवन से शुक्रेश्वर तक प्रभात फेरी निकाली*

# लायंस, गुवाहाटी ग्रेटर का रक्तदान शिविर आयोजित

**गुवाहाटी (नसं)।** लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी ग्रेटर ने आज अपने दिवंगत सदस्य अधिवक्ता लायन श्याम सुंदर अग्रवाल की स्मृति में उनके निवास स्थान गांधीबस्ती, सिलपुखरी, स्थित शुभम इलाइट अपार्टमेंट के प्रांगण में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मारवाड़ी हॉस्पिटल्स आठगांव गुवाहाटी के डॉक्टर तरुण विकास दत्ता की टीम के सहयोग से 23 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। लायन श्याम सुंदर अग्रवाल क्लब के एक वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य थे, उनकी धर्मपत्नी किरण अग्रवाल के विशेष अनुरोध पर क्लब की अध्यक्ष लायन बेला नाउका के नेतृत्व में आज के शिविर का विषेश आयोजन किया गया। आज के शिविर में श्याम सुंदर जी अग्रवाल के सुपुत्र अनूप अग्रवाल, अमित अग्रवाल, एवं उनकी पुत्रवधू शिल्पी अग्रवाल, दीक्षा अग्रवाल और उनकी बेटी श्वेता अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा। इस शिविर के संयोजक लायन नारायण अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आज के शिविर में लायन प्रेम अग्रवाल ने रजिस्ट्रेशन आदि का कार्यभार संभाला। सुरेश गग्गड, पुरुषोत्तम गग्गड एवं रूपा गग्गड की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। क्लब के जनसंपर्क अधिकारी लायन रतन खाखोलिया ने बताया कि मारवाड़ी हॉस्पिटल की तरफ से डॉक्टर तरुण विकास दत्त ने सभी रक्त दानदाताओं को सर्टिफिकेट एवं पिन प्रदान की और क्लब की अध्यक्ष लायन बेला नाउका एवं किरण अग्रवाल का फुलाम गमछा पहनाकर अभिनंदन किया।

# चांदमारी में एंजेलिना दास की अंग्रेजी कविता पुस्तक का विमोचन



**गुवाहाटी (नसं)।** राज्य अन्यतम प्रकाशन प्रतिष्ठान पराग ज्योति प्रकाशन के आतिथ्य में आयोजित काटन विश्वविद्यालय के उच्चतर माध्यमिक (कला विभाग की) की प्रथम वर्ष की छात्री एंजेलीना दास की अंग्रेजी कविता पुस्तक टाइम्स विंग चेरियट का शुभ विमोचन महानगरी के चांदमारी पेंशनर भवन में किया गया। जीवनी डेका के बरगीत की प्रस्तुति से शुभारंभ हुए सभा का उद्बोधन करते हुए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित विशिष्ट कवि साहित्यिक डॉ रोमान शर्मा ने कहा कवि भविष्य के दृष्टा होते हैं। कवि बहुत दूर तक सोच सकते हैं। इसी तरह एक शिशु या किशोर भी बहुत सारी बातें सोच सकते हैं। चिंता कर सकते हैं। कविता पुस्तक का विमोचन करते हुए असमिया प्रतिदिन अखबार के मुख्य सहयोगी संपादक अजीत पटवारी ने कहा कि पुस्तकें प्रत्येक विद्वान ज्ञानवान लोगों का विश्वस्त साथी होती है। उसका समादर युगों युगों तक रहेगा। ग्रंथ के साथ जुड़े हुए लोग हमेशा माधुर्य मंडित होते हैं। दुनिया में प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में किताबें बिक्री होती है असम में भी अच्छी संख्या में किताबों की बिक्री बढ़ी है। पराग ज्योति प्रकाशन के सचिव तथा संवाददाता दीपक शर्मा द्वारा संचालित सभा में मुख्य अतिथि के रूप में अपराध अनुसंधान शाखा गुवाहाटी के आरक्षी अधीक्षक जयश्री खेरशाई ने कहा एंजेलीना दास ने हमें बहुत सी बातें सोचना सिखाया है। कविता से समाज की बातें प्रकृति के बातें सुंदरता से स्थापित की गई है। राज्यसभा की पूर्व सांसद तथा विशिष्ट लेखिका डॉ जयश्री गोस्वामी महंत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाषण देते हुए कहा कि किताब भूख का निवारण कर सकती है। सुख अनुभूति जागृत कर सकती है। कवि लेखकों की जिम्मेदारी बहुत होती है। एंजलीना दास ने हमारे हृदय को स्पर्श कर दिया है। सोचती हूं अन्य लोग जो इस कवि की कविता को पढ़ेंगे वे उनके दिलो-दिमाग में छा जाएगी। सभा में उपस्थित रहकर असम साहित्य सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष तथा विशिष्ट कवि, लेखक किशोर कुमार जैन ने कहा समकालीन विचार धारा को साहित्य सृष्टि में महत्व दिया जाना चाहिए। अनुवाद साहित्य के ऊपर भी महत्व दिया जाना चाहिए। असमिया साहित्य बहुत समृद्ध साहित्य है। असमिया साहित्य का भारत की अन्य भाषाओं से स्थान बहुत ऊंचा है। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय प्रशासनिक अधिकारी सचिन तथा काटन विश्वविद्यालय के अध्यापक डॉ ध्रुव ज्योति दास, अतिथि के रूप में त्रिपुरा केंद्रीय विद्यालय के अवकाश प्राप्त अध्यापक डॉ वीरेंद्र कुमार भट्टाचार्य, विष्णुप्रिया मणिपुरी साहित्य परिषद के सभापति दिल्स लक्ष्मींद्र सिन्हा, असम साहित्य सभा के भूतपूर्व सहकारी सचिव कमल कलिता, बराक सिलचर नॉर्मल स्कूल के अध्यक्ष तथा असम साहित्य सभा के सिलचर क्षेत्रीय कार्यालय की सचिव मानसी सिन्हा, अखिल असम महिला कर्मचारी संस्था की सलाहकार अंजना हजारीका, आजिर कविता के संपादक विनय चलिहा बरपेटा जिला के बहुभाषी कवि सम्मेलन के सभापति मौलाना जाहिद उल इस्लाम, कहानीकार भव डेका, गुवाहाटी आरक्षी अधीक्षक घनश्याम चौधरी, असम सचिवालय के अवकाश प्राप्त संयुक्त सचिव अरुण शर्मा, भूतपूर्व समाज कल्याण अधिकारी शिखा रानी शर्मा, काटन विश्वविद्यालय छात्र एकता सभा के सचिव ऋतुराज सैकिया, उपाध्यक्ष त्रिदीव भगवती ने सभा में भाग लिया। सभा में बेगम रूना लैला मजुमदार, रूई बोरा, कनिका बुजरबरुआ ने गीत तथा शिशु शिल्पी कस्तूरी कलिता ने नृत्य प्रस्तुत कर सभा की शोभा बढ़ाई।

## युवती ने की आत्महत्या

**चिरांग (हि.स.)।** चिरांग जिलांतर्गत बिजनी के फूलकुमारी इलाके में 20 साल की एक युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि बिजनी के दो नंबर दोलझाल निवासी दीपेन मंडल की पुत्री पर्ना मंडल का शव प्रेमी गोविंद नमदास के मवेशी बांधने वाले घर से फंदे पर झूलता हुआ बरामद किया गया। फूलकुमारी निवासी गोविंद नमदास ने एक सप्ताह पूर्व मृत युवती को भगा कर अपने साथ ले गया था। लड़का नाबालिक था जिसकी वजह से दोनों शादी नहीं कर पाए थे। युवती के परिवार वालों ने प्रेमी और उसके परिवार पर युवती की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पानबाड़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गोविंद नमदास उसकी मां विमला नमदास को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस संबंध में युवती के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच कर रही है

# मोची कब्रिस्थान विकास समिति की बैठक




**गुवाहाटी (नसं)।** उलुबाड़ी बी बरुवा रोड स्थित मोची कब्रिस्थान विकास समिति की ओर से रविदास स्मृति कब्रिस्थान के विकास को लेकर रविवार को एक आम बैठक आयोजित हुई,जिसमें पूर्व गुवाहाटी विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य उपस्थित थे। इस मौके पर 36 नंबर वार्ड की पार्षद मेघना हजारिका, 31 नंबर की पार्षद रत्ना सिंह व कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगों के संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य ने कहा कि मोची संप्रदाय के लिए वे हर संभव मदद करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से इस संप्रदाय के लिए काफी फंड है लेकिन अभी तक इसका उपयोग नहीं कियागया। हालांकि विधायक फंड से नामघर के लिए 2.5 लाख रूपए आरक्षित है, जिसे मैं नामघर के लिए जल्द ही जारी कर लूंगा। कभी यहां नहीं आया, नाहीं किसी ने इस बारे में बताया। आप लोगों से नहीं जुड़ने के कारण ही यहां के समस्याओं के बारे में अनभिज्ञ था। समिति के अध्यक्ष टिंकू दास और महासचिव नाथूनी दास के बुलाने पर मैंने पाया कि 9 बिघा जमीन पर किसी तरह से अतिक्रमकारियों ने कब्जा जमा रखे है। मोची संप्रदाय के फंड के लिए मैं केंद्र सरकार से बातचीत करुंगा, मुझसे जो हो पाएगा, मैं करुंगा। उन्होंने मोची संप्रदाय के विकास के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कब्रिस्थान को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया कराया जाएगा। इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। वहीं दोनों पार्षदों ने भी हर सभंव मदद करने का आश्वासन दिया। मोची संप्रदायों के विकास के लिए क्या क्या कदम उठाए जाए, उस पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में सरकार की ओर आंवटित किए गए मोची कब्रिस्थान समिति की भूमि की परिसीमा सुनिश्चत करना और गैर कानूनी तरिके से कब्जा जमाए जमीन यानी अतिक्रमणकारियों के कब्जे से मुक्त कराना है। उक्त भूमि में गुरु रविदास और शिव नारायण के एक नामघर निर्माण करना और उसके लिए सरकार से आर्थिक मदद करने के अपील,गुवाहाटी महानगर में रहनेवाले मोची संप्रदाय के करीब 80फीसदी परिवार गरीबी रेखा के नीचे है, उन संप्रदाय के लोगों के बच्चों के लिए एक नि:शुल्क विद्यालय और एक विवाह भवन निर्माण करने के लिए सरकार से अपील करने का भी प्रस्ताव पारित की गई।बैठक में बोकाखात, जोरहाट, उदालगुड़ी, बरपेटा व अन्य जिलों से भी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# रुद्र महायज्ञ का भूमि पूजन आज



**कछार (हि.स.)।** कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर के मंगल पांडेय चौक के निकट कुंवारपार घुंघूर में में आगामी 22 जनवरी से 01 फरवरी, 2023 तक आयोजित होने वाले रूद्र महायज्ञ के लिए सोमवार को भूमि पूजन होगा। पंडित राजेंद्र पांडेय के नेतृत्व में पुरोहितों का एक दल भूमि पूजन संपन्न कराएगा। भूमि पूजन में महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह मुख्य यजमान के साथ ही विशिष्ट व्यक्ति वर्ग यजमान के रूप में उपस्थित रहेंगे। भूमि पूजन के पश्चात यज्ञ मंडप और पंडालों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। रुद्र महायज्ञ के आयोजन हेतु रविवार को महिला समिति की एक बैठक घुंघूर के दुर्गा मंडप में फूलमती कलवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलश यात्रा के बारे में विचार विमर्श के पश्चात तय किया गया कि अन्नपूर्णा घाट से जल लेकर फूलमती शिलकुड़ी स्थित बरम बाबा मंदिर जाएंगी और वहां से कलश यात्रा बारीक नगर, फकीरटीला, जोगीपाड़ा होते हुए शहीद मंगल पांडे चौक की परिक्रमा करके यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी। इस दौरान ज्योतिषाचार्य पंडित आनंद शास्त्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ में भाग लेने, शिव महापुराण का प्रवचन सुनने और रामलीला देखने से एक साथ ब्रह्मा, विष्णु, महेश के दर्शन का लाभ प्राप्त होगा। सभा का संचालन प्रेरणा भारती की संपादक सीमा कुमार ने किया। रुद्र महायज्ञ के सफल संचालन हेतु मातृशक्ति के जागरण के लिए नवगठित महिला समिति में अध्यक्ष फूलमती कलवार के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया गया। आज की सभा में डॉ. मंजरी वर्मा, दिलीप कुमार, रामनारायण नुनिया, प्रदीप बनिक, शंकर नुनिया, राजेंद्र पांडेय, सुभाष चौहान, गणेश लाल छेत्री, रामव्रत नुनिया आदि शामिल थे।

# नगांव जिला साहित्य सभा की तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह का सफल समापन

**नगांव (निसं)।** नगांव जिला साहित्य सभा की तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती का आज विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर आज मध्याह्न बेला में जिला साहित्य सभा के अध्यक्ष पराण कुमार बरुवा की अध्यक्षता में आयोजित खुले सभा में नगांव जिला साहित्य सभा के सचिव रेबत हाजरिका ने उद्देश्य व्याख्या करते हुए कहा कि 1972 सन में नगांव जिला साहित्य सभा का गठन हुआ था और तब से लेकर आजतक जिला साहित्य सभा साहित्य सेवा में ब्रती है। विधायक रूपक शर्मा ने कहा कि साहित्य और संस्कृति के साथ मैं जुड़ा हुआ व्यक्ति हूं। इसलिए साहित्य के प्रति जागरूकता लाना भी अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। जाति संगठन भी साहित्य सेवा में ब्रती है और हमारी समस्याओं को सामने लाने का भी साहित्य का बड़ा अवदान रहा है। ई-बुक के ऊपर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रकाशित ग्रंथों का जो महत्त्व है, वह महत्त्व और पढ़ने का आंनद ई-बुक में नहीं मिल सकता है। ग्रंथ की जनप्रियता कभी कम नहीं हो सकती है। श्रीमंत शंकरदेव देव संघ के महासचिव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे बाबुल बोरा ने कहा कि असमिया साहित्य की उन्नति की साधना में नगांव के साहित्यकारो का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीमंत शंकरदेव ने भी नगांव के कलंग नदी के मिट्टी से खोल वादन तैयार किया था और इसी नगांव धरती से पूरे देश में श्रीमंत शंकरदेव ने धर्म का जागरण किया था। उन्होंने कहा कि आज इंटरनेट की कुप्रभाव से अपने लोग अपने लोगों से ही बिछुड़ रहे हैं। ऐसे विषम समय में साहित्य की अवधारणा ही हमें अपनों से जोड़ सकती है। अपने संस्कृति की रक्षा करने के लिए भावी युवा पीढ़ियों को दायित्व लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि साहित्य शक्ति जैसा और कोई दूसरा शक्ति हो ही नहीं सकता। जब तक असमिया जाति श्रीमंत शंकरदेव और माधवदेव को याद रखेगा,तब तक असमिया जाति का कोई विध्वंस नहीं कर सकता है। सांसद प्रदुत बरदलै ने कहा कि नगांव असम का वक्ष स्थल है और इस वक्ष स्थल से ही सृजनात्मक साहित्य शक्ति का उपयोग होता आया है। उन्होंने कहा कि असमिया जाति की दर्शन स्रष्टा के रूप में श्रीमंत शंकरदेव की साहित्य सृजन का विषय अपने आप में आज भी गौरवगाथा गाती है। सांसद प्रदुत बरदलै ने सांसद पुंजी से नगांव जिला साहित्य सभा को दस लाख अनुदान देने की घोषणा की, जिससे लेखनी की डिजिटल संग्रह कर सकेंगी। पूर्व विधायक गिरींद्र बरुवा ने कहा कि नगांव मौलिक साहित्य सृष्टि का स्थल है, जहां अनेक पुरोधा साहित्यकारों ने अपनी रचना का सृजन कर साहित्य जगत में अपना नाम प्रतिष्ठित किए हैं। उन्होंने कहा कि आज असमिया भाषा को दबोचने का प्रयास किया जा रहा है, जो असम के हित में नहीं है। असमिया को बचाने के लिए असमिया माध्यम शिक्षा की जनप्रियता को बढ़ावा देना होगा। सभा में वार्षिक पत्रिका का विमोचन सांसद प्रदुत बरदलै ने किया। सभा में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ नरेन कलिता ने कहा कि नगांव जिला साहित्य सभा के सांगठनिक स्थिति को मजबूत करने में साहित्यकार स्व.बुद्धींद्र बरुवा के योगदान को हम नहीं भूल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस सभा में भवेश मेधी, उपेन बोला,शरत सैकिया,बिनु लस्कर ठाकुरिया, बिनोद खेतावत, रेबत हाजरिका तथा असम साहित्य सभा के पूर्व सचिव पदुम राजखोवा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# एमसीडी चुनावः उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने की मतदान की अपील



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए मतदान जारी है। दिल्लीवासी बढ़चढ़कर मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। दिल्ली में 1.46 करोड़ मतदाता अपने-अपने वार्ड का पार्षद तय करेंगे। मतदान सुबह 08 से शाम 5.30 बजे तक चलेगा। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्लीवासियों से कहा, मैं दिल्ली के सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि आज अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और राजधानी के भविष्य निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, ईमानदार पार्टी को वोट दें, शरीफ और अच्छे लोगों को वोट दें। भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, गाली-गलौज करने वालों को वोट ना दें। दिल्ली को कूड़ा करने वालों को वोट ना दें। उन्हें वोट दें जो दिल्ली को चमकाएंगे, साफ-सुथरा करेंगे। काम करने वालों को वोट दें, काम रोकने वालों को वोट न दें। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, मैंने मतदान किया! मैंने वार्ड नंबर 153 वसंत विहार में माउंट कार्मेल स्कूल, आनंद निकेतन के मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आप सभी को बड़ी संख्या में बाहर निकलना चाहिए और मतदान करना चाहिए। आपका वोट विकास का भविष्य तय करता है और हमारे मजबूत लोकतंत्र को मजबूत करता है। दिल्ली राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल, मैंने अपना वोट डाल दिया। सभी लोगों से अपील है खासकर महिलाओं से कि भारी संख्या में वोट दें। सोच समझ के मुद्दों पे वोट दें और देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय, साफ-स्वच्छ और सुंदर दिल्ली बनाने के लिए वोट जरूर डालें। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए मतदान किया। दिल्ली की प्रगति के लिए, लोकहित में मतदान कर अपना कर्तव्य पूरा किया। आप भी राष्ट्रहित में मतदान करने अवश्य जाएं और अपना कर्तव्य निभाएं। सांसद रमेश बिधूड़ी, झूठे वादे करने वाले भ्रष्टाचार मिटाने के नाम पर आये और भ्रष्टाचारियों के सरगना बन बैठे, ना पीने का पानी दे पाये ना सीवर साफ कर पाये। अब एकीकरण निगम से दिल्ली होगी विश्वस्तरीय राजधानी, आओ घर से निकलें राष्ट्रहित में करें मतदान। सांसद प्रवेश साहिब वर्मा ने कहा, दिल्ली की जनता जनार्दन से अपील! आज एमसीडी चुनाव है अतः पहले अपना बहुमूल्य मतदान करें फिर जलपान करें। एकीकृत एमसीडी के 250 वार्ड हैं। इसके चुनाव के लिए 13,638 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें से महिलाओं के लिए विशेष रूप से 68 पिंक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं 68 मॉडल मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पोलिंग बूथों पर सुरक्षा का खास ध्यान रखा जा रहा है। ऑपरेशन सेल एवं इलेक्शन के डीसीपी आनंद कुमार मिश्रा ने कहा कि एमसीडी चुनाव के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर 40 हजार पुलिसकर्मी तैनात हैं। इसके साथ ही करीब 20 हजार होमगार्ड्स भी तैनात किए हैं। इनमें यूपी, राजस्थान और हरियाणा के जवान शामिल हैं। इसके साथ ही सीएपीएफ और एसएपी की 108 कंपनियां भी महत्वपूर्ण बूथों/संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात हैं।

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने संचालन समिति की बैठक में दिया जवाबदेही पर जोर

**-खड़गे ने कहा- जिम्मेदारी निभाने में अक्षम नेताओं को नए साथियों को देना चाहिए मौका**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को नवगठित संचालन समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में खड़गे ने पार्टी में शीर्ष से लेकर नीचे तक संगठन में जवाबदेही तय करने पर बल दिया और कहा कि जिम्मेदारी निभाने में अक्षम नेताओं को नए साथियों को मौका देना चाहिए। खड़गे ने कहा कि अगर कांग्रेस संगठन मजबूत होगा, जवाबदेह होगा, लोगों की उम्मीद पर खरा उतरेगा, तो ही हम चुनावी जीत हासिल कर देश के लोगों की सेवा कर पाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने रविवार को उनके द्वारा गठित संचालन समिति के सदस्यों की पहली बैठक की। बैठक में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत शीर्ष नेता मौजूद थे। बैठक कुछ दिनों में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र से पहले हो रही है। वहीं दिल्ली में आज महत्वपूर्ण नगर निगम चुनाव हो रहे हैं और गुजरात में सोमवार को दूसरे चरण का मतदान है। पार्टी की ओर से जारी बयान के मुताबिक अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में जहां अपने कर्तव्य को निभाने वाले बहुत जिम्मेदार लोग हैं, वहीं कुछ साथियों ने यह मान लिया है कि जिम्मेदारी निभाने में कमी को नजरंदाज कर दिया जाएगा। यह न तो ठीक है और न ही मंजूर किया जा सकता। खड़गे ने कहा, पार्टी के महासचिव एवं प्रभारी सबसे पहले खुद की जिम्मेदारी तथा संगठन की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। जब तक सचिव, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष, पार्टी के विधायक व सांसद... सब महत्वपूर्ण चीजों का खाका तैयार कर जमीनी स्तर पर लागू नहीं करेंगे, हमारी जिम्मेदारी पूर्ण नहीं हो सकती। पार्टी अध्यक्ष ने महासचिवों और राज्य प्रभारियों को संगठन एवं आंदोलन का एक खाका तैयार कर अगले 15 से 30 दिन में उनसे चर्चा करने को कहा है। साथ ही निर्देश दिया कि कांग्रेस संचालन समिति के सदस्यों एवं पार्टी के अन्य नेताओं को भी जरूरत के अनुसार इस कार्यक्रम में शामिल किया जाए।

# डीसीडब्ल्यू की काउंसलर से स्नैचिंग, दिल्ली पुलिस को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आयोग में क्राइसिस इंटरवेंशन सेंटर (सीआईसी) कार्यक्रम में कार्यरत एक काउंसलर के साथ मोबाइल छीनने की घटना को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। डीसीडब्ल्यू के सीआईसी कार्यक्रम के साथ काम करने वाली एक काउंसलर ने आयोग में शिकायत दर्ज करवाई। 30.11.2022 को, सीआईसी द्वारा सौंपे गए आधिकारिक कार्य के तहत काउंसलर एक शिकायतकर्ता से मिलने सीलमपुर पुलिस स्टेशन गई थी। इसके बाद यौन उत्पीड़न एक पीड़िता की सहायता के लिए थाने से जग प्रवेश चंद्र अस्पताल जाने के लिए एक ई-रिक्शा लिया। उसने बताया



कि जब वह शास्त्री पार्क रोड के पास पहुंची तो बाइक सवार तीन लोगों ने उस पर हमला कर दिया और उसका फोन छीनने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया, तो उसे रिक्शे से बाहर खींच लिया मगर उसके पैर चलते रिक्शे में फंसे रह गए जिससे वह जमीं पर घिसट गयी। इससे उन्हें कई चोटें आई हैं। घटना के बाद रिक्शा चालक उसे शास्त्री पार्क थाने ले गया, जहां से उसे जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया और उसकी एमएलसी कराई गई। डीसीडब्ल्यू में काम करने वाली काउंसलर अक्सर विषम परिस्थितियों में काम करती हैं और उन्हें अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ती है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था कि एक काउंसलर जिसे यौन हिंसा की पीड़िता की सहायता करने के लिए नियुक्त किया गया था, उस पर खुद हमला हो गया और उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। स्वाति मालीवाल ने शास्त्री पार्क थाने के एसएचओ को नोटिस जारी कर कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मामले में की गई गिरफ्तारियों के विवरण के साथ प्राथमिकी की प्रति मांगी है। इसके अलावा, आयोग ने यह भी पूछा है कि क्या काउंसलर का फोन ढूंढ लिया गया है और उसे वापस दे दिया गया है।

# सरकार खिलौना क्षेत्र को देगी 3500 करोड़ का पीएलआई लाभ

**- यह लाभ सिर्फ बीआईएस नियमों का अनुपालन करने वाले खिलौनों के लिए ही होगा**




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सरकार भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के नियमों का अनुपालन करने वाले खिलौनों के लिए 3500 करोड़ रुपए का उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन (पीएलआई) लाभ देने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि इसका उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना निवेश आकर्षित करना और निर्यात बढ़ाना है। अधिकारी ने कहा कि खिलौना उद्योग के लिए सरकार द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू करने और सीमा शुल्क को 20 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने जैसे उपायों से देश में कम गुणवत्ता वाले आयात को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद मिली है। अब हम खिलौनों के लिए पीएलआई के विस्तार पर काम कर रहे हैं। हालांकि यह लाभ सिर्फ बीआईएस नियमों का अनुपालन करने वाले खिलौनों के लिए ही होगा। पीएलआई लाभ विभिन्न निवेश स्लैब के अनुसार दिया जा सकता है। यह 25 करोड़ रुपए से लेकर 50 करोड़ रुपए या 100-200 करोड़ रुपए तक हो सकता है। अधिकारी ने बताया कि प्रस्ताव पूरे उत्पाद पर प्रोत्साहन देने का है न कि कलपुर्जों पर क्योंकि उद्योग को अब भी कुछ कलपुर्जों को आयात करने की जरूरत होती है जो खिलौना विनिर्माण के लिए जरूरी है। ये कलपुर्जे भारत में नहीं बनते हैं। बीआईएस देश का राष्ट्रीय मानक निकाय है। यह भारतीय मानकों का विकास और उनका प्रकाशन करता है। भारत में बने खिलौनों की आपूर्ति न केवल वैश्विक ब्रांडों को हो रही है बल्कि ये वैश्विक बाजार में अपनी जगह भी बना रहे हैं। खिलौनों के अलावा सरकार इन लाभ को साइकिल जूते कुछ टीका सामग्री शिपिंग कंटेनर और कुछ दूरसंचार उत्पादों जैसे अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित करने पर विचार कर रही है।

# भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा का दिल्ली में पार्टी को नगर निगम की 210 सीट मिलने का दावा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए रविवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू हो चुका है। दिल्ली में कुल 13,665 बूथ केंद्र बनाए गए हैं। इन बूथों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को बूथ तक ले जाने के लिए ट्राई साइकिलों का इंतजाम किया गया है। भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने पार्टी को 210 सीट मिलने का दावा किया है। वर्मा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) गोवा, उत्तराखंड और यूपी में सरकार बनाने का दावा कर रही थी,



लेकिन लोग जानते हैं कि उन्हें झूठ बोलने की आदत है। राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटरों को मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति दी है। चुनाव में सुरक्षा को लेकर मतदान केंद्रों और संवेदनशील स्थानों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

# तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी कविता ने सीबीआई से दिल्ली शराब घोटाले का विवरण मांगा



**हैदराबाद, (हि.स.)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान परिषद सदस्य के कविता ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले के संबंध में सीबीआई से पूरा विवरण शिकायत की प्रतियों के साथ उपलब्ध कराने को कहा है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने कविता को इस मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। कविता ने शुक्रवार को नोटिस भेजने वाले सीबीआई अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि इन दस्तावेजों मिलने के बाद वह पूछताछ के लिए स्थान और समय तय करती हैं। सीबीआई ने शुक्रवार को कविता को 06 दिसंबर को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था। उन्हें पूछताछ के लिए अपनी सुविधा के अनुसार जगह की सूचना देने को कहा है।

# मोदी सरकार ला रही दवाओं का आधार कार्ड, 1 अगस्त 2023 से प्रभावी होगा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** नरेंद्र मोदी सरकार कुछ इस तरह सबसे ज्यादा बिकने वाली दवाओं पर क्यूआर कोड या बारकोड अनिवार्य करने के अपने नवीनतम कदम को प्रचारित करने की योजना बना रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले माह शीर्ष 300 ब्रैंड की दवाओं पर बारकोड अनिवार्य करने के लिए ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक कानून 1945 में संशोधन कर इसमें नई अनुसूची एच2 को जोड़ा। केंद्र सरकार के इस कदम का मकसद मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन के माध्यम से प्रामाणिकता और पता लगाने की क्षमता सुनिश्चित करना है। यह नियम 1 अगस्त 2023 से प्रभावी होगा। मोदी सरकार अपनी इस पहल को दवाओं के लिए आधार कार्ड के रूप में प्रचारित करेगी। इस पूरी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी ने बताया कि ये क्यूआर कोड विशिष्ट उत्पाद पहचान कोड दवा का उचित और सामान्य नाम ब्रैंड का नाम मैन्युफैक्चरर का नाम और पता बैच नंबर दवा निर्माण की तारीख दवा की एक्सपायरी डेट और मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस नंबर सहित दवाओं की सभी जानकारी रहेगी। यह हमारे आधार कार्ड के समान होगा जिसमें नाम जनसांख्यिकीय और बायोमैट्रिक जानकारी सहित हर मिनट का विवरण होता है। मोदी सरकार पूरे भारत में दवा दुकानों पर दो अन्य योजनाओं के साथ इस पहल को बढ़ावा देने की योजना बना रही है। एक अन्य अधिकारी ने कहा हम भारत भर में सभी रिटेल केमिस्ट आउटलेट्स पर इन होर्डिंग्स और बैनरों को अनिवार्य करने की योजना बना रहे हैं।

# द अंडमान सागर में साइक्लोन उभरने से दक्षिण के राज्यों में जोरदार वर्षा की चेतावनी उ भारत में बढ़ेगा कोहरा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दक्षिण अंडमान सागर में एक चक्रवात उभरने की संभावना है। इसके असर से 5 दिसंबर तक दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और इससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र (एलपीए) बनने की संभावना है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। 7 दिसंबर की सुबह तक यह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पूर्व पर केंद्रित हो सकता है। इसके बाद इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ना जारी रहने और 8 दिसंबर की सुबह तक उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी और आसपास के दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों के पास बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी तक पहुंचने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि इसके कारण 4 तारीख को निकोबार द्वीप समूह और 5 दिसंबर को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारी बारिश के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जबकि 8 दिसंबर को उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी और आसपास के दक्षिण आंध्र प्रदेश में भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ अधिकांश स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। 4 और 5 दिसंबर को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और अंडमान सागर में तूफानी मौसम (40-45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की हवा) की संभावना है। जबकि 5 और 6 दिसंबर को दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में तेज हवाएं (45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 65 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से) चलने की संभावना है। 6 और 7 दिसंबर को दक्षिण पश्चिम और उससे सटे दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर तूफान का असर देखा जा सकता है। मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे 4 और 5 दिसंबर को अंडमान सागर में न जाएं। 5 दिसंबर को उत्तर भारत के हिमाचल प्रदेश पंजाब हरियाणा और उत्तर प्रदेश में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। जबकि अगले 24 घंटों के दौरान देश के पूर्वी हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होने की संभावना है। उसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।

# नौसेना दिवस पर तीनों सेना प्रमुखों ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**- हम भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा, संरक्षण और संवर्धन के लिए हर समय तैयार : नौसेनाध्यक्ष**

**- समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सफेद रंग की वर्दी वाले सैनिकों को बधाई : रक्षा मंत्रालय**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नौसेना दिवस पर रविवार को तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट में बमबारी और कराची बंदरगाह को नष्ट करने की शानदार उपलब्धि की सराहना करते हुए नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस साल पहली बार नौसेना दिवस समारोह राष्ट्रीय राजधानी के बाहर विशाखापत्तनम में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विशिष्ट अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की गवाह बनेंगी। इस कार्यक्रम में नौसेना 'ऑपरेशनल डेमोंस्ट्रेशन' के माध्यम से भारत की लड़ाकू शक्ति और क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान के साथ 1971 में युद्ध के दौरान 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' में भारतीय नौसेना की भूमिका और उपलब्धियों को याद करने के लिए भारत हर साल 04 दिसंबर को नौसेना दिवस के रूप में मनाता है। सशस्त्र बलों के प्रमुख सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और वाइस आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू ने नौसेना दिवस के अवसर पर नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने इस मौके पर कहा कि हम भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा, संरक्षण और संवर्धन के लिए हर समय तैयार हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना के सभी कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना त्रुटिहीन समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करके हमारे देश को सुरक्षित रखने में सबसे आगे है। राष्ट्र को भारतीय



नौसेना के शौर्य, साहस, प्रतिबद्धता और व्यावसायिकता पर गर्व है। थल सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और भारतीय सेना के सभी रैंकों ने भारतीय नौसेना के सभी रैंकों, दिग्गजों और परिवारों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना का गौरव और सफलता हमेशा बनी रहे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और भारतीय वायुसेना के सभी कर्मियों ने नौसेना दिवस के अवसर पर भारतीय नौसेना को बधाई और शुभकामनाएं दी। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना कर्मियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना की नीली पानी की क्षमता देश को दुनिया भर में अपनी पहुंच और सौम्य प्रभाव का विस्तार करने में मदद करती है। सरकार हमारी नौसेना को आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान देने के साथ आधुनिकीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया कि सफेद रंग की वर्दी वाले सभी पुरुषों और महिलाओं को बधाई, जो हमारी समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। राष्ट्र अपने समुद्री बल की वीरता और बहादुरी को सलाम करता है। भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक वीएस पठानिया ने भारतीय नौसेना के सभी रैंकों, भूतपूर्व सैनिकों और परिवारों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं दी। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत डायनामिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ मिश्रा (सेवानिवृत्त) ने नौसेना के योद्धाओं, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की सेवा करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बीडीएल स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके विश्व स्तरीय हथियारों का उत्पादन करके भारतीय नौसेना को 'आत्मनिर्भर' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# केंद्र सरकार सभी आधारकार्ड धारकों को दे रही 80000 रुपये, फर्जी मेसेज हो रहा वायरल

**मुंबई (ईएमएस)।** इन दिनों सोशल मीडिया पर एक मैसेस वायरल हो रहा है जिसमें दावा किया जा रहा है कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री क्रेडिट योजना के तहत सभी आधार कार्ड धारकों के खाते मे 80000 रुपये की नकद राशि दे रही है. अगर आपके सामने से भी आधार कार्ड से जुड़ा ये वीडियो गुजरा है तो किसी भी फ्रॉड से बचने के लिए सही जानकारी जरूर लें. सावधानी और जागरूरकता से ही बचाव संभव है. दरअसल सरकारी अपडेट नामक यूट्यूब चैनल के इस वीडियो में दावा किया गया है कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री क्रेडिट योजना चला रही है और इस योजना के तहत सभी आधार कार्ड धारकों को उनके खाते में 80000 रुपये की राशि दी जा रही है. वीडियो में ये भी कहा गया है कि योजना भारत के सभी 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में लागू की जा चुकी है. वीडियो में आगे कहा गया है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए उम्र सीमा 18 से 62 वर्ष तक रखी गई है. वीडियो में लोगों से उनके राज्य का नाम कमेंट बॉक्स में बताने को भी कहा जा रहा है. अब केंद्र सरकार के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पीआईबी फैक्ट चेक से इस बारे में ट्वीट कर जानकारी दी गई है कि यह दावा फर्जी है और केंद्र सरकार की ओर से ऐसी कोई योजना नहीं चलाई जा रही है.

# विपक्ष ने विधानसभा सत्र ठप करने की बनाई रणनीति

**कानपुर, (हि.स.)।** विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र को ठप करने की रणनीति विपक्ष ने तैयार कर ली है। सपा विधायक इरफान सोलंकी के मामले को लेकर पार्टी के विधायकों ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से सहमति ले चुके हैं। कानपुर महानगर के दोनों सपा विधायक अमिताभ बाजपेई और मो हसन रूमी के नेतृत्व में पूरी रणनीति तैयार की जा रही है। पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से अनुमति ले लिया है। जाजमऊ थाने में इस क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने सपा विधायक इरफान सोलंकी पर घर जलाने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं विधायक पर फर्जी आधार कार्ड तैयार कराकर दिल्ली से मुंबई यात्रा करने के मामले में भी मुकदमा दर्ज किया गया है। सपा विधायक पर लगाए आरोपों को गलत बताते हुए इसे पुलिस की ओर से शीघ्रता में की गई कार्रवाई बता रही है। मामले को लेकर सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने 11 विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल जांच के लिए कानपुर भेजा था। इस पूरे प्रकरण को सपा प्रतिनिधिमंडल ने साजिश बताया।

**विधानसभा सत्र के पहले दिन नहीं शामिल हो पाएंगे इरफान –** विधानसभा के विशेष सत्र में शामिल होने के लिए सपा विधायक इरफान सोलंकी ने न्यायालय में दस्तावेज प्रस्तुत करने



का पूरा प्रयास किया। लेकिन शनिवार को नहीं दाखिल नहीं हो सका। विधायक ने अधिवक्ता को इस कार्य के लिए लगाया है। सूत्रों की मानें ते सपा विधायक ने जेल अधीक्षक से भी सोमवार को विधानसभा सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी है। लेकिन उनकी यह इच्छा शनिवार को पूरी नहीं हो सकी। हालांकि सोमवार को पुनः न्यायालय खुलने के बाद यह अर्जी प्रस्तुत की जाएगी। न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद ही इरफान विधानसभा सत्र में शामिल हो पायेंगे।

**सपा विधायक की जांच अर्जी को विधानसभा अध्यक्ष ने किया स्वीकार –** उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना कानपुर के वासी हैं। उनसे सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने विधायक इरफान सोलंकी पर की गई कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए जांच कराने की मांग की है। इसके लिए शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से एक पत्र भी अमिताभ बाजपेई को मिला है। अमिताभ बाजपेई और उनकी पार्टी सोलंकी मामले को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज उठाएंगे।

**बर्दाश्त नहीं करेंगे पुलिया उत्पीड़नः अमिताभ बाजपेई –** समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि इरफान को लेकर जिस तरह से पुलिस ज्यादती कर रही है। इस मामले को विधानसभा सत्र में मजबूती से उठाएंगे। अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से यह भी मांग करेंगे। इस मामले में विधायकों की जांच कमेटी बनाई जाए।

# हिन्दू संस्कृति विश्व की प्राचीनतम सनातन संस्कृति का स्वरूपः अमरेश चन्द्र

**सोनभद्र, (हि.स.)।** राबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत पकरी के पंचायत भवन पर रविवार की सुबह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत द्वारा स्वयंसेवक संगम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अमरेश चंद्र पांडेय ने संगठित हिन्दू समर्थ भारत विषय पर बौद्धिक उद्बोधन में कहा कि, हिंदू संस्कृति विश्व की प्राचीनतम सनातन संस्कृति का ही एक स्वरूप है, जिसका फैलाव पूरी दुनिया में रहा है। पिछले एक हजार वर्षों से दुनिया की इस सर्वाधिक समृद्ध संस्कृति पर भिन्न-भिन्न प्रकार से अनेक आक्रमण हुए हैं, जिस कारण सांस्कृतिक ह्रास की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस समस्या को लेकर परम पूज्य डॉक्टर साहब ने कुछ लोगों को संगठित कर उसी पुराने वैभवशाली स्थिति में लाने का जो प्रयास शुरू किया था वह अब फलीभूत होता दिखाई दे रहा है। संघ के स्वयंसेवक पूरी दुनिया में हिन्दू समाज को संगठित कर भारत को पुनः अपने उसी स्वर्णिम युग में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। डॉक्टर साहब के इस प्रयास से हम सभी स्वयंसेवकों को भारत का गौरव पुनः स्थापित करने का मौका मिला हुआ है, जिसे पूरी तन्मयता से आगे बढ़ाने की जरूरत है। ताकि भारत पुनः अपनी श्रेष्ठता पूरी दुनिया में स्थापित कर सकें।

# 23 वां राष्ट्रीय वनवासी खेलकूद व सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारी शुरू

**–सेवा समर्पण संस्थान के सेवाकुंज कारीडाड़ में होगा आयोजन**

**–नेपाल व जम्मू- कश्मीर सहित कई राज्यों के होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**सोनभद्र (हि.स.)।** सेवा समर्पण संस्थान के सेवाकुंज चकचपकी कारीडाड़ के प्रांगण में 25 दिसम्बर से राष्ट्रीय खेलकूद व सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन होना है, इसकी तैयारी को लेकर आयोजन समिति के लोगों ने कार्यक्रम स्थल व खेल मैदान का जायजा लिया। इस कार्यक्रम में नेपाल समेत उत्तर प्रदेश ,छत्तीसगढ़ ,मध्यप्रदेश, बिहार ,झारखंड, सिक्किम, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, पं. बंगाल सहित दो दर्जन से अधिक राज्यों की टीम इस महोत्सव में प्रतिभाग कर अपनी संस्कृति और कला का प्रदर्शन करेगी। प्रान्त सह सगठन मंत्री आनन्द जी ने बताया कि इस बार जम्मू कश्मीर के कलाकार और खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान तीरन्दाजी के साथ साथ कबड्डी ,खो-खो सहित विभिन्न राज्यों की संस्कृति एव कला का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में 2000 प्रतिभागी पहुंचेंगे। इनके ठहरने और खेलकूद और सांस्कृतिक उत्सव के आयोजन की जानकारी रविवार को आयोजन समिति के लोगों ने लिया। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री पंकज जी ,प्रांत सह संगठन मंत्री आनंद जी, सह मन्त्री आलोक चतुवेर्दी ,अध्यक्ष डॉ. लखन राम जंगली, कृष्णा कुमार, केंद्र प्रमुख कृष्ण गोपाल, शशांक मित्तल, राम प्रकाश पांडे, देवनारायण खरवार, सूर्यकांत दुबे और अमर देव पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कमल कांत राय बने अध्यक्ष, नीरज गुप्ता को मंत्री की जिम्मेदारी



**– लोकतंत्र सेनानी कल्याण परिषद मुरादाबाद का वार्षिक चुनाव सम्पन्न**

**मुरादाबाद (हि.स.)।** लोकतंत्र सेनानी कल्याण परिषद मुरादाबाद का वार्षिक चुनाव रविवार को विधिवत रूप से वनबटा गंज स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। संस्था का चुनाव चुनाव अधिकारी रघुवीर सिंह ने संपन्न कराया। चुनाव अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि लोकतंत्र सेनानी कल्याण परिषद मुरादाबाद के अध्यक्ष कमल कांत राय, उपाध्यक्ष सोमदेव नागपाल और सुधा रस्तोगी, कोषाध्यक्ष शरद चंद्र गोयल, प्रचार प्रमुख शिवेंद्र कुमार पाठक, मंत्री नीरज गुप्ता, सह मंत्री मंत्री सुनील शर्मा निर्विरोध चुने गए। इसके साथ ही सुभाष गुप्ता संरक्षक मंडल के सम्मानित सदस्य मनोनीत हुए। चुनाव सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# आयुष कॉलेजों में फर्जी दाखिले की हो सीबीआई जांचः रालोद

**लखनऊ, (हि.स.)।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने आयुष कॉलेजों में फर्जी दाखिले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। राज्य सरकार की ओर सीबीआई जांच की सिफारिश की गई बावजूद सीबीआई से अब तक इस संबंध में कोई पहल ना किए जाने को रालोद ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। रालोद के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह 891 फर्जी दाखिले संबंधी तथ्य सामने आए हैं उससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि यह गोरखधंधा सिर्फ आयुष और यूनानी कॉलेजों तक ही सीमित नहीं है बल्कि फर्जी दाखिला करवाने वालों का नेटवर्क अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी फैला हो सकता है। यह सब बिना किसी बड़े आका की सरपरस्ती के संभव नहीं है। इसलिए यथाशीघ्र केंद्र सरकार को सीबीआई को इस फर्जी दाखिले की जांच के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि प्रतियोगी छात्रों के भविष्य के साथ न्याय हो सके। साथ ही भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा न होने की स्थिति में हम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# गीता सम्पूर्ण मानव जाति को ज्ञान देती है : महन्त नृत्य गोपाल दास

**– मणि राम दास छावनी में हजारों ब्राह्मण बटुकों, वैदिक विद्ववानों,सन्तों ने किया सस्वर गीता पाठ**

**अयोध्या, (हि. स.)।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास महाराज ने रविवार को वाल्मीकि रामायण भवन में आयोजित गीता जयंती के अवसर पर कहा गीता सिर्फ हिंदू धर्म का मार्गदर्शन ही नहीं करती है, बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति को ज्ञान देती है। गीता भारतीय संस्कृति की आधारशिला है। हिन्दू शास्त्रों में गीता का सर्वप्रथम स्थान है। श्रीमदभागवत गीता जयंती के अवसर पर वाल्मीकि रामायण भवन में हजारो की संख्या में उपस्थित वैदिक विद्वान,बटुकों और संत धमार्चार्यों ने श्रीमद्भागवद्गीता का सस्वर पाठ किया। अपने आशिर्वाद में ट्रस्ट अध्यक्ष ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया ज्ञान गीता में लिखा गया, ये मनुष्य जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है। गीता का आरंभ धर्म से तथा अंत कर्म से होता है। उन्होंने कहा कि गीता मनुष्य को प्रेरणा देती है। मनुष्य का कर्तव्य क्या है ? इसी का बोध करवाना गीता का लक्ष्य है। उत्तराधिकारी महंत कमलनयन ने कहा महाभारत युग में जो कुछ घटित होता है, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि तत्कालीन समाज में मानवीय व्यवहार के अधिकांश मानक ध्वस्त हो चले थे। पाण्डवों के साथ अन्याय हुआ, यह बात जानते तो बहुत लोग थे ,पर उनके समर्थन में आने का साहस मुट्ठी भर लोगों ने किया और यहीं से असत्य,कदाचार, पापाचार अनाचार को जड़ मूल से समाप्त करने का पांचजन्य फूंककर श्रीमदभगवदगीता का जन्म हुआ। इस अवसर पर कथावाचक पं. राधेश्याम शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मात्र 45 मिनट में मोहग्रस्त अर्जुन मे 701 श्लोकों द्वारा लोकहित में ज्ञान का संचार कर समाज को भयमुक्त करने वाला जो मंत्र दिया, उस महामंत्र रूपी गीता में कहा कि एतातन्न हन्तुमिच्छामि ध्नतो पि मधुसूदन /अपि त्रैलोक्य राज्यस्य हेतोःकिन्तु महीकृते।मोहग्रस्त अर्जुन को योगेश्वर कृष्ण



समझाते हैं "अर्जुन तुम कहते हो युद्ध से हानि होगी, कुल -धर्म, जाति -धर्म सब नष्ट होगा जायेगा। तुम कहते हो कि मैं भीख मांगकर जीवन-यापन कर सकता हूँ, पर तुम यह क्यों नहीं सोचते कि "लोक -हित का क्षेत्र कुल और जाति-हित से बड़ा होता है ।तुम यदि कुल -हित और जाति -हित के मोह युद्ध से विरत होने का निर्णय लेते हो तो इससे लोक -हित की अपूरणीय क्षति होगी। क्या लोक को अन्याय मुक्त करना तुम्हारा धर्म नहीं है ?उन्हो ने कहा आज का युग परमाणु युद्ध की विभीषिका से भयभीत है। ऐसे में गीता का उपदेश ही हमारा मार्गदर्शन कर सकता है ।आज का मनुष्य प्रगतिशील होने पर भी किंकर्त्तव्य- विमूढ़ है। अतः वह गीता से मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने जीवन को सुखमय और आनन्दमय बना सकता है। समारोह में उपस्थित विहिप नेता शरद शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की वाणी से प्रकट हुई श्रीमदभगवदगीता का हम पठन-पाठन करें तो हमारा जीवन लोक-हितकारी राष्ट्र को गौरवशाली बनाने मे सहयोगी बन जायेगा। लेकिन दुर्भाग्य है इस राष्ट्र का कि जिस धरती पर श्रीमद्भागवत गीता का जन्म हुआ वहीं इस महाग्रंथ को सर्वसुलभ और लोक कल्याणकारी नहीं बनाया जा रहा है। उन्होंने स्मरण कराते हुए कहा कि गीता जयंती का यह दिन इस अयोध्या के लिए अति महत्वपूर्ण है। छः दिसंबर 1992 को हिन्दी तिथिनुसार गीता जयंती थी। जिस दिन गुलामी का प्रतीक ढांचा समाप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान वैदिक बटुकों, विद्वानों तथा संत-धमार्चार्यो को अंगवस्त्र,मिष्ठान, दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया।

# कोडरमा में पत्थर का मलबा गिरने से ट्रेन का परिचालन बाधित

**कोडरमा, (हि.स.)।** बरकाकाना रांची रेलखंड पर शनिवार रात पत्थर का मलबा गिरने से रेलवे परिचालन घंटों बाधित रहा। पत्थर का मलबा जवाहर पुल के पास वाली रेल पटरी पर गिरी। घटना के बाद पटरी से मलबा हटा दिया गया है। मलबा हटने के बाद मालगाड़ी का परिचालन सुचारू रूप से चालू हो गया है। उल्लेखनीय है कि पटरियों के नॉन इंटरलॉकिंग का काम हो रहा है। इसलिए पिछले कुछ दिनों से इस



ट्रैक पर पैसेंजर ट्रेन नहीं चल रही है। रेल पटरी और बरही से कोडरमा तक निमार्णाधीन फोरलेन सड़क के बीच पहाड़ है। यह भी बताया जाता है कि फोर लेन निर्माण के दौरान जैसे तैसे पत्थर काट लिए गए और इस वजह से पहाड़ से पत्थर का मलबा गिर जाता है। इस वजह से यहां अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती है। पिछले साल भी इसी जगह पर मलबा गिरा था, जिसकी वजह से ट्रेनों का परिचालन बाधित हुआ था। यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

# राजस्व न्यायालयों में वादों का नहीं हो रहा समय पर निष्पादन, मुख्यमंत्री गंभीर

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी जिलों में लंबित राजस्व वादों का निष्पादन समय पर करने का निर्देश दिया है। यह बात विभाग की समीक्षा में सामने आयी थी कि राजस्व न्यायालयों में वादों का निष्पादन नहीं किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर वाद लंबित हैं। पूरा मामला राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष भी रखा गया है। मुख्यमंत्री ने इस पर काफी नाराजगी जताी थी और राजस्व न्यायालयों को सप्ताह में कम से कम पूर्व से निर्धारित दो दिनों को अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग ने राजस्व वादों के निष्पादन के क्रम में लंबित वादों की सूची तैयार करते हुए पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई के लिए लिस्ट करने का निर्देश दिया है। इसकी समीक्षा भी नियमित रूप से राज्य के मुख्य सचिव करेंगे। राजस्व भूमि सुधार एवं निबंधन विभाग ने भू-अर्जन के मामलों में लंबित भुगतान की कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है और ऐसे मामलों का जल्द से निपटारा को कहा है। सड़क, भवन इत्यादि अन्य कार्यों के लिए भू-अर्जन करने को कहा है। विभाग की वेबसाइट पर अपलोड होने वाले अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक करने को कहा है।

# पूर्ण स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न होगा नगरपालिका आम निर्वाचन

**बेतिया, (हि.स)।** राज्य निर्वाचन आयुक्त, बिहार के तत्वावधान में नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 की तैयारी की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस दौरान निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को सूचना दिया जाना, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव प्रसार-प्रसार की अनुमति, कोषांग का गठन, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केंद्र, वज्रगृह एवं मतगणना स्थल, कार्मिकों का प्रशिक्षण, मतदान सामग्री की व्यवस्था, वाहन अधिग्रहण, ईवीएम क्लस्टर एवं क्लस्टर प्रभारी, कम्युनिकेशन प्लान में प्रविष्टि, आदर्श आचार संहिता, विधि-व्यवस्था संधारण सहित अन्य विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। नगरपालिका -सह-जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन के निमित किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी राज्य निर्वाचन आयुक्त, बिहार को दी गयी तथा बताया गया कि सफलतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां दिशा-निर्देश के अनुरूप की जा रही है। इसके उपरांत नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 को पूर्ण स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, परिवहन कोषांग, बज्रगृह एवं मतगणना कोषांग, आदर्श आचार संहिता-सह-विधि व्यवस्था कोषांग, मीडिया कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मतपत्र/बैलेट बॉक्स कोषांग, कोविड/सैनेटाइजेशन कोषांग, कार्मिक कल्याण कोषांग, व्यय लेखा कोषांग, कम्यूनिकेशन प्लान, जिला नियंत्रण कक्ष, हेल्प लाइन कोषांग सहित अन्य कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी।

# हेमंत सरकार विफलता छिपाने की कर रही कोशिश : आजसू

**मेदिनीनगर, (हि.स.)।** आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर खतियान जोहार यात्रा करके लोगों को भ्रम में डालने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन लोग अब भलीभांति समझ गए हैं कि सरकार अपनी विफलता छिपाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के बिना पंचायत चुनाव कराया। इसके बाद पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कैबिनेट में निर्णय लिए। तुरंत बाद पिछड़ा वर्ग को जनरल केटेगरी में रखकर निकाय चुनाव कराने की घोषणा



कर दी। पुनः विधान सभा का विशेष सत्र बुलाकर 1932 खतियान और आरक्षण का मुद्दा को लागू नहीं कर भटकाया और केंद्र सरकार के पाले गेंद फेंक कर अपनी पीठ थपथपाई। चुनावी घोषणा पत्र से एक भी काम आज तक नहीं किया।

# देश से विदेश तक खेल को प्रोत्साहित कर रही है नरेन्द्र मोदी की सरकार : गिरिराज सिंह

**–आईपीएल के तर्ज पर बीपीएल का शुभारंभ**

**बेगूसराय, (हि.स.)।** आईपीएल की तर्ज पर स्थानीय स्तर पर होने वाले क्रिकेट के महाकुंभ बीपीएल (बेगूसराय प्रीमियर लीग) का शुभारंभ रविवार से बेगूसराय में हो गया। केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने ट्रॉफी का अनावरण एवं मून राइज बेगूसराय और राइजिंग स्टार नौला की टीम से परिचय प्राप्त करने के बाद बल्ला चला कर बीपीएल का शुभारंभ किया। गिरिराज सिंह जब उद्घाटन के लिए बल्ला लेकर पहुंचे तो सामने से गेंदबाजी कर रहे थे भाजपा मीडिया सेल के प्रदेश संयोजक विधायक कुंदन कुमार। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि बेगूसराय में एक ही मैदान है जहां क्रिकेटर क्रिकेट को बेहतर बनाना चाहते हैं। बेगूसराय में छह साल से लगातार बीपीएल का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय के इस गांधी स्टेडियम की स्थिति काफी दुखद है। इंडियन ऑयल के बरौनी रिफाइनरी से बात हुई है, अगर राज्य सरकार स्टेडियम के जीर्णोद्धार की व्यवस्था नहीं करेगा तो बरौनी रिफाइनरी के सीएसआर फंड से जल्द ही इसका नव निर्माण किया जाएगा। खेल सामाजिकता और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है। खेल से राजनीतिज्ञों को सीख लेनी चाहिए, जहां की दोनों टीम गले मिलते हैं। चुनाव में विनर गाजा बाजा के साथ निकलते और रनर चुपके से जाते हैं, लेकिन खेल में विनर से पहले रनर को ही सम्मान मिलता है। गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेल के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। भारत सरकार ने खेल को प्रोत्साहन दिया, सिर्फ बजट नहीं बढ़ाया गया, बल्कि देश से विदेश तक ट्रेनिंग के लिए व्यवस्था की गई, एथलीटों को भेजा गया। ओलंपिक में पहले भी भारतीय मैडल लेकर आते थे, लेकिन उनकी संख्या बताने लायक नहीं रहती है, अब तो मैडल की भरमार लग रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार नेशनल लेवल पर खेलने वालों को नौकरी देने की बात करती है, इस पर विचार करना चाहिए। जो भी क्रिकेटर रणजी खेले, स्टेट का नेतृत्व करे, उसे उचित सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल के बगैर कोई चीज पूर्ण नहीं होता है, खेल चौमुखी विकास का माध्यम है, बिहार में इसे और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। हरियाणा सहित कई राज्यों में खेल के लिए मेडिकल की तरह तैयारी कराया जाता है। बिहार सरकार को भी उसी तरह प्रोत्साहित करना चाहिए। बेगूसराय बिहार में स्पोर्ट का हब है, यहां कबड्डी और वॉलीबॉल के साथ लगातार क्रिकेट खेले जाते हैं। यहां कई जिलों से खिलाड़ी खेलने आ जाते हैं, यह बीपीएल प्रेरणा देते हुए मील का पत्थर साबित होगा। विधायक कुंदन कुमार ने कहा कि सरकार खेल को प्रोत्साहित कर रही है,। बिहार में भी सरकार द्वारा खेल विश्वविद्यालय खोलने की बात की गई है। लेकिन आधारभूत संरचना का सही तरीके से विकास नहीं हो रहा है।

# यूरोपीय विमर्श नहीं कर, आरएसएस को समझने शाखा में आएं राहुल गांधी : राकेश सिन्हा

**बेगूसराय, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विचारक राज्यसभा सदस्य प्रो. राकेश सिन्हा ने राहुल गांधी द्वारा संघ पर नफरत फैलाने के आरोप का खंडन करते हुए, राहुल गांधी से संघ की शाखा में आने का आह्वान किया है। प्रो. राकेश सिन्हा ने रविवार को बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी संघ फोबिया से ग्रस्त हैं। इसी फोबिया के कारण वे बिना जाने समझे तथ्य से अलग हटकर बयान देते हैं। राहुल गांधी बताएं कि कांग्रेस में महिलाओं को कितना स्थान दिया जाता है। अगर महिलाओं को स्थान दिया जाता है तो अपने आप को कांग्रेस नेता पद से हटाकर प्रियंका गांधी को नेता घोषित करें। राकेश सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी को पता नहीं है कि राष्ट्रीय सेविका समिति नाम का संगठन देश में महिलाओं का सबसे बड़ा संगठन है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है। राहुल गांधी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझने के लिए कुछ दिन संघ की शाखा में आना चाहिए। तब उनकी आलोचना में नैतिकता होगी, तथ्यात्मकता होगी लेकिन राहुल गांधी भारत विमर्श से दूर यूरोपीय विमर्श में शामिल हैं, इसी यूरोपीय विमर्श से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देखने की



कोशिश करते हैं। बदरुद्दीन द्वारा हिंदू समाज पर दिए गए नफरत भरे बयान पर राकेश सिन्हा ने कहा है कि बदरुद्दीन का बयान सांप्रदायिकता का प्रतीक है, हिंदू समाज की महिलाओं पर यह आघात है। कोई व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में ऐसी बयानबाजी करे, यह निंदनीय है। बदरुद्दीन ने हिंदू महिला-पुरुषों पर आरोप लगाया कि उनके अनैतिक संबंध शादी पूर्व होते हैं, यह गलत है। ऐसे बयान के लिए बदरुद्दीन को गिरफ्तार कर लेना चाहिए, उस पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। ऐसे बयान को कभी माफ नहीं किया जा सकता है, यह सिर्फ हिंदू समाज नहीं, पूरे महिला समाज पर आघात है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से बराबर सामने आ रहे विवादास्पद मामलों को लेकर राकेश सिन्हा ने कहा कि हिंदू समाज पर गलत ताकतें बार-बार आघात करती है। जेएनयू में यह प्रवृत्ति राहुल गांधी और सीताराम येचुरी जैसे नेताओं के समर्थन से बनी है। इन लोगों के प्रोत्साहन से हिंदू समाज को विखंडित करने का प्रयास किया जाता है। राहुल गांधी और सीताराम येचुरी जैसे लोग जातीय विमर्श को घटिया स्तर पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। जिन लोगों ने ऐसा किया है वे राष्ट्र विरोधी ताकते हैं, सिर्फ देश के भीतर के ही नहीं, बाहर की ताकतें भी भारत की बढ़ती हुई हैसियत को कमजोर करने के लिए ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करते रहती है।

## संपादकीय

# सर्वोच्च आर्थिक विकास दर

**देश** के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह बढ़ोतरी दर दूसरी तिमाही, यानी जुलाई-सितंबर के दौरान, की है। हालांकि अप्रैल-जून तिमाही की आर्थिक विकास दर की तुलना में यह आधी है, लेकिन वैश्विक आर्थिक मंदी, महंगाई और रूस-यूक्रेन युद्ध की निरंतरता के बावजूद हमारी दर विश्व में सर्वोच्च है। शीर्ष आर्थिक संस्थान भी इसे सत्यापित कर रहे हैं। चीन, अमरीका, जापान और जर्मनी सरीखे विकसित देशों की विकास दर, भारत की तुलना में, आधी या एक-तिहाई अथवा उससे भी कम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक, जीडीपी वृद्धि दर में फिलहाल सुस्ती का माहौल है, तब भी विकास दर बढ़ती जा रही है। बीते वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही में यह दर 8.4 फीसदी थी, लेकिन फिर भी रेटिंग एजेंसियों और विशेषज्ञों के आकलन के ही मुताबिक बढ़ोतरी दर रही है। संतोष यह होना चाहिए कि हम कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों से निजात पा रहे हैं और दुनिया में सबसे तेज उभार हमारी अर्थव्यवस्था का है। दूसरी तिमाही में करीब 38.16 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि आर्थिक विकास दर की हकीकत भारतीय रिजर्व बैंक की भविष्यवाणी के अनुरूप ही है। वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के दौरान विनिर्माण, उत्पादन करीब 5.98 लाख करोड़ रुपए का रहा, जो करीब 4.3 फीसदी कम है। विनिर्माण और खनन क्षेत्रों में नकारात्मक बढ़ोतरी चिंतित करने वाली है। अलबत्ता सेवा क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन किया है, क्योंकि बीते साल इसी तिमाही में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान यह क्षेत्र बमुश्किल सांस ले पा रहा था। विमानन कंपनियां अब भी यात्रियों के मामले में कोरोना-पूर्व के स्तर तक नहीं पहुंच पाई हैं। अर्थव्यवस्था के सकल मूल्य में जो वृद्धि सामने आई है, वह दूसरी तिमाही के दौरान 35.05 लाख करोड़ रुपए की है। यानी 5.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारत सरकार का सालाना बजट ही 39 लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा है, लिहाजा अर्थव्यवस्था का सकल मूल्य उम्मीदें साकार कर रहा है। इस तिमाही के दौरान जहां तक निवेश का सवाल है, तो उत्पादन में एक निश्चित निवेश बढ़ा है और सरकार के पूंजीगत व्यय में भी बढ़ोतरी की गई है, लिहाजा सामान्य माहौल बनता हुआ महसूस हो रहा है। संपर्क गहन सेवाओं के क्षेत्रों में भी सकारात्मक प्रभाव दिख रहे हैं। नया निवेश 10.4 फीसदी की दर से 13.21 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है। निजी उपभोग, खपत में भी 9.7 फीसदी का विस्तार हुआ है। दूसरी तिमाही में यह 22.29 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इनके अलावा व्यापार, परिवहन, होटल आदि संपर्क आधारित क्षेत्रों में 14.7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिससे 6.49 लाख करोड़ रुपए मिले हैं। ये क्षेत्र रोजग़ार के महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। कमोबेश कम हुनर वाले श्रम-बल को भी इन क्षेत्रों में रोजग़ार मिलता रहा है।

चीन, अमरीका, जापान और जर्मनी सरीखे विकसित देशों की विकास दर, भारत की तुलना में, आधी या एक-तिहाई अथवा उससे भी कम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक, जीडीपी वृद्धि दर में फिलहाल सुस्ती का माहौल है, बत भी विकास दर बढ़ती जा रही है। बीते वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही में यह दर 8.4 फीसदी थी, लेकिन फिर भी रेटिंग एजेंसियों और विशेषज्ञों के आकलन के ही मुताबिक ब ढ़ोतरी दर रही है। संतोष यह होना चाहिए कि हम कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों से निजात पा रहे हैं और दुनिया में बससे तेज उभार हमारी अर्थव्यवस्था का है दूसरी तिमाही में करीब 38 .16 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि आर्थिक विकास दर की हकीकत भारतीय रिजर्व बैंक की भविष्यवाणी के अनुरूप ही है।

दरअसल कोरोना महामारी से जो आर्थिक नुकसान हुआ था, उसकी लगभग भरपाई हो चुकी है। इस तिमाही के दौरान सकल कर राजस्व 13.9 लाख करोड़ रुपए प्राप्त किया गया, जो करीब 18 फीसदी ज्यादा रहा। फिर भी जीडीपी दर और सरकार की बहाली दर में अपेक्षाकृत मजबूती नहीं देखी गई। बहरहाल अर्थव्यवस्था में सब कुछ औसतन ठीक-ठाक दिखाई दे रहा है, लेकिन बुनियादी सवाल है कि कृषि को छोड़ कर अन्य असंगठित क्षेत्र को शामिल क्यों नहीं किया गया? उसके बिना सही तस्वीर सामने कैसे आ सकती है?

## कुछ अलग

# वोट डालने से पहले सोचिएगा

**नेताओं** का क्या है, उनके पास तो कई प्रकार के इवेंट हैं। इस पार्टी के पास ये वाला है तो दूसरी पार्टी के पास वो वाला। किसी के पास गायक हैं तो किसी के पास अभिनेता। कोई पूर्वांचल से पकड़कर लाया गया है तो कोई उत्तरांचल से। किसी ने मैथिल लोगों के साथ बंद कमरों में मीटिंग की है तो कोई बंगालियों से बोल रहा है आमी तोमाके भालोबाशी। पर दिल्ली वालों, कल आपको ध्यान यह रखना है कि आपकी कॉलोनी, मोहल्ले और गली की दिक्कतों को दूर करने के लिए जरूरी क्या है। जाति, भाषा, क्षेत्र या धर्म या फिर प्रत्याशी का ईमान, नीयत और अच्छी समझ। चुनाव चाहे लोकसभा का हो, विधानसभा का या फिर पार्षद का। सोचिए हर बार बड़े-बड़े वादों के बावजूद समस्याएं कम होने के बजाय बढ़ती क्यों चली जाती हैं? जवाब आप के भीतर है। सच तो यह है कि चुनाव में जिस मुद्दे को सोचकर ज्यादातर लोग वोट देते हैं, जीतने के बाद अपने प्रत्याशी और राजनीतिक दल से उन्हें वही मिलता है। अब इस रविवार वोट देने से पहले मतदान की लाइन में जरा सोचिएगा कि आप किसे वोट देने जा रहे हैं और क्यों? राजनीतिक दल को या प्रत्याशी को। अब पार्षद के चुनाव में भी प्रत्याशी को न देखकर किसी राजनीतिक दल को जिताने के लिए वोट देने जा रहे हैं तो फिर यह तय है कि आप की प्राथमिकता में भी सियासत ऊपर है और समस्याओं का हल नीचे। अगर वाकई किसी खास प्रत्याशी को वोट देने जा रहे हैं तो कुछ सवालों के जवाब आप के पास होने चाहिए। क्या आप उस प्रत्याशी को उसकी जाति, धर्म, किसी खास विचार या रिश्तेदारी में होने के कारण वोट देने जा रहे हैं। अगर हां तो आगे आने वाली बातें आप के मतलब की नहीं हैं लेकिन अगर इन तीनों के अलावा कोई और वजह है तो यकीनन फिर यह जरूर जानना चाहिए कि पसंदीदा प्रत्याशी दिल्ली की दिक्कतों को लेकर कितने जागरूक हैं। दिल्ली के अलग-अलग वार्डों की समस्याएं अलग-अलग हो सकती हैं लेकिन कुछ दिक्कतें सभी जगह एक जैसी हैं। इनमें सबसे विकट है दिल्ली का प्रदूषण, यमुना की गंदगी, सफाई कुव्यवस्था और आवारा जानवरों की बढ़ती तादाद। दिल्ली को दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का तमगा मिला हुआ है। इसका सीधा लेना-देना सफाई व्यवस्था और कूड़े के पहाड़ों से है। अब सभी राजनीतिक दल ऐसे वादा कर रहे हैं कि मानो कुछ समय बाद इन पहाड़ों की जगह पर खूबसूरत पिकनिक स्पॉट होंगे। तय आपको करना है कि कौन यह काम कर सकता है। सवाल पूछिए नेताओं और प्रत्याशियों से। समझिए उनके एजेंडे को और तब वोट दीजिए। बात चाहे यमुना के गंदे पानी की हो या कूड़े के पहाड़ों की। इनका सीधा जुड़ाव दिल्ली वालों की सेहत से है। अगर आप डॉक्टरों से बात करेंगे तो वह आप को साफ बताएंगे कि दिल्ली की हवा और ऐसा वातावरण किस तरह से आपकी जिंदगी कम कर रहा है। सच यह भी है कि इन समस्याओं को दूर करने के लिए किसी रॉकेट साइंस की नहीं बल्कि सिर्फ अच्छी नीयत और समझदारी से काम करने की है। देश-दुनिया के कई शहरों में कूड़ा अब एक रिसोर्स है। उससे एजेंसियां पैसा कमाती हैं। इसके लिए कूड़े को सोर्स से ही अलग-अलग कर लिया जाता है। हरा कचरा एनर्जी का सोर्स है। खाद बना सकते हैं। बहुत जगहों पर इससे बिजली भी बनती है। अगर सब्जियों और खाने-पीने की चीजों से जुड़ा कचरा बाकी कूड़े में न मिले तो फिर दोनों ही रिसोर्स बन जाते हैं।

दिल्ली के अलग-अलग वार्डों की समस्याएं अलग-अलग हो सकती हैं लेकिन कुछ दिक्कतें सभी जगह एक जैसी हैं। इनमें सबसे विकट है दिल्ली का प्रदूषण, यमुना की गंदगी, सफाई कुव्यवस्था और आवारा जानवरों की बढ़ती तादाद।

### लड़की की शादी 18 साल बाद और लड़के की शादी 21 साल के बाद ही की जा सकती है

# कब तक धर्म विशेष के कानून से शोषण होगा

ललित गर्ग




संविधान के संस्थापकों ने राज्य के नीति निदेशक तत्व के माध्यम से इसको लागू करने की ज़िम्मेदारी बाद की सरकारों को हस्तांतरित कर दी थी। लेकिन पूर्व सरकारों ने वोट बैंक के चलते समान नागरिक संहिता को लागू नहीं होने दिया, अब भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार इस बड़ी विसंगति को दूर करने के लिये तत्पर हुई है, जिसके लागू होने से देश सशक्त होगा। विडम्बना है कि मुस्लिम समुदाय को उनके शरीयत कानून से अनेक ऐसे अधिकार मिले हुए हैं, जो मानवता के विपरीत है, मानव मूल्यों एवं भारत संविधान का हनन है।

**आजादी** के अमृत महोत्सव मना चुके भारत देश के सभी धर्मों के नागरिकों के लिये एक समान धर्मनिरपेक्ष कानून होना चाहिये। संविधान के संस्थापकों ने राज्य के नीति निदेशक तत्त्व के माध्यम से इसको लागू करने की ज़िम्मेदारी बाद की सरकारों को हस्तांतरित कर दी थी। लेकिन पूर्व सरकारों ने वोट बैंक के चलते समान नागरिक संहिता को लागू नहीं होने दिया, अब भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार इस बड़ी विसंगति को दूर करने के लिये तत्पर हुई है, जिसके लागू होने से देश सशक्त होगा। विडम्बना है कि मुस्लिम समुदाय को उनके शरीयत कानून से अनेक ऐसे अधिकार मिले हुए हैं, जो मानवता के विपरीत है, मानव मूल्यों एवं भारत संविधान का हनन है। यह कानून एक मुस्लिम पुरुष को अपनी मौजूदा पत्नियों की सहमति के बिना चार विवाह करने की अनुमति देता है, वही बाल-विवाह एवं यौन शोषण को जायज मानता है। जबकि देश में बाल विवाह कानूनन अपराध है। केरल हाईकोर्ट ने एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समान कानून संहिता को लागू किया है। लड़की की शादी 18 साल बाद और लड़के की शादी 21 साल के बाद ही की जा सकती है। यदि इस उम्र सीमा से नीचे के लड़के या लड़की की शादी की जाती है, तो शादी अवैध घोषित मानी जाती है। इतना ही नहीं बाल विवाह कराने वालों को जेल भी हो सकती है। इसी तरह यौन शोषण का मामला है। बाल विवाह एवं यौन शोषण दोनों ही अपराध है। जाहिर है कि बच्चे चाहे जिस भी धर्म के हों, उनके खिलाफ होने वाले अपराधों को समान नजर से देखना और बरतना एक स्वाभाविक कानूनी प्रक्रिया है। नाबालिग बच्चों को उनके खिलाफ यौन अपराधों और शोषण से सुरक्षा देने के लिए पाक्सो कानून बनाया गया। लेकिन भारत में मुस्लिमों के लिए शरीयत कानून को भी मान्यता मिली हुई है जिसके कारण बच्चों पर हो रहे अपराधों पर दोयम दर्जा अपनाया जाता है, इसको लेकर कई बार सामुदायिक परंपराओं के लिहाज से भी इस प्रावधान की प्रासंगिकता को कसौटी पर रखने की कोशिश की जाती है। केरल उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के बाद इसी द्वंद्व एवं दोहरे नजरिये पर स्पष्ट राय दी है, जिसमें किसी धर्म के तहत बनाए गए अलग नियम के मुकाबले पाक्सो कानून को न्याय का आधार बनाया गया है। यह एक अनूठी पहल है जिसमें पाक्सो कानून को धर्म नहीं, इंसान को एक ही नजर से देखने का उपक्रम है। यही इंसाफ का तकाजा है और उसकी बुनियाद है। केरल हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि मुस्लिम कानून के तहत नाबालिगों की शादी पॉक्सो एक्ट से बाहर नहीं हो सकती है। यदि दूल्हा या दुल्हन नाबालिग है और मुस्लिम कानून के तहत उनकी शादी भले ही वैध हो, लेकिन पॉक्सो एक्ट उनपर भी लागू होगा। निश्चित ही मुस्लिम धर्म की मान्यता का हवाला देते हुए अब तक हो रहे बाल विवाह एवं बच्चों के यौन शोषण पर नियंत्रण स्थापित करने की दृष्टि से एक समानता एवं अपराध मुक्ति का परिवेश निर्मित होगा। यानी आज आवश्यकता इस बात की है कि मुस्लिम समुदाय में बाल-विवाह एवं वैवाहिक संबंध को पुनः परिभाषित किया जाए और अधिकारों और कर्तव्यों का पारदर्शी तरीके से परिमार्जन, परिवर्तन एवं संशोधित किया जाए। मुस्लिम समाज में तलाक, बहु-विवाह, बाल विवाह की पूर्ण उन्मुक्ति अन्य समुदायों के पतियों को इस्लाम में परिवर्तित करके अपनी पत्नियों को छोड़ने, अनेक पत्नियां रखने, बाल-यौन-शोषण और उनकी जुड़ी कानूनी कार्यवाही से बचने में सक्षम बनाती है। मूल्यहीनता के जिस भंवर में मुस्लिम समाज धंसता जा रहा है उसे समय रहते उससे निकाला जाए, क्योंकि इससे प्रभुत्व, प्रभाव, धार्मिक आग्रहों और वर्चस्व की लड़ाई में कुंठित मानसिकता ही हावी होती है। भले ही अब बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों और शोषण के संदर्भ में पाक्सो कानून और किसी धर्म के विशेष नियमों के बीच की स्थिति को लेकर नई बहस खड़ी हो, कानून की समानता को लागू किया ही जाना चाहिए। केरल उच्च न्यायालय ने एक साहसिक कदम उठाते हुए न्याय की तुला में सबकी समानता की बात को उजागर किया है। कोर्ट ने बाल विवाह को मानवाधिकारों का भी उल्लंघन बताया। क्योंकि बाल विवाह के कारण बच्चा सही से विकसित नहीं हो पाता है। यह सभ्य समाज के लिए एक बुराई है। मुस्लिम कानून के जरिये बाल-अपराध को खुली छूट का फायदा यह समुदाय उठाता रहा है। लेकिन पॉक्सो एक्ट को परिभाषित करते हुए कोर्ट ने कहा कि ये कानून शादी की आड़ में बच्चों के साथ शारीरिक संबंध बनाने से रोकता है। जैसा कि अक्सर कहा जाता है, एक कानून लोगों की इच्छा की अभिव्यक्ति या प्रतिबिंब है। आजकल केरल न्यायालय के फैसले के साथ-साथ श्रद्धा हत्याकांड के विविध पक्षों पर बहस हो रही है और कहीं 'लव जिहाद' और 'घर वापसी' जैसे मुद्दों पर दंगल चल रहा है। नया भारत निर्मित करने की बात हो रही है, ऐसे में एक धर्म-विशेष के अलग कानून होने की स्थितियों पर पुनर्विचार अपेक्षित है। क्यों मुस्लिम कानून के हिसाब से नाबालिग की शादी वैध मानी जाये? भले ही इस सवाल को केरल की हाईकोर्ट ने पूरी तरह से स्पष्ट करते हुए कहा पॉक्सो एक्ट एक विशेष कानून है, यह विशेष रूप से बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। एक बच्चे के खिलाफ हर प्रकार के यौन शोषण को अपराध माना जाता है। नाबालिग विवाह को भी इससे बाहर नहीं रखा गया है। पॉक्सो एक्ट को बाल शोषण से संबंधित न्यायशास्त्र से उत्पन्न सिद्धांतों के आधार पर बनाया गया है। ये कानून कमजोर, भोले-भाले और मासूम बच्चों की रक्षा करने के लिए बनाया गया है। इस कानून के तहत बच्चों की यौन अपराधों से रक्षा की जाती है। इसमें नाबालिग विवाह को यौन शोषण के रूप में ही स्पष्ट किया गया है। यह उजला सच है कि पाक्सो कानून के प्रभावी होने के बावजूद हिन्दू हो या मुसलमान एवं अन्य धर्मों को मानने वाले समुदायों में बाल विवाह के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। हिन्दूओं में अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाह आज भी प्रशासन के लिए चुनौती बने रहते हैं। इसलिए सभी पक्षों को इस मसले पर सोच-समझ कर एक ठोस निष्कर्ष तक पहुंचने की जरूरत है, जिसमें नाबालिगों को हर स्तर के अपराध से सुरक्षित किया जा सके। बाल- विवाह एवं उनका यौन शोषण पर लगाम और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना आज हर तरह से आवश्यक है।

# यशपाल की साहित्य सेवा में सर्वोपरि तपस्या

यशपाल व उनके भाई ने प्रारम्भिक शिक्षा आर्य समाज व गरुकुल कांगड़ी में प्राप्त की। माता जी की यह प्रबल इच्छा थी कि यशपाल एक दिन स्वामी दयानंद के विचारों का प्रचारक बने। यशपाल जी ने सात वर्ष तक यहां अध्ययन कर, देश भक्ति व समाज सेवा की शिक्षा प्राप्त की। सख्त अनुशासन व शारीरिक अस्वस्थता ने यशपाल जी को गुरुकुल छोडऩे पर मबजूर कर दिया। वे फिरोजपुर गए जहां उनकी माता अध्यापन में कार्यरत थी। तत्पश्चात वे दयानंद वैदिक स्कूल लाहौर में शिक्षा प्राप्त करने गए। यहां उन्होंने उर्दू सीखी। बत उर्दू पत्रिकाओं की भरमार थी। परिवार की परिस्थितियों ने व निर्धनता की ठोकरों ने यशपाल पर एक गहरी छाप डाली। माता जी का प्रात: दो बच्चों का भोजन बनाना और सात बजे स्कूल जाना, शाम को बज स्कूल से थके-मांदे वापस आना तो बच्चों के कपड़े धोना और घरेलू सफाई करना इत्यादि से यशपाल काफी प्रभावित हुए। वे माता जी की पूरी सहायता करने के लिए गांव के कुएं से पानी लाते थे। बाजार से वस्तुएं खरीद कर लाते।

**जाने-माने** साहित्यकार व क्रांतिकारी यशपाल का हिंदी साहित्य में विशिष्ट स्थान है। बचपन की यातनाएं, भूमिगत विद्रोही भावना तथा सात वर्ष की लंबी जेल ने उसे वर्तमान सामाजिक व आर्थिक ढांचे के विरुद्ध कर दिया। वे इस ध्येय को नहीं मानते थे कि कमजोर वर्गों के लोगों का भाग्य पर बैठ जाना चाहिए। वे जीवन में काफी शौकीन थे। अपने आपको ऐसे संवारते थे जैसे कोई बहुत बड़ा अवसर हो। अपने आपको वैसे सबके बराबर समझते थे और अपने लेखों व रचनाओं द्वारा लोगों को असमानता से संघर्ष की प्रेरणा देते थे। 3 दिसंबर सन्-1903 को हमीरपुर जिले के भूंपल गांव में साधारण परिवार में यशपाल जी का जन्म हुआ। दुर्भाग्यवश उनकी छोटी आयु में ही पिता जी का साया उठ गया। माता जी जीवन निर्वाह हेतु एक अध्यापिका के रूप में सेवारत हुई। बचपन लायलपुर व लाहौर में बीता, जहां उनकी माता अध्यापिका थी। यशपाल व उनके भाई ने प्रारम्भिक शिक्षा आर्य समाज व गरुकुल कांगड़ी में प्राप्त की। माता जी की यह प्रबल इच्छा थी कि यशपाल एक दिन स्वामी दयानंद के विचारों का प्रचारक बने। यशपाल जी ने सात वर्ष तक यहां अध्ययन कर, देश भक्ति व समाज सेवा की शिक्षा प्राप्त की। सख्त अनुशासन व शारीरिक अस्वस्थता ने यशपाल जी को गुरुकुल छोडऩे पर मजबूर कर दिया। वे फिरोजपुर गए जहां उनकी माता अध्यापन में कार्यरत थी। तत्पश्चात वे दयानंद वैदिक स्कूल लाहौर में शिक्षा प्राप्त करने गए। यहां उन्होंने उर्दू सीखी। तब उर्दू पत्रिकाओं की भरमार थी। परिवार की परिस्थितियों ने व निर्धनता की ठोकरों ने यशपाल पर एक गहरी छाप डाली। माता जी का प्रातः दो बच्चों का भोजन बनाना और सात बजे स्कूल जाना, शाम को जब स्कूल से थके-मांदे वापस आना तो बच्चों के कपड़े धोना और घरेलू सफाई करना इत्यादि से यशपाल काफी प्रभावित हुए। वे माता जी की पूरी सहायता करने के लिए गांव के कुएं से पानी लाते थे। बाजार से वस्तुएं खरीद कर लाते। यशपाल जी आर्य समाज मंदिरों में जाते। वहां वेद पढ़ते और कभी-कभी व्याख्यान देते। हरिजनों की अवस्था देखकर वे बहुत पश्चाताप करते। इसी कारण रात को उन्होंने पढ़ाने का कार्य आरम्भ किया। बाद में वे 8 रुपए प्रति मास वेतन पर अध्यापक नियुक्त हुए। माता जी ने यशपाल जी को कांग्रेस के आंदोलन से जुडऩे की अनुमति दे दी। तब महात्मा गांधी के निर्देशन से ब्रिटिश स्कूलों व न्यायालयों का बहिष्कार हुआ था। नेशनल कालेज में प्रवेश के लिए यशपाल के साथ छात्रावास में शहीद भगत सिंह के साथी सुखदेव थे। वे सभी जानते थे कि यशपाल साहित्य में रुचि रखते हैं। भगत सिंह ने भी साहित्यकार यशपाल को लेखन में सहयोग देना प्रारम्भ किया। पहले कुछ नाटक, फिर उर्दू व हिन्दी में अन्य रचनाएं लिखना प्रारम्भ किया। यशपाल की प्रथम रचना 'एक कहानी' गुरुकुल कांगड़ी की पत्रिका में प्रकाशित हुई। लाहौर में इनके हिन्दी के गुरू उदयशंकर भट्ट ने उनका उत्साह बढ़ाया और कुछ कहानियां हिन्दी पत्रिकाओं में विशेष करके गणेश शंकर विद्यार्थी के 'प्रताप' में प्रकाशित करवाई। यशपाल ने एक दिन भगत सिंह के साथ रावी नदी में एक नाव में बैठकर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने का प्रण किया। महात्मा गांधी जी के चोरा चोरी की घटना के परिणामस्वरूप असहयोग आंदोलन के पश्चात देश के कुछ नवयुवकों को यह अहसास हुआ कि देश की स्वतंत्रता बिना शक्ति प्रयोग नहीं मिलेगी। इन्हीं विचारों से हिन्दुस्तान सोशलिस्ट पार्टी का जन्म हुआ और सुखदेव, यशपाल, भगत सिंह ने इसकी नींव रखी। जब भगत सिंह जेल में थे तो उन्होंने यशपाल को संदेश भेजा कि वे लिखना जारी रखें और पढ़ाई-लिखाई लेख व रचनाओं से स्वतंत्रता प्राप्ति के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। यशपाल ने भूमिगत होकर लुइस द्वारा लिखित 'लेटिन व गांधी' नामक पुस्तक का हिन्दी में अनुवाद किया। लाहौर षड्यंत्र मामले में चन्द्रशेखर के बलिदान के पश्चात 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन पार्टी' के अध्यक्ष बने। यशपाल को 1931 में इलाहाबाद में हिरासत में ले लिया गया और 14 वर्ष की सजा हुई। इसी जेल में उन्होंने बंगाली, फ्रांसीसी व रूसी भाषाएं सीखी और इनमें दक्षता प्राप्त की। 1935 में लाहौर के एक अमीर परिवार की युवती कुमारी प्रकाशवती कपूर से जेल में ही उन्होंने विवाह किया। जेल विभाग ने विवाह के लिए भी यशपाल को नहीं छोड़ा और जेल में ही विवाह सम्पन्न हुआ। सभी कैदियों को मिठाईयां बांटी गई। इस घटना से ब्रिटिश सरकार उत्तेजित हो गई और उन्होंने भविष्य में जेल में विवाह न हो सके, ऐसे जेल नियम बना दिए। यशपाल ने चित्रकला के लिए कुछ सामग्री मांगी तो जेल अधिकारियों को लगा कि यशपाल जेल का नक्शा बनाएगा और बाहर भेज देगा। इस भय के कारण जेल विभाग ने सामग्री देने से इन्कार कर दिया। बाद में चित्रकारी की सामग्री दी गई। सन्-1938 में जब रियासतों में कहीं कांग्रेस सरकारें बनी तभी लाल बहादुर जी के कारण जेल से बाहर आए। कुछ समय के लिए स्वास्थ्य लाभ हेतु वे मनाली चले गए। वहां पर उन सभी कहानियों को पूर्ण किया जो उन्होंने जेल में लिखनी आरम्भ की थी। उनकी कहानी 'पिंजरे की उड़ान' 1939 में हिन्दी साहित्य में चर्चित हुई, इसके पश्चात वे लखनऊ चले गए लेकिन वहां से वापिस आना पड़ा। उन्होंने पत्रिका भी निकाली जिसकी सफलता में प्रकाशवती ने विशेष योगदान किया। 72 पृष्ठों वाली पत्रिका उनकी अपनी रचनाओं से भरी होती थी। इनकी लेखन गति काफी तीव्र थी। उनकी पत्रिका 'विप्लव' माक्र्सवादी व आंदोलनात्मक सिद्धांतों को लेकर आगे बढ़ी जिसे शासन ने चलाने नहीं दिया। परिणामस्वरूप यशपाल को हिरासत में ले लिया गया और पत्रिका बन्द हो गई। इनकी रचनाएं, कहानियां, उपन्यासों के प्रकाशन का प्रकाशवती ने बीड़ा उठाया। उसने छापने की मशीन खरीदी और सारी रचनाएं प्रकाशित कर दी। पत्रिका को स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात फिर चालू किया गया, परन्तु कुछ वर्षों के बाद फिर इसे बन्द करना पड़ा। 'गांधी की शव परीक्षा' भी उन्होंने लिखी। यशपाल जी सामाजिक समस्याओं, बुराइयों व समकालीन विषयों पर अपने विचार स्पष्ट रूप से सबके सम्मुख रखने में कभी हिचकिचाते नहीं थे। वे कहते थे, 'लिखना मेरा काम व कत्र्तव्य है और मैं अवश्य लिखूंगा'। उनकी आत्मकथा सिंहावलोकन 'हिन्दी साहित्य में एक माना हुआ ग्रंथ है।'

## देश दुनीया से

# ओली को कमान दिलाने के लिए जोड़-तोड़ करवा रहा चीन!

**नेपाल** में संसदीय चुनाव तो हो गये लेकिन प्रधानमंत्री कौन बनेगा इसको लेकर अभी संशय बरकरार है। हम आपको बता दें कि संसदीय चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी नेपाली कांग्रेस ने अगली सरकार बनाने के लिए अन्य राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। लेकिन अन्य दल भी अपने लिये संभावनाएं तलाश रहे हैं। रिपोर्टें तो इस प्रकार की भी हैं कि नेपाल में सरकार गठन के लिए छोटे दलों को बड़े लालच दिये जाने का खेल इस समय जोरों पर चल रहा है। नेपाल के अब तक आये चुनाव परिणाम की बात करें तो नेपाली कांग्रेस पार्टी ने अब तक प्रतिनिधि सभा के सीधे चुनाव के तहत 55 सीट जीती हैं जबकि विपक्षी सीपीएन-यूएमएल (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्ससिस्ट-लेनिनिस्ट) ने 44 सीटों पर जीत हासिल की है। संसदीय चुनाव में सीपीएन-माओवादी सेंटर को 17, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट को 10, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी को चार और राष्ट्रीय जनमोर्चा को एक सीट मिली है। इसके अलावा विपक्षी यूएमएल के दो सहयोगी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी ने सात-सात सीटें हासिल की हैं। उल्लेखनीय है कि संसद के 275 सदस्यों में से 165 प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुने जाएंगे, जबकि शेष 110 आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से चुने जाएंगे। नेपाल में बहुमत की सरकार बनाने के लिए एक पार्टी को कम से कम 138 सीटों की जरूरत होती है। इस बीच, नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह का कहना है कि पार्टी ने अगली सरकार बनाने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श तेज कर दिया है। उनका कहना है कि सभी सीटों के नतीजे आने के बाद और आनुपातिक मतदान प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाने वाली सीटों का निर्धारण होने के बाद उनकी पार्टी अपने संसदीय दल के नेता का चुनाव करेगी। उल्लेखनीय है कि नेपाली कांग्रेस में छह नेताओं ने प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा व्यक्त की है। खुद पूर्व उपप्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह उन नेताओं में शामिल हैं जो अगले प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। हालांकि नेपाली कांग्रेस की ओर से वर्तमान प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा फिर से इस पद की दौड़ में हैं। इसके अलावा देउबा के गठबंधन सहयोगी सीपीएन माओवादी सेंटर के नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड, नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा और रामचंद्र पौडयाल भी प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं। इस बीच, खबर है कि प्रधानमंत्री बनने के लिए नेपाली कांग्रेस में चल रही उठापटक के बीच खुद प्रचंड प्रधानमंत्री बनने के लिए अन्य विकल्प तलाश रहे हैं और मौका पड़ा तो वह नेपाली कांग्रेस और निवर्तमान प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा का साथ छोड़ सकते हैं। नेपाली कांग्रेस में चल रही उठापटक की बात करें तो आपको बता दें कि वहां पार्टी का एक धड़ा देउबा को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की वकालत करते हुए बयान जारी कर रहा है। इस धड़े का मानना है कि चूंकि देउबा के नेतृत्व में ही पार्टी को इतनी बड़ी जीत मिली है इसलिए देश की कमान उन्हीं को संभालनी चाहिए। लेकिन नेपाली कांग्रेस में नया नेतृत्व लाने की वकालत करने वाले स्वर भी मुखर हो रहे हैं। इस बीच, खबर यह भी है कि शेर बहादुर देउबा ने गठबंधन सरकार के गठन संबंधी मुद्दों पर बातचीत के लिए अपने एक सहयोगी को प्रचंड के पास बातचीत के लिए भेजा था लेकिन उन्होंने प्रस्ताव को ज्यादा महत्व नहीं दिया। देखा जाये तो नेपाल में यह तय है कि गठबंधन सरकार ही बनेगी इसलिए यदि देउबा प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं तो उनके नाम पर गठबंधन के नेताओं की सहमति होना जरूरी है लेकिन प्रचंड जिस तरह के तेवर दिखा रहे हैं उससे देउबा की राह मुश्किल होती नजर आ रही है।

संसदीय चुनाव में सीपीएन-माओवादी सेंटर को 17, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट को 10, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी को चार और राष्ट्रीय जनमोर्चा को एक सीट मिली है। इसके अलावा विपक्षी यूएमएल के दो सहयोगी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी ने सात-सात सीटें हासिल की हैं। उल्लेखनीय है कि संसद के 275 सदस्यों में से 165 प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुने जाएंगे, बजकि शेष 110 आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से चुने जाएंगे। नेपाल में बहुमत की सरकार बनाने के लिए एक पार्टी को कम से कम 138 सीटों की जरूरत होती है। इस बीच, नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह का कहना है कि पार्टी ने अगली सरकार बनाने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श तेज कर दिया है।

## नागरिक बोध

# गुजरात मे शराबबंदी के बावजूद छापेमारी में करोड़ो की शराब जब्त

**गांधी** के गुजरात मे सदियों से शराबबंदी है। गुजरात मे चौकाने वाले तथ्य सामने आए है। करोड़ो की हेराफेरी में पुलिस ने करोड़ो की शराब जब्त कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। पिछले कई महीनों से चुनाव के मद्देनजर गुजरात मे पड़ोसी राज्यो से शराब की हेराफेरी की जाती आ रही है। गुजरात मे अवैध शराब की हेराफेरी से रातो रात धनवान बनने निकले बुटलेघरो की नींद हराम कर दी है। शराब के शौकीन पड़ोसी राज्य में शराब के लिए आवागमन करते है। गुजरात से जुड़े राज्यो से शराब की हेराफेरी की जाती आ रही है। करीब पिछले कई महीनों से राज्य के डीजीपी आशीष भाटिया ने उपरोक्त तीनो राज्यो के जिले के बॉर्डर सील कर दिया गया था। जहाँ से शराब की हेराफेरी होती थी। गुजरात चुनाव में शराब की महफिल सजाने और मतदाताओं को चुनावी भेंट से मतदाताओं को खुश करने के लिए शराब की हेराफेरी की जा रही थी। गुजरात मे 105 करोड़ की शराब राज्य पुलिस ने पकड़ी है। जिससे कड़क कानून व्यवस्था प्रतीत होती है। गुजरात पुलिस की इस कामयाबी का श्रेय राज्य पुलिस के लिए प्रेरणा दायक है। 11 महीने में 105 करोड़ की शराब पकड़ी गई है। इसके तहत 1,25 लाख केस दर्ज कर 1,33 लाख लोगों को शराब की हेराफेरी में गिरफ्तार किया है। राज्य में गुजरात पुलिस ने इन कार्यवाई के दौरान 1400 बूटलेघरों को पासा के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। एक हजार अपराधियों पर तड़ीपार की कार्रवाई की गई है। राज्य की पुलिस की इस कामयाबी के पीछे तटस्थ कार्यप्रणाली और कार्य करने की लगन है। तीन छापेमारी में 45 हजार से अधिक शराब की बोतलें जब्त की गई है।जबकि आरोपियों को पकड़ने के अभियान में 12 आरोपी को पकड़ा गया है। शराब की हेराफेरी करने वालो के खिलाफ कार्यवाही भी की जा रही है। गुजरात राज्य को छोड़कर बिहार में भी शराबबंदी है। लेकिन बिहार में बार बार जहरीली शराब के सेवन से अकाल मृत्यु का सिलसिला पिछले कई वर्षों से चल रहा है। यह राज्य सरकार के लिए कानून व्यवस्था पर कुठाराघात है। गुजरात मे भी जहरीली शराब से निर्दोष मौते हुई है। सरकार ने उनके परिवार को उचित मुआवजा देकर मदद की है। शराब,शबाब जानलेवा मार्ग है। इससे इंसान को कुछ फायदा नही होता है, लेकिन परिवार को शराब में डूबता हुआ जरूर देखा जा सकता है। शराब के नशे का आदि परिवार के क्रोध का टारगेट बनता है। गुजरात पुलिस ने 186 करोड़ कीमत के वाहन भी जब्त किए है। यह बहुत बड़ी कामयाबी कह सकते है। महारास्ट्र,मध्यप्रदेश और राजस्थान में धड़ल्ले से बेची जाने वाली शराब बॉर्डर से गुजरात मे घुसाने का षडयंत्र कई महीनों से हो रहा था। इस महीने ने पुलिस ने 33 करोड़ की शराब पकड़ी है। इसमें 32 हजार केस और 26 हजार आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया है। हेराफेरी करने वालो की पुलिस ने सूची बनाई गई है। स्टेट मोनिटरिंग सेल इस पर बराबर निगरानी रख रहा है। स्टेट मोनिटरिंग सेल ने बाहर के राज्यो से भी गिरफ्तार कर उनको जेल के हवाले किया गया है। पुलिस सख्ती से अमल कर रही है। शराब की घूंट में जिंदगी तलाशने वाले शराब के जानलेवा कहर से परिवार को तबाह कर देते है। शराब के नशे में कई घर डूब गए है।यह ड्रग्स के जितना ही घातक है। हर समय शराब के नशे में रहने वाले परिवार में पीटपीट कर हत्या करते हुए भी देखे गए है।



# लॉकडाउन में पूरी छूट देने से बर्बाद हो जाएगा चीन, लाशों के लग जाएंगे ढेर, सामने आए चौंकाने वाले आंकड़े

**बीजिंग ।**
भारी विरोध प्रदर्शन का सामना करने के बाद चीन अपनी शून्य कोविड नीति को कम करने के लिए कदम उठाना शुरू कर दिया है। कम प्रभावित जगहों पर से पाबंदी हटाई जा रही है। बीजिंग में कोरोना की जांच करने वाले बूथों को हटा दिया गया है, जिसके बाद लोगों ने खुशी जताई है। वहीं शेनझेंग शहर में अब यात्रा के लिए कोरोना टेस्ट रिपोर्ट दिखाने की जरूरत नहीं होगी। लेकिन इन सब के बीच वैज्ञानिकों की एक चौंकाने वाली रिपोर्ट भी सामने आई है जो कि यहां के नागरिकों को डरा सकती है। दरअसल, इस रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर देश में पूरी तरह से छूट दी जाती है तो देश में कितनी मौतें हो सकती हैं और क्यों

**अभी चीन में पूरी तरह छूट के बाद 20 लाख से अधिक लोगों की होगी मौत** - दक्षिण-पश्चिमी ग्वांगशी क्षेत्र में रोग नियंत्रण केंद्र के प्रमुख झोउ जियातोंग ने एक रिपोर्ट में कहा था कि अगर चीन पूरी तरह से कोरोना प्रतिबंधों में ढील देता है तो यहां लाशों की ढेर लग जाएगी। इस छूट से 20 लाख लोगों की जान जा सकती है जो कि चीन की अर्थव्यवस्था को धाराशायी कर सकती है।

**23.3 करोड़ लोग हो जाएंगे संक्रमित** - इस रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि कोरोना प्रतिबंधों में पूरी तरह से ढील देने के बाद संक्रमितों की संख्या में भी बेतहाशा वृद्धि होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार पूर्णतया छूट देने के कुछ दिन बाद 23.3 करोड़ लोग संक्रमित हो सकते हैं।

**चीन में कोरोना के आंकडों ने डराया** - आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक महामारी की शुरुआत से अब तक चीन में 97.13 लाख लोग संक्रमित हो गए हैं वहीं इस दौरान 30,388 लोगों की मौत हुई है। वहीं पिछले 24 घंटों की बात करें तो 22,407 मामले सामने आए हैं। ब्रिटिश वैज्ञानिक सूचना और एनालिटिक्स कंपनी एयरफिनिटी ने सोमवार को कहा कि अगर चीन देश कम टीकाकरण और हाइब्रिड इम्युनिटी की कमी के बावजूद अपनी शून्य-सीओवीआईडी नीति को हटाता है तो 13 लाख से लेकर 21 लाख लोगों की मौत हो सकती है। दरअसल, चीन में जनसंख्या के मुताबिक टीकाकरण की रफ्तार बहुत कम है इसलिए थोड़ी भी ढील घातक साबित हो सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चे कम पैदा होने से मुसीबत में फंसा जापान, शिशुओं के जन्म लेने की संख्या में रिकॉर्ड गिरावट



**टोक्यो ।** जापान में इस साल शिशुओं के जन्म लेने की संख्या में रिकॉर्ड गिरावट आई है। इससे यह आशंका और गहरा गई है कि जापान की जनसंख्या अनुमान से पहले ही घट कर दस करोड़ के नीचे आ जाएगी। जून 2021 से मई 2022 तक के 12 महीनों में जापान में 7,98,561 शिशुओं का जन्म हुआ। स्वास्थ्य, श्रम और कल्याण मंत्रालय के मुताबिक किसी भी 12 महीनों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब आठ लाख से कम शिशुओं का जन्म हुआ हो। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल आठ लाख 11 हजार बच्चे पैदा हुए थे। यह भी एक रिकॉर्ड था। लेकिन तब माना गया था कि यह कोरोना महामारी का असर है। लेकिन ताजा आंकड़ों से जाहिर हुआ है कि ये ट्रेंड और आगे बढ़ गया है। इस वर्ष के पहले छह महीनों में पूरे जापान में कुल 3,67,232 बच्चों का जन्म हुआ। 2021 की पहली छमाही की तुलना में यह पांच प्रतिशत कम है। इस साल के पहले नौ महीनों में पांच लाख 99 हजार शिशु पैदा हुए हैं। यह 2021 के पहले नौ महीनों की तुलना में 4.9 प्रतिशत कम है। वैसे जापान में जन्म दर की गिरावट का एक लंबा ट्रेंड बन चुका है। पिछले एक दशक में हर वर्ष बच्चों के जन्म लेने में 2.5 फीसदी की गिरावट आ रही थी। लेकिन संकेत हैं कि पिछले दो वर्षों में गिरावट की ये दर दोगुनी हो गई है। टोक्यो स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन एंड सोशल सिक्युरिटी रिसर्च ने पहले अनुमान लगाया था कि साल 2053 तक जापान की आबादी घट कर दस करोड़ के नीचे आ जाएगी। लेकिन अब ऐसा लगता है कि ऐसा उससे काफी पहले हो जाएगा। जापान में प्रति महिला जन्म दर रिप्लेसमेंट रेट से काफी नीचे गिर चुकी है। शोध संस्थान दाइ-इची लाइफ रिसर्च इंस्टीट्यूट से जुड़े विशेषज्ञ तकुया होशिनो के मुताबिक ये दर अभी 1.27 है। जबकि आबादी के स्थिर रहने के लिए जरूरी दर 2.1 मानी जाती है।

### लंदन के प्रसिद्ध रेस्त्रां में पशु प्रेमियों का हंगामा, स्टाफ ने उठाकर बाहर फेंका



**लंदन ।** इंग्लैंड के लंदन में पशु अधिकार समूह एनिमल रेबेलियन के कार्यकर्ताओं ने एक मशहूर रेस्त्रां के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी रेस्त्रां के अंदर घुस गए और हंगामा करने की कोशिश की। इसके बाद रेस्त्रां के कर्मचारियों ने उन्हें खींचकर बाहर निकाला। पशु अधिकार समूह ने इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट किया है, जिसमें रेस्त्रां के कर्मचारी एक प्रदर्शनकारी को उठाकर बाहर लाते दिखाई दे रहे हैं मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पशु अधिकार समूह के आठ कार्यकर्ताओं ने मध्य लंदन के नाइट्सब्रिज स्थित नुसर-एट रेस्त्रां में घुसकर हंगामा किया, लेकिन उनका दांव उल्टा पड़ गया। कर्मियों ने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को घसीट कर रेस्त्रां से बाहर कर दिया। बता दें, नुसर-एट नुसरत गोकसे के स्वामित्व वाले लक्ज़री स्टीकहाउस की एक चेन है। नुसरत एक जाने-माने होटल व्यावसायी हैं और मूल रूप से तुर्किये के रहने वाले हैं। उन्हें साल्ट बेई के रूप में जाना जाता है। एनिमल रेबेलियन समूह पशु अधिकारों और जलवायु के लिए काम करता है। समूह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शनकारियों को रेस्त्रां से बाहर खींचे जाने का वीडियो साझा करते हुए लिखा कि लंदन में नुसर-एट रेस्त्रां में पशु अधिकार समर्थकों को सुरक्षा कर्मियों द्वारा घसीटा गया।

### एफबीआई निदेशक ने टिकटॉक के बारे में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंता जताई




**वाशिंगटन ।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस रे ने टिकटॉक को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस वीडियो शेयरिंग एप का नियंत्रण चीन सरकार के हाथों में है, जिसके मूल्य हमारे जैसे नहीं हैं। रे ने कहा कि एफबीआई चिंतित है कि ऐप प्रणाली का नियंत्रण चीनियों के हाथ में है जो चीजों में हेरफेर कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चीन यूजरों का डाटा जुटाने के लिए एप का इस्तेमाल कर सकता है जिसका उपयोग पारंपरिक जासूसी कार्यों के लिए किया जा सकता है। रे ने मिशिगन विश्वविद्यालय के गेराल्ड आर फोर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी में कहा, ये सभी चीजें एक ऐसी सरकार के हाथों में हैं ।

# युद्ध में यूक्रेन हारा तो यूरोप से लेकर अमेरिका तक महसूस होंगे झटके, रूस का बढ़ेगा दबदबा

**कीव।**
**यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन के इस बयान से लगे सदमे से पश्चिमी देशों के लोग अभी नहीं उबरे हैं कि रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के एक लाख सैनिक और 20 हजार नागरिक मारे जा चुके हैं। ये मसला इतना बढ़ा कि वॉन डेर लियेन को अपना यह वक्तव्य वापस लेना पड़ा। लेकिन ये कोई ऐसी बात नहीं है, जिसे पहली बार कहा गया हो। अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (सेना प्रमुख) जनरल मार्क मिले ने अक्तूबर में ही न्यूयॉर्क इकॉनमिक क्लब में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था कि युद्ध में एक लाख से अधिक रूसी सैनिक मारे गए हैं और संभवतः इतने ही यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। लेकिन तब उस बयान पर इतना ध्यान नहीं दिया गया।**



अमेरिकी थिंक टैंक सेंटर फॉर सिक्युरिटी पॉलिसी में सीनियर फेलॉ स्टीफन ब्रायन के मुताबिक यूक्रेन के सैनिकों की इतनी बड़ी संख्या में मौत की पुष्टि का मतलब यह धारणा बनना होगा कि पश्चिमी देश यूक्रेन में जो 'प्रॉक्सी वॉर' लड़ रहे हैं, वह मुश्किल में फंस गया है। पश्चिमी देशों- खास कर अमेरिका की कोशिश यह धारणा बनाए रखने की रही है कि युद्ध में यूक्रेन जीत रहा है। जबकि हकीकत इसके विपरीत है। यूक्रेन के पास सैनिकों की कमी हो रही है। युद्ध मैदान में वह हार रहा है, रूस योजनाबद्ध ढंग से उसके इन्फ्रास्ट्रक्चर को नष्ट कर रहा है, और लाखों यूक्रेनी नागरिक भाग कर विदेश चले गए हैं। अगर युद्ध तुरंत खत्म हो जाए, तब भी यूक्रेन इस विपदा से उबर पाएगा, इसकी संभावना कम है।'

### रूस के सामने भी समस्याएं लेकिन यूक्रेन से कम

विश्लेषकों के मुताबिक समस्याएं रूस के सामने भी हैं, लेकिन वे यूक्रेन की तुलना में कम हैं। वह अपने सैनिकों की घटी संख्या नई भर्तियों के जरिए पूरा कर रहा है। जबकि यूक्रेन में उसे मदद पहुंचाने गए दूसरे देशों के 'स्वयंसेवकों' की बड़ी संख्या में मौत होने की खबर है। खुद पोलैंड ने स्वीकार किया है कि वहां से गए तकरीबन 1200 'स्वयंसेवक' मारे जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह सच्चाई सामने आने के बाद इस बात की संभावना काफी घट गई है कि पोलैंड अब अपने और सैनिक यूक्रेन भेजेगा।

### अनिश्चित समय तक यूक्रेन की मदद नहीं कर सकेंगे यूरापीय देश

यूरोप के कई अन्य देश पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके संसाधन सीमित हैं, इसलिए अनिश्चित समय तक यूक्रेन को मदद देना उनके लिए संभव नहीं होगा। अमेरिका से भी ऐसी खबरें आई हैं कि उसका हथियार भंडार चूक रहा है। ऐसे में यूक्रेन की मदद की उम्मीदें लगातार घटती जा रही हैं। ब्रायन ने लिखा है कि यूक्रेन सरकार लगातार अपने देश में सूचनाओं को सेंसर कर रही है। इसके बावजूद वहां हुए नुकसान की सच्चाई अब दुनिया के सामने आने लगी हैं। इसका पश्चिमी देशों की जन भावना पर विपरीत असर पड़ने का अंदेशा है।

### रूस की रणनीति स्पष्ट

रूस की रणनीति संभवतः अब यूक्रेन के इन्फ्रास्ट्रक्चर को नष्ट कर वहां मुसीबत बढ़ाने की है। इसके जरिए वह यूरोपीय देशों का इम्तिहान भी लेना चाहता है, जहां महंगाई और ऊर्जा संकट के कारण यूक्रेन को मदद जारी रखने की नीति लगातार अलोकप्रिय होती जा रही है। विश्लेषकों का कहना है कि अगर यूक्रेन की हार तय हुई, तो उसका अमेरिका की घरेलू राजनीति पर भी गहरा असर होगा। खास कर इससे राष्ट्रपति जो बाइडेन की राजनीतिक संभावनाएं प्रभावित होंगी, जिन्होंने रूस को परास्त करने को अपना लक्ष्य बना रखा है।

# अंधाधुंध निजीकरण की भारी कीमत चुका रहा है ब्रिटेन, 70 प्रतिशत से अधिक पानी पर निजी स्वामित्व

**ब्रिटेन।**
ब्रिटेन में निजीकरण का हाल यह है कि देश में 70 प्रतिशत से अधिक पानी पर इन्वेस्टमेंट फर्मों, प्राइवेट इक्विटी फर्मों, पेंशन फंड्स और टैक्स हैवेन्स से कारोबार करने वाले बिजनेस घरानों का मालिकाना कायम हो गया है।



ब्रिटेन के लोग इस समय पानी की कमी, सीवेज बहाव और पाइप लीक की समस्या का सामना कर रहे हैं। इस दौरान कई जन संगठनों ने वॉटर इंडस्ट्री को जवाबदेह बनाने की मांग उठाई है। आरोप है कि पानी के कारोबारी कारगर सेवा देने के लिए पर्याप्त निवेश नहीं कर रहे हैं। इसका खामियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा है। साथ ही पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है।

ब्रिटिश सरकार ने तीन दशक पहले पानी का निजीकरण कर दिया था। तब यह कहा गया कि नई व्यवस्था में आम लोग जल प्रबंधन में भागीदार होंगे। लेकिन असल में पानी बड़े निवेशकों के मुनाफे का उद्योग बन गया। एसओएएस यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के अर्थशास्त्र विभाग में रिसर्च एसोसिएट डॉ. केट बायलिस ने द गार्जियन से कहा- पानी पर स्वामित्व का ढांचा ऐसा है कि उसमें पारदर्शिता और जवाबदेही सीमित ही है। ब्रिटेन के पानी पर दुनिया के बड़े इन्वेस्टमेंट फंड्स का मालिकाना बन गया है। मसलन, कतर इन्वेस्टमेंट ऑथरिटी सेवेर्न ट्रेंट नाम की कंपनी में तीसरा बड़ा शेयर होल्डर है। जबकि अमेरिकी इन्वेस्टमेंट कंपनी ब्लैकरॉक भी इसकी सहयोगी कंपनी है। इसी तरह थेम्स वॉटर में अबू धाबी ऑथरिटी की शेयरहोल्डिंग 9.9 प्रतिशत है। इस कंपनी 8.7 प्रतिशत हिस्सा एक चीनी कंपनी का है।

इस रिसर्च के मुताबिक ब्रिटेन की नौ प्रमुख और छह अपेक्षाकृत छोटी पानी और सीवेज कंपनियों में लगभग 100 अन्य कंपनियों की शेयरहोल्डिंग है। 17 देशों की इन कंपनियों का ब्रिटेन में वॉटर इंडस्ट्री के 72 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण है। इस रिसर्च में वॉटर इंडस्ट्री के 82 फीसदी हिस्से को ही शामिल किया जा सका। इसलिए बाकी 18 प्रतिशत हिस्सा किसके नियंत्रण में है, द गार्जियन की रिसर्च से इसका पता नहीं चल सका है। ब्रिटेन में ज्यादातर वॉटर कंपनियों का स्वामित्व निजी हाथों में है।

उनमें से सिर्फ तीन- सेवर्न ट्रेंट, पेनॉन ग्रुप, और यूनाइटेड यूटिलिटीज ब्रिटेन के स्टॉक एक्सचेंज में रजिस्टर्ड हैं। वैसे इन कंपनियों के ज्यादातर शेयर भी कई प्रकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड्स और प्राइवेट इक्विटी फंड्स ने खरीद रखे हैं। डॉ. केट बायलिस ने जल उद्योग के स्वामित्व ढांचे पर अकादमिक रिसर्च किया है। उन्होंने द गार्जियन से कहा कि कुछ कंपनियों का स्वामित्व ढांचा इतना जटिल और अस्पष्ट है कि यह मालूम करना मुश्किल हो जाता है कि उनका मालिक कौन है। उन्होंने कहा- 'मैंने कुछ फंड मैनेजरों से बात की तो उन्होंने कहा कि मालिक कौन है यह आप कभी नहीं जान पाएंगी।

# किम जोंग का फरमानः नाम बदलें देशवासी, बच्चों के नाम सुंदर या कोमल रखने के बजाय बंदूक या बम रखें

**सियोल ।**
उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन ने अब नया फरमान जारी किया है। इसके हिसाब से देश में बच्चों के नाम उनके पालकों को ऐसे रखने होंगे जिनमें मधुरता न हो। उन्होंने ए री (प्यार करने वाला), सो रा (शंख) और सु एमआई (सुपर ब्यूटी) जैसे नामों के बजाय चोंग इल (बंदूक), चुंग सिम (वफादारी), पोक इल (बम) जैसे नाम रखने को कहा। इस दायरे में बच्चे ही नहीं, देश का हर नागरिक आएगा। किम जोंग ने नए नामों के लिए बाकायदा दिशानिर्देश जारी किए हैं। वह मानते हैं कि ऐसे नामों में देशभक्ति का भाव झलकता है। उनका कहना है कि मधुर और कोमल किस्म के नाम दक्षिण कोरियाई शैली के हैं जो अब पाश्चात्य संस्कृति का प्रतीक बनते जा रहे हैं। किम का फरमान है कि इस साल के अंत में जो नागरिक अपना नाम बदलकर कुछ क्रांतिकारी नहीं रखेंगे वे या तो जुर्माना भुगतेंगे अथवा इससे भी बदतर हालात का सामना करेंगे। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक एक नागरिक ने रेडियो फ्री एशिया को बताया कि निवासी इस बात की शिकायत कर रहे हैं कि अधिकारी लोगों को अपना नाम बदलने को मजबूर कर रहे हैं। पिछले महीने से ही उत्तर कोरियाई निवासियों को लगातार नाम बदलने के लिए नोटिस जारी



किए जा रहे हैं। ऐसे लोग जो अपने नाम के अंत को कुछ क्रांतिकारी नहीं कर सके हैं, उन्हें साल के अंत तक का समय दिया गया है। इन्हें अपने नाम के आखिरी में कुछ ऐसा जोड़ना होगा जो राजनीतिक मैसेज दे। कुछ उत्तर कोरियाई लोग इस आदेश से खुश नहीं हैं।

### लोगों में नाराजगी

एक नाराज नागरिक ने कहा, मनुष्य अपना नाम कैसे रखें, इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। क्या हम एक मशीन हैं उत्तर कोरिया के लोग मजाक बना रहे हैं कि क्या वह अपने बच्चों का नाम योंग चोल, मैन बोक या सन हुई जैसे पुराने जमाने के नाम देंगे। कुछ लोगों ने यह पूछने का साहस भी जुटाया है कि क्या वे अपने बच्चों को ऐसे नाम दे सकते हैं जो वर्तमान में भुखमरी और उत्पीड़न के युग को दर्शाते हैं।

### कोरोना के बाद समाज से कटने लगे थे छात्र, अमेरिका के स्कूल ने मोबाइल पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स में बक्सटन हाईस्कूल में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्कूल प्रबंधन की ओर से जारी किया गया आदेश 114 एकड़ के कैंपस में छात्रों के साथ शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को मोबाइल फोन इस्तेमाल करने से रोकता है। स्कूल के प्रमुख पीटर बेक ने बताया, कोरोना के बाद जब भौतिक कक्षाएं शुरू हुईं, हमने महसूस किया कि छात्र सारा दिन अपने मोबाइल में लगे रहते हैं और उन्होंने साथी छात्रों से बातचीत तक बंद कर दी थी। महसूस किया गया कि छात्रों को स्कूल के अन्य साथियों व शिक्षकों के साथ समन्वय बनाने में परेशानी आ रही थी। इसके साथ ही कक्षा में बैठने में भी उनको कठिनाई आ रही थी। पीटर बेक ने बताया, मोबाइल फोन पर प्रतिबंध इसी साल सितंबर महीने में लगाया गया था, जिसका सकारात्मक असर दिखना शुरू हुआ है।

# काबुल में पाकिस्तानी दूतावास पर हमले के पीछे आईएसआईएस-के, खुद बयान जारी कर ली जिम्मेदारी

**इस्लामाबाद ।**
इस्लामिक स्टेट ने रविवार को अफगानिस्तान की राजधानी में पाकिस्तान के दूतावास पर हमले की जिम्मेदारी ली। संगठन की तरफ से बयान जारी कर इसकी जिम्मेदारी ली गई है। हमले में आतंकियों ने पाकिस्तानी राजदूत उबैदुर रहमान निजामनी को निशाना बनाया गया था। हमले में उनका गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया था। सोशल मीडिया पर अरबी में एक बयान में, आतंकी समूह आईएसआईएस खुरासान गुट ने दावा किया कि उसके दो सदस्यों ने मध्यम हथियारों और स्नाइपर्स से लैस होकर राजदूत और उनके गार्डों को निशाना बनाया। वह उस समय शुक्रवार को दूतावास के बाहर में मौजूद थे। विदेश कार्यालय (एफओ) ने कहा कि वह काबुल में आईएसआईएस-के द्वारा दावा का सत्यापन कर रहा है। साथ ही कहा कि स्वतंत्र रूप से और अफगान अधिकारियों के परामर्श से हम इन रिपोर्टों की सत्यता की पुष्टि कर रहे हैं।



साथ ही विदेश कार्यालय ने कहा कि हमें आतंकी खतरे को हराने के लिए अपनी पूरी सामूहिक शक्ति के साथ लड़ना होगा। विदेश कार्यालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान अपनी ओर से आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। बता दें कि विदेश मंत्रालय के अधिकारी उबैद-उर-रहमान निजामानी को काबुल में पाकिस्तान दूतावास परिसर में टहलते समय अज्ञात बंदूकधारियों ने निशाना बनाया।

हमले में उनका गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। फिर पाकिस्तान सरकार ने घायल गार्ड को हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया जिसका इलाज चल रहा है। पाकिस्तान ने मांग की कि हमले के अपराधियों को पकड़ा जाना चाहिए साथ ही दूतावास परिसर की सुरक्षा के गंभीर उल्लंघन की जांच शुरू की जानी चाहिए। साथ ही कहा कि पाकिस्तान के राजनयिक परिसरों, अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# दुनिया में शांति लाने के लिए सभी देशों को एकजुट करेंगे मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति ने किया ट्वीट

**पेरिस ।**
भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी एक तस्वीर ट्वीट की। अपने ट्वीट में उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ की। मैक्रों ने लिखा कि एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य भारत ने जी20इंडिया की अध्यक्षता संभाली है।

मैं अपने मित्र नरेंद्र मोदी पर भरोसा करता हूं कि वे हमें शांति और अधिक टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए साथ लाएंगे। बता दें कि इससे पहले कई अन्य देशों ने भी उम्मीद जताई है कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में होने वाला जी-20 समिट निर्णायक साबित होगा। बता दें कि एक दिसंबर 2022 से भारत ने जी-20 की कमान संभाल ली है जिसे देश के लिए एक बड़ा अवसर कहा गया है। इस सप्ताह एक ब्लॉग में, पीएम




मोदी ने रेखांकित किया कि भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा। दुनिया आज जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है, उन्हें एक साथ काम करके ही हल किया जा सकता है। आइए हम भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी को उपचार, सद्भाव और आशा की प्रेसीडेंसी बनाने के लिए एक साथ शामिल हों।

### 75 विश्वविद्यालयों के युवा बनेंगे सम्मेलन का हिस्सा

देश के 75 विश्वविद्यालयों के युवाओं को सम्मेलन का हिस्सा बनाने की योजना है। जी-20 से संबंधित सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे जहां लोग फोटो खिंचा सकेंगे। ऑडियो-वीडियो के माध्यम से देश के नागरिकों को सम्मेलन की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। एफएम रेडियो भी प्रचार का माध्यम बनेगा।

### सबसे बड़ा आयोजन बनाने की मुहिम

मंत्रालय के मुताबिक कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है। भारत जिस बड़े पैमाने पर सम्मेलन के आयोजन की रूपरेखा तैयार कर रहा है उतने बड़े पैमाने पर अब तक जी-20 की बैठक नहीं हुई है। चीन में 14 और इंडोनेशिया में 25 शहरों में जी-20 की बैठक आयोजित हुई थीं।

### जी-20 समूह में ये देश हैं शामिल

जी-20 देशों के समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

### 75 वर्षों की अपनी उपलब्धियों और प्रगति बताएगा भारत

भारत जी-20 में संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत, विविधता और 75 वर्षों की अपनी उपलब्धियों और प्रगति को भी पेश करेगा। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार भारत अपनी अध्यक्षता में अगले साल 9 और 10 सितंबर को जी-20 के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। पहली तैयारी बैठक 4-7 दिसंबर को उदयपुर में होगी।

### ईरान ने चार लोगों को फांसी पर लटकाया, इस्राइल के लिए जासूसी करने का आरोप

**तेहराना ।** ईरान में जासूसी के आरोप में रविवार को चार लोगों को फांसी पर लटका दिया गया। इन पर इस्राइल की खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। ईरान के सुप्रीम कोर्ट ने इस्राइल की खुफिया एजेंसी के लिए काम करने और लोगों का अपहरण करने के लिए इन्हें मौत की सजा सुनाई थी। जिन कथित जासूसों को फांसी दी गई है, उनमें शाहीन इमानी मोहमदाबादी, हुसैन ओरदोखानजादा, मिलाद अशरफी और मनौचेहर शाहबंदी शामिल हैं। रिवोल्यूशनरी गार्ड (ईरानी सेना) ने जासूसी के आरोप में इन्हें गिरफ्तार किया था और आरोप लगाया गया था ।

# गहलोत सरकार का चार वर्ष का कार्यकाल राजस्थान के माथे पर कलंक : राहटकर



**जयपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री व प्रदेश सह प्रभारी विजय राहटकर ने राहुल गांधी द्वारा झूठे वादे करने पर उन्हें झूठ बोलने की फैक्ट्री करार दिया है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए राहटकर ने कहा कि राहुलजी आप पहले अपने पूर्व में किए गए वादे 10 तक गिनती गिनने से पूर्व किसानों की कर्ज माफी सहित अनेक किए गए वादों की जानकारी कर लेते, तब राजस्थान की पवित्र धरती पर भारत जोड़ो यात्रा के तहत प्रवेश करते। राहटकर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जनविरोधी निष्ठुर होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार किसानों की झूठी हितैषी बनने का दिखावा करती है। प्रदेश का किसान पिछले 4 वर्षों से कर्ज, खाद, यूरिया की कमी, विद्युत आपूर्ति ना होना, अतिवृष्टि के मुआवजे ना मिलने, फसलों का एमएसपी पर खरीद ना होने से त्राहिमाम कर रहा है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण श्रीगंगानगर जिले के सोहनलाल कडेल नाम का कृषक हैं, जिसने अपनी आत्महत्या का जिम्मेदार प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ठहराया है। राहटकर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसान हितेषी है, केंद्र ने 12 लाख मीट्रिक टन यूरिया राजस्थान के लिए सेक्शन किया, जिसे इस कांग्रेस सरकार ने समय पर नहीं उठाया व पिछले भाजपा शासनकाल के दौरान किसान हित में चलाई जा रही योजनाएं बंद कर अपनी संवेदनहीनता का परिचय दिया है। राहटकर ने कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराध, महिलाओं-बच्चियों पर हो रहे दुराचार रोक पाने में पूर्णतया विफल साबित हो चुकी है। मुख्यमंत्री गहलोत के कुशासन के आक्रोश में जनता की आवाज के रूप में भाजपा द्वारा प्रदेश की 200 विधानसभा में रथ के माध्यम से जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है, जो प्रदेश के गांव गांव में 20 हजार चौपाल, 20 हजार नुक्कड़ सभाएं, बड़ी सभाएं कर नव मतदाताओं व दो करोड़ लोगों तक जनसंपर्क कर मौजूदा कांग्रेस सरकार की कारगुजारियों से अवगत कराएगी और जनता की शिकायतों को रथ में लगी शिकायत पेटिका में डालने का आह्वान करेगी। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश का किसान अपनी जीविका पालन कृषि के साथ पशु पालन करके भी करता है, लेकिन मौजूदा सरकार के कुशासन से प्रदेश में बीमारियों से बहुत बड़ी संख्या में गौ माताओं की अकाल मृत्यु हुई है, जिससे प्रदेश को बहुत बड़ी पशु धन की हानि हो चुकी है, इसकी जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से इस सरकार की है। इस दौरान राष्ट्रीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, प्रदेश मंत्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज व प्रदेश मीडिया सह संयोजक अशोक सिंह शेखावत मौजूद रहे।

## शोभायात्रा में लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रीमदभागवतगीता को नमन किया

**सोनीपत ( हंस )।** शहर सोनीपत में रविवार को गीता माता की जय-जयकार के स्वर गुंजायमान हुए। नगर शोभायात्रा को गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने हरी झंडी दिखाई तो लोगों ने जगह जगह पर श्रीमदभागवतगीता को नमन किया। तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह संपन्न हो गया धर्म अध्यात्म की खूशबू बिखेर गया। रविवार की सुबह सेक्टर-15 स्थित जागृति धाम मंदिर से शुरुआती चरण में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, नगराधीश डॉ. अनमोल, डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार सहित जन सेवा जागृति मंच के प्रधान मोहन सिंह मनोचा सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने विधायक निर्मल चौधरी को पुष्पगुच्छ भेंटकर व पटका पहनाया। बैंड की मधुर धुन पर नगर में स्वागत किया गया। श्रीगणेश जी की झांकी से शुरुआत की गई। शोभायात्रा में शीश के दानी खाटूश्याम बाबा के महाभारतकालीन बरबरीक रूप को भी दर्शाया गया।

## सांसद दुष्यंत ने कहा, राहुल का स्वागत, लेकिन हुजूर *आते-आते बहुत देर कर दी*

**झालावाड़ ( हिंस )।** सांसद दुष्यंत सिंह ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर कहा कि राहुल उनके साथ लोकसभा में सांसद साथी हैं, इसलिए नैतिकता के आधार पर एक साथी का उनके झालावाड़-बारां संसदीय क्षेत्र में स्वागत है, लेकिन यदि वह राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनने के 10 दिन बाद आकर ये पता कर लेते कि उनके किए हुए वादे के अनुसार संपूर्ण किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ हुआ है या नहीं, तो ज्यादा ठीक रहता। पत्रकार वार्ता में दुष्यंत सिंह ने राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि *बहुत देर से दर पे आंखें लगी थी, हुजूर आते-आते बहुत देर कर दी।* सांसद ने कहा कि यदि राहुल पहले ही आ जाते, तो कम से कम इस क्षेत्र की सड़कें तो सुधर जाती, जो आज उनकी यात्रा के लिए आनन-फानन में बनी है। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान भ्रष्टाचार, महिला व दलित अत्याचार, अपराध, महंगी बिजली, बेरोजगारी, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में देश में टॉप पर है। क्या राहुल इसके लिए राजस्थान सरकार को ईनाम देने आए हैं। सिंह ने कहा कि जिस भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर, सर्जिकल स्ट्राइक से पाकिस्तान को जवाब देकर, आतंकवाद को ख़त्म कर जोड़ने का काम किया है, उसे अब आपके जोड़ने की जरूरत नहीं है। जरूरत तो कांग्रेस को जोड़ने की है, जो हर दिन खंड-खंड होती जा रही है। दुष्यंत ने कहा कि चलो आप आ ही गए हो तो कम से कम आपकी इस सरकार से जवाब-तलब तो कर लो कि साढ़े तीन लाख सरकारी नौकरियों का वादा कहां गुम हो गया। अब तक जो करीब एक लाख नौकरियां मिली हैं, वो भाजपा सरकार के समय की ही है। अपनी सरकार से पूछ तो लो कि चुनाव से पूर्व बेरोजगारी भत्ता देने का किया गया वादा कौन सी फाईल में धूल खा रहा है।

## राजू ठेहट हत्याकांड : अवैध विदेशी हथियारों सहित पांच गिरफ्तार

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सीकर के राजू ठेहट हत्याकांड के 24 घंटे के अंदर ही हत्या में शामिल सभी पांचों आरोपियों को अवैध विदेशी हथियारों समेत पकड़ लिया गया है। पुलिस से हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल भी हुए। घायल दो आरोपितों के पैर में गोली लगने पर जयपुर एसएमएस अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल दोनों आरोपियों का इलाल चल रहा है। ट्रामा सेंटर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम द्वारा इलाज किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने इस कामयाबी के लिए जयपुर पुलिस महानिरीक्षक(रेंज आईजी) उमेश दत्ता, सीकर पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप तथा झुंझुनू पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा समेत पूरी पुलिस टीम को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि इस टीम को पुरस्कृत भी किया जायेगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) डॉ. रविप्रकाश मेहरडा ने बताया कि शनिवार की सुबह 10 बजे के आसपास सीकर के पीपराली रोड स्थित राजू ठेहट के मकान के गेट के पास अज्ञात बदमाशों ने राजू ठेठ पर फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी। इसके अलावा बदमाश भागते समय पास ही खड़े ताराचंद जाट (45) निवासी दोतिना खाटू जिला नागौर और कैलाश चंद्र माली (40) निवासी वार्ड नंबर 49 थाना उद्योग नगर जिला सीकर पर भी फायरिंग कर उनकी कार लेकर फरार हो गए। गंभीर घायल ताराचंद की अस्पताल में मौत हो गई। डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न पुलिस टीमों का गठन किया गया। अज्ञात बदमाशों को चिन्हित करने के प्रयास के दौरान सामने आया कि इन बदमाशों ने सीकर के करणी हॉस्टल में हत्या से पहले से एडमिशन ले रखा था। इनकी फोटो व अन्य रिकॉर्ड प्राप्त किए गए। आईजी उमेश दत्ता के निर्देशन एवं एसपी झुंझुनू मृदुल कच्छावा व सीकर एसपी कुंवर राष्ट्रदीप के नेतृत्व में दोनों जिलों की पुलिस व एटीएस-एसओजी जयपुर की संयुक्त टीमों ने सघन तलाशी अभियान चलाया। साथ ही जगह-जगह नाकाबंदी की गई। इसी दौरान दोपहर को झुंझुनू के बबाई में पुलिस नाकाबंदी तोड़ क्रेटा कार में सवार बदमाश फायरिंग करते हुए हरड़िया होते हुए बागोली नदी में उतर गए। पुलिस की 15 टीमों ने बाघोली नदी के निकट पहाड़ियों हरड़िया, काकरिया, सुरपुरा, बागोली, पापड़ा, नयाबास, हरीपुरा इत्यादि के गांव में सर्च अभियान चलाया। बदमाशों के फरार होकर शरण लेने के सम्भावित स्थानों पर भी तलाशी ली गई।

## भाजपा ने सभी 200 विस क्षेत्रों में एक साथ किया जन आक्रोश रथ यात्रा का शंखनाद

**जयपुर ( हिंस )।** कांग्रेस सरकार के अराजक शासन, भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, किसानों-युवाओं से की गई वादाखिलाफी इत्यादि जनहित के मुद्दों को लेकर प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में रविवार को भाजपा की जन आक्रोश यात्राओं का एक साथ शंखनाद हुआ। सभी सीटों पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सांसद, विधायक एवं कार्यकर्ताओं ने जन आक्रोश रथ यात्रा के आगाज के साथ ही चौपाल और नुक्कड़ सभाओं के आयोजन भी शुरू कर दिए, जो पूरी यात्रा में प्रतिदिन होंगे। भाजपा की इस यात्रा में कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र की प्रतियां जनता को बांटी जा रही हैं, जिसमें वादाखिलाफी, कानून व्यवस्था इत्यादि बिंदुओं को प्रमुखता से शामिल किया गया है, इसके अलावा शिकायत पत्र फॉर्म भी जनता से भरवाये जा रहे हैं, जो प्रत्येक रथ में लगी शिकायत पेटिका में एकत्रित किये जा रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक वितरित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने रविवार को झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में झाडखंड महादेव मंदिर से और आमेर में शिला माताजी मंदिर से रथों का पूजन कर जन आक्रोश यात्राओं का शंखनाद किया, इस दौरान की गई चौपालों में कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे। वहीं यात्रा में प्रतिदिन चौपालें और नुक्कड़ सभाओं के जरिए जनता से संवाद के कार्यक्रम भी रहेंगे। डॉ. पूनियां ने आमेर में शिला माताजी मंदिर से यात्रा का शुभारंभ रथ का पूजन कर किया, इस दौरान वह मंदिर परिसर से कुंडा तक करीब 05 किलोमीटर कार्यकर्ताओं के साथ पैदल चलकर यात्रा में शामिल हुए। डॉ. पूनिया ने कहा कि चार साल के कांग्रेस के शासन में जंगलराज, कुशासन, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी के खिलाफ भाजपा ने सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में जन आक्रोश आंदोलन का व्यापक स्तर पर आगाज किया है, जिसमें यह यात्रा सभी विधानसभा क्षेत्रों में हर शहर, गांव-ढाणी तक जाएगी,जिसमें कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए झूठे वादों से जनता को अवगत करायेंगे और जनता की मुखर आवाज बनने का काम करेंगे। कांग्रेस सरकार ने किसान कर्जमाफी को लेकर किसानों से, रोजगार को लेकर युवाओं से वादाखिलाफी की। साथ ही भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, बदहाल चिकित्सा और शिक्षा व्यवस्था, बिजली, सड़क और पानी की बुनियादी समस्याओं को लेकर पूरे प्रदेश की जनता में आक्रोश है, जिसको मुखरता देने के लिए भाजपा ने जन आक्रोश अभियान की शुरुआत की है। मेरा सौभाग्य है कि शिला माताजी के आशीर्वाद से कर्मभूमि आमेर से कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ इस आंदोलन की शुरुआत की है। मुझे पूरा भरोसा है कि 2023 में कांग्रेस के कुशासन और जंगलराज से राजस्थान की जनता को मुक्ति मिलेगी, जिसमें भाजपा की जन आक्रोश यात्रा महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। कांग्रेस सरकार के जंगलराज में पूरे राजस्थान की कानून व्यवस्था बदहाल है, निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, एक बेटी के सामने उसके पिता की गोलियों से हत्या कर दी जाती है और राज्य सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठे रहती है, इसलिये गूंगी, बहरी कांग्रेस सरकार और कुर्सी से चिपके बैठे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को जनता हमेशा के लिए विदाई को तैयार बैठी है।

## तीन किलो हेरोइन के साथ एक क्वाडकॉप्टर ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़ ( हंस )।** पंजाब पुलिस ने बीएसएफ के सहयोग से तरनतारन की बॉर्डर चौकी (बीओपी) कालिया के सरहदी क्षेत्र में शनिवार और रविवार के बीच की रात को तलाशी मुहिम चलाई। इस दौरान तीन पैकेट में 3.06 किलो हेरोइन के साथ एक क्वाडकॉप्टर ड्रोन बरामद किया। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि तरनतारन पुलिस ने एक सप्ताह से भी कम समय में यह चौथा ड्रोन बरामद किया है। बीते मंगलवार को खेमकरन में बॉर्डर चौकी (बीओपी) हरभजन के अधिकार क्षेत्र में 6.68 किलोग्राम हेरोइन के छह पैकेट लेकर जा रहा ड्रोन बरामद किया था। इसके अगले ही दिन खालसा के गांव वण तारा सिंह के इलाके में से एक टूटा हुआ क्वाडकॉप्टर ड्रोन बरामद किया गया। इसी तरह तरनतारन के खेमकरन क्षेत्र से शुक्रवार को 5.60 किलोग्राम हेरोइन के 5 पैकेट लेकर जा रहे एक अन्य ड्रोन को बरामद किया गया। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि शनिवार और रविवार के बीच की रात को भारत-पाकिस्तान सरहद से सिर्फ 2 किलोमीटर दूर गांव कालिया में ड्रोन की हलचल होने पर तरनतारन जिले की पुलिस ने बीएसएफ के साथ जानकारी साझा की।

## रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं



**कैथल ( हिंस )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला रविवार को किसान भवन मैं कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी और उनसे बातचीत की। इस दौरान कैथल जिले से नवनिर्वाचित ब्लॉक समिति मेंबर व जिला परिषद मेम्बर भी किसान भवन पहुंचे और रणदीप सिंह सुरजेवाला को मुबारकबाद दी और उनका मुंह मीठा करवाया। सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार पर युवा, गरीब, मध्यम वर्गीय, सामान्य नागरिकों के विरोधी होने का आरोप लगाया। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार प्रदेश के बच्चों को बेवकूफ बना रही है। गरीब, सामान्य, मध्यमवर्गीय बच्चों को डॉक्टर बनने से महरूम कर रहे हैं। खट्टर सरकार द्वारा प्रदेश के मेडिकल छात्रों पर थोपा जा रहा बांड हकीकत में चोर दरवाजे से बढ़ाई गई फीस है। बांड के नाम पर लूट का यह खेल केवल मेडिकल एजुकेशन तक ही रुकने वाला नहीं है। आने वाले दिनों में शिक्षा माफिया के नुमाईंदे की तरह छात्रों से मोल-भाव कर रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल इसे यहीं तक सीमित रखने वाले नहीं हैं।

## कश्मीरा सिंह को जिलाध्यक्ष चुने जाने पर बधाइयों का तांता



**जम्मू।** भारतीय जनता पार्टी जिला सांबा भाजपा जिला अध्यक्ष कश्मीरा सिंह को बनाए जाने पर भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता ने उनके निवास स्थान पर जाकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर अनेकों कार्यकर्ता उनके साथ है। इस मौके पर भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता ने कहा कि श्री कश्मीरा सिंह हमेशा ही भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया और एक सच्चे सिपाही के नाते उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को जिला सांबा में बहुत ही मजबूत किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना ने कश्मीरा सिंह को सांबा जिला का अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें दिल की गहराइयों से हार्दिक अभिनंदन किया। भारत भूषण ने हमारे जिला को एक मजबूत दमदार जिला अध्यक्ष कश्मीरा सिंह को दिया है उनके भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष बनने पर पार्टी और अधिक मजबूती के साथ उतरेगी और ज्यादा से ज्यादा विधानसभा की सीटें हमारे सांबा जिला में आएंगी।

## दंत स्वास्थ्य पर टॉक शो का आयोजन



**जम्मू।** जम्मू विश्वविद्यालय के पेरियोडोंटिस्ट और इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) जम्मू के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गौतम शर्मा ने आज कैसे दंत रोग सामान्य स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं विषय पर बात की। डेनटो द्वारा आयोजित एक लाइव टॉक शो के दौरान, जो दंत चिकित्सा शिक्षा का एक ऑनलाइन मंच है। डॉ. गौतम शर्मा ने अपनी प्रस्तुति में बताया कि ओरल हेल्थ और सामान्य स्वास्थ्य एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने दर्शकों को सूचित किया कि रोगजनक और विषाणुजनित बैक्टीरिया जो दंत संक्रमण का कारण बनते हैं, रक्त के माध्यम से परिवहन और फैल सकते हैं जिससे सूजन की प्रक्रिया के माध्यम से शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में संक्रमण हो सकता है। मसूड़ों की बीमारी होने का एक सामान्य कारण बैक्टीरिया के कारण होने वाला संक्रमण है, जो अगर अनुपचारित छोड़ दिया जाए, तो दांतों की सहायक संरचनाओं के विनाश के कारण पीरियंडोंटाइटिस हो सकता है। मानव शरीर एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को सिक्रय करके इन जीवाणुओं का जवाब देता है जिससे सूजन हो जाती है जो हानिकारक उत्तेजना के खिलाफ एक सुरक्षात्मक प्रतिक्रिया है। लेकिन जब यह सूजन अत्यधिक होती है तो यह शरीर के सामान्य ऊतकों को नुकसान पहुंचा सकती है। बातचीत के दौरान, डॉ. गौतम ने जोर देकर कहा कि पीरियडोंटाइटिस जो दांतों के सहायक ऊतकों की बीमारी है, हृदय की समस्याओं, गर्भावस्था के दौरान जिटलताओं, मधुमेह के अनियंत्रित नियंत्रण, कोविड-19 जिटलताओं, फेफड़ों और गुर्दे की समस्याओं में जोखिम कारक के रूप में कार्य कर सकता है। उन्होंने दर्शकों को सलाह दी कि अच्छे दंत स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए मुलायम ब्रिसल वाले टूथब्रश से रोजाना दो बार ब्रश करना एक बुनियादी आवश्यकता है। कई लोग सिर्फ सुबह ही ब्रश करते हैं, लेकिन रात के खाने के बाद ब्रश करना अनिवार्य होता है। डेंटल फ्लॉस का उपयोग दो दांतों के बीच मौजूद खाद्य कणों को हटाकर अंत:स्रावी क्षय से बचा जा सकता है। कैंडी, चॉकलेट, वेफर्स जैसे नरम, चिपचिपे और मीठे भोजन से बचें और आलू के चिप्स जैसे काबरेहाइड्रेट युक्त भोजन से भी बचें जो दांतों से चिपक जाते हैं और दांतों की सतह के साथ-साथ दंत गुहाओं (दंत क्षय) पर जीवाणु पिट्टका का निर्माण करते हैं। टूथब्रश करने के दौरान या सेब जैसी कठोर सतह पर काटने के बाद रक्तस्राव, मसूढ़ों का सिकुड़ना, मसूड़ों में सूजन और दांतों का ढीला होना या हिलना पीरियडोंटाइटिस के लक्षण हो सकते हैं।

## माई टाउन माई प्राइड वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन



**बसोहली।** यूथ सर्विसेज एंड स्पोर्ट्स की ओर से माई टाउन माय प्राइड के तहत राजकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बसोहली वॉलीबॉल का आयोजन किया गया। वार्ड नंबर 5 व 13 के बीच मैच हुआ। इस मैच में वार्ड नंबर 5 ने दो सेट से जीत दर्ज की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बसोहली नगर पालिका अध्यक्ष सुमेश सापोलिया उपस्थित थे। खेल के सुमेश सपोलिया ने भी बच्चों से बातचीत की और कहा कि खेल को अपने निजी जीवन को अपनाना चाहिए। अंचल प्रभारी बसोहली तारा सिंह के नेतृत्व में। शारीरिक शिक्षक नवीन चौधरी। दीपक चांग। सुशांत मिश्रा। समीक्षा पाठक। पूजा सहोत्रा व स्कूल के शिक्षकों ने भी पूरा सहयोग दिया।

## जीवन में सकारात्मक सोच से आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है गीता : बबली

**फतेहाबाद ( हिंस )।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने रविवार को जिला स्तरीय गीता महोत्सव के तहत निकाली जाने वाली नगर शोभा यात्रा को पंचायत भवन परिसर से झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा शहर के विभिन्न हिस्सों से गुजरी जहां पर नागरिकों व सामाजिक-धार्मिक संगठनों ने भव्य स्वागत किया। इससे पहले विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने गीता महोत्सव में विभिन्न विभागों और सामाजिक-धार्मिक संगठनों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी सराहना भी की। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने श्रीमद्भगवत गीता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सबके सुख की कामना की और कहा कि गीता हमें कर्म के बारे में ज्ञान देती है। उन्होंने हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया कि जिला स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर गीता महोत्सव के प्रचार प्रसार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि हम बड़े सौभाग्यशाली है कि भगवान श्री कृष्ण ने कुरूक्षेत्र की पावन धरा पर गीता का ज्ञान दिया। गीता हमें कर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। पवित्र ग्रंथ गीता हमें जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहने की नई प्रेरणा देती है। व्यक्ति के जीवन में अंधकार या कठिनाई होती है तो गीता हमें राह दिखाती है। गीता के छोटे से सार को पढ़ने के बाद हमारे जीवन के हर संशय को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मानवता का ग्रंथ गीता में ही समाहित है। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा कि अभी हॉल ही में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव हुए है और पढ़ी लिखी व स्वच्छ छवि के लोग चुनकर आए है। सरकार ने उनको व्यक्तिगत रूप से शनिवार को शपथ भी दिलाई है। इसलिए जन प्रतिनिधियों से आह्वान है कि वे ग्रामीण विकास के साथ-साथ सामाजिक बुराईयों के खात्मे के लिए काम करेंगे और गांवों में भाईचारा बनाए रखेंगे। इस अवसर पर उपायुक्त जगदीश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## जानवरों के साथ अवैध व्यवहार पर रोहित बाली के खिलाफ विरोध दर्ज



**जम्मू।** ब्रह्म ज्योत सत्ती, अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा जम्मू कश्मीर के निर्देश पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जम्मू पश्चिम इकाई ने रोहित बाली और उनके ट्रस्ट के खिलाफ गाय और अन्य जानवरों के साथ अवैध व्यवहार के खिलाफ विरोध किया, जो उनके ट्रस्ट में रह रहे हैं। रोहित बाली नेकां के पूर्व कार्यकर्ता हैं और वर्तमान में वह पुलिस हिरासत में हैं। कुछ दिन पहले भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों को उसके खिलाफ कई शिकायतें मिलीं क्योंकि वह गाय और अन्य जानवरों को बिना किसी कारण के गुस्से से पीटता है। तो बीजेपी ओबीसी मोर्चा ने इसका संज्ञान लिया और सूत्रों के हवाले से वो वीडियो देखा जो वाकई चौंकाने वाला था। वीडियो वायरल हो गया और जनता की शिकायतों के बाद पुलिस ने रोहित बाली को गिरफ्तार कर लिया। आज केवल वर्मा (जिला अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा जम्मू पश्चिम) की देखरेख में भाजपा ओबीसी मोर्चा जम्मू पश्चिम इकाई ने रोहित के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और रोहित को पवित्र पशु गाय के साथ व्यवहार करने के लिए जेल की मांग की। इस पर बोलते हुए ब्रह्म ज्योत रोहित बाली को आड़े हाथों लिया और कहा कि हालांकि रोहित ने एनसी छोड़ दी है, लेकिन नेशनल कांफ्रेंस की सोच नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि गाय हिंदुओं के लिए पवित्र पशु है और रोहित बाली जैसे लोग हमेशा हिंदुओं की भावनाओं के साथ खेलते हैं और हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा इस तरह के व्यवहार को बर्दाश्त नहीं कर सकती है और रोहित बाली को कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए और जो कोई भी गाय और अन्य मासूम जानवरों के साथ इस तरह का नाजायज व्यवहार कर रहा है उसे सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने एलजी मनोज सिन्हा से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की और रोहित बाली का ट्रस्ट सरकार को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा समाज के हर वर्ग के साथ खड़ा है और सभी समुदायों के लिए काम कर रहा है। अगर किसी को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो हमसे संपर्क कर सकता है हम उसे उचित सहायता प्रदान करेंगे। जीएस राकेश मंडल मंडल एल प्रधान दीपक मंडल प्रधान टीटी, दीपकजी मंडल प्रधान टीटी पवन वर्मा जी उपाध्यक्ष सुरेश जी उपाध्यक्ष मदन वर्माजी सचिव राहुल शर्मा सुनील मानस राम लाल सलगोत्रा सुमित शलोत्रा वेद प्रकाश मोहिंदर वर्मा जी अशोक सालगोत्रा जिला महासचिव राकेश मंडल मंडल प्रधान जेपी और अन्य विरोध में उपस्थित थे।




# जियो और एयरटेल और वीआई : 2,999 रुपए के प्लान में पूरे साल चलेगा मोबाइल

**नई दिल्ली।**
वोडाफोन आईडिया ने सालभर की वैलिडिटी वाला नया प्लान लॉन्च किया है। नए अनलिमिटेड प्रीपेड प्लान की कीमत 2,999 रुपए है। इसमें अनलिमिटेड एसटीडी और लोकल कलिंग के साथ यूजर को एक साल के लिए 865जीबी इंटरनेट डेटा दिया जाएगा। आपको बता दें कि जियो और एयरटेल भी 2,999 रुपए कीमत वाले प्लान ऑफर करते हैं, आज हम आपको तीनों कंपनियों के 2,999 रुपए वाले प्लान्स के बारे में बता रहे हैं।

**वोडाफोन आइडिया का 2999 रुपए वाला प्लान** – वोडाफोन आइडिया का ये प्लान कुल 365 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है। इसमें अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग के साथ कुल 850जीबी डाटा ऑफर किया जाता है। हर दिन 100 एसएमएस की सुविधा मिलती है। इसके अलावा और सर्विसेज की सुविधा मिलती है।

**जियो का 2999 रुपए वाला प्लान** – यह प्लान 365 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है। इसमें अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग के साथ रोजाना 2.5जीबीडाटा मिल रहा है। हर दिन 100 एसएमएस की सुविधा मिलती है। इसमें आपको जियो के दूसरे एप्स जैसे जियो टीवी, जियो सिनेमा, जियो सिक्योरिटी और जियो क्लाउड का सब्सक्रिप्शन भी मिलता है।

**एयरटेल का 2999 रुपए वाला प्लान** – एयरटेल के इस प्लान में 365 दिनों की वैलिडिटी मिलेगी। इसमें अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग के साथ रोजाना 2जीबी मिल रहा है। इसमें भी हर दिन 100 एसएमएस की सुविधा मिलती है। इसके साथ ही फ्री हेलोट्यून्स और विंक म्यूजिक पर 100 रुपए का कैशबैक ऑफर किया जाता है।

**जियो के सस्ते प्लान: 200 रुपए से भी कम में महीनेभर चलेगा मोबाइल** – जियो अपने मोबाइल यूजर्स को कई ऐसे प्लान ऑफर करता है जिसमें 200 रुपए महीने से भी कम में आपका मोबाइल महीनेभर चलेगा। इतना ही नहीं इन प्लान्स में आपको अनलिमिटेड कॉलिंग, डाटा और एसएमएस के साथ ही कई अन्य फायदे भी मिलेंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### खिलौना क्षेत्र को पीएलआई लाभ देने जा रही सरकार, बढ़ेगा निवेश और घरेलू विनिर्माण



**नई दिल्ली** । खिलौना उद्योग को भारत सरकार 3,500 करोड़ रुपये का पीएलआई लाभ (उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन) देने पर विचार कर रही है। हालांकि, यह लाभ सिर्फ उन्हीं खिलौनों पर मिलेगा, जो भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के नियमों का अनुपालन करते हैं। सरकार के इस कदम का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और निवेश को आकर्षित करना है। एक अधिकारी ने बताया, खिलौना उद्योग के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू करने और सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत से 60 प्रतिशत किए जाने जैसे फैसलों से देश में घटिया आयात कम हुआ है और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया, हम खिलौनों के लिए पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) का लाभ देने के लिए काम कर रहे हैं। हालांकि, यह बीआईएस के मानकों के अनुरूप खिलौनों को ही दिया जाएगा। बता दें, पीएलआई लाभ अलग-अलग निवेश स्लैब के अनुसार दिया जा सकता है। यह 25 करोड़ रुपये से लेकर 50 करोड़ रुपये और 100-200 करोड़ रुपये तक हो सकता है। अधिकारी ने बताया, लंबित प्रस्ताव प्रस्ताव पूरे उत्पाद पर प्रोत्साहन देने का है न कि पुर्जों पर। उन्होंने बताया, खिलौना उद्योग के लिए अभी भी कुछ पुर्जों को बाहर से आयात करने की जरूरत है। कई पुर्जे भारत में नहीं बनते हैं।

### डाटा प्रोटक्शन बिल में स्टार्टअप्स के लिए हो सकता है छूट का प्रावधान, संसद के बजट सत्र से उम्मीद




**नई दिल्ली।** सरकार प्रस्तावित डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटक्शन बिल में अपने व्यापार की शुरुआत कर रहे स्टार्टअप्स को कुछ नियमों में छूट देने पर विचार कर रही है। ये जानकारी सूत्रों की ओर से दी गई है। सरकार की ओर से इस पर विचार किए जाने के पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि नियमों का पालन करने के कारण इनोवेशन देश से बाहर ना जाए। हालांकि यह छूट स्टार्टअप्स को एक निश्चित समय के लिए ही होगी। सूत्रों के हवाले से बताया कि कुछ स्टार्टअप्स जिन्हें अपने उत्पादों को विकसित करने के लिए डाटा मॉडलिंग आदि की आवश्यकता होती हैं, उन्होंने निश्चित समय के लिए छूट दी जा सकती है। डीपीडीपी बिल में केवल केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित डाटा फिडुशियरी और डाटा प्रोसेसिंग संस्थाओं को ही डाटा कलेक्शन, डाटा शेयरिंग और डाटा प्रोसेसिंग की इजाजत दी गई है।

### शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों की मार्केट कैप 1.15 करोड़ बढ़ी, रिलायंस टॉप पर कायम



**नई दिल्ली** । सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ कपंनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,15,837 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी बीते सप्ताह में हुई है। सबसे अधिक फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है। वहीं टॉप 10 कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के मार्केट कैप में गिरावट दर्ज की गई है। शेयर बाजार के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 71,462.28 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 18,41,994.48 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप में बढ़कर 6,14,488.60 करोड़ रुपये पहुंच गया। बता दें, बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 574.86 अंक के लाभ में रहा। बुधवार यह पहली बार 63,000 अंक के पार जाकर बंद हुआ। अन्य कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 18,441.62 करोड़ रुपये बढ़कर 12,58,439.24 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इसके अलावा, इन्फोसिस का मूल्यांकन 3,303.5 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,89,515.09 करोड़ रुपये रहा। अडाणी एंटरप्राइजेज की बाजार हैसियत भी 2,063.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,47,045.74 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

## मेक इन ओडिशा कान्क्लेव का तीसरा संस्करण सम्पन्न

# ओडिशा को मिले 10.50 लाख करोड़ रुपये के 741 निवेश प्रस्ताव

**भुवनेश्वर।**
राजधानी भुवनेश्वर में बुधवार से शुरू हुआ चार दिवसीय मेक इन ओडिशा कान्क्लेव खत्म हो गया है। इस कान्क्लेव में ओडिशा को कुल 10.50 लाख करोड़ रुपये के 741 पूंजी निवेश का आश्वासन मिला है। इस कान्क्लेव के माध्यम से राज्य में करीब 6 लाख करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद सरकार ने लगायी है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कान्क्लेव के सफलता के साथ सम्पन्न होने पर सभी निवेशकों के प्रति आभार जताया है।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार शाम को मेक इन ओडिशा कान्क्लेव के समापन अधिवेशन में भाग लेकर कहा कि कान्क्लेव के माध्यम से ओडिशा को 10.50 लाख करोड़ रुपये का पूंजी निवेश का प्रस्ताव आया है और इससे करीब 10.50 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। कोरोना महामारी के बाद इतना बड़ा पूंजी निवेश प्रस्ताव आने पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्ति किया और इसे आगामी दिनों में कार्य करते हुए नए युग के ओडिशा बनाने के लिए सभी से मिलकर कठिन परिश्रम करने का आह्वान किया।




**इतने लाख लोगों मिलेगा रोजगार** – राज्य सरकार से मिली जानकारी के मुताबिक, मेक इन ओडिशा कान्क्लेव के तीसरे संस्करण के माध्यम से राज्य में कुल 10 लाख 48 हजार 807 करोड़ रुपये के 741 पूंजी निवेश का आश्वासन मिला है। इससे 10 लाख 37 हजार 701 लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

**क्षेत्रों में मिले सबसे अधिक निवेश प्रस्ताव** – सर्वाधिक पूंजी निवेश का 145 प्रस्ताव मिनेरल्स, मेटल, एंसीलरी एवं डाउनस्ट्रीम क्षेत्र से मिले हैं। इसके द्वारा राज्य में 5.50 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा तथा 3 लाख 55 हजार 615 लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से नियुक्ति मिलेगी। उसी तरह से शक्ति, अक्षय शक्ति क्षेत्र से कुल 2.38 लाख करोड़ रुपये के 32 प्रस्ताव आए हैं एवं 72 हजार रोजगार पैदा होंगे। लजिस्टिक एवं इनफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में 1.19 लाख करोड़ रुपये के 87 प्रस्ताव के साथ खाद, पेट्रोकेमिकल्स एवं प्लास्टिक में 76 हजार करोड़ रुपये के 93 प्रस्ताव आए हैं, जिससे 64 हजार 760 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

मैनुफैक्चरिंग क्षेत्र में 2.1634 करोड़ रुपये के 64 प्रस्ताव आए हैं, जिससे 28545 लोगों को नियुक्ति मिलेगी। पर्यटन क्षेत्र में 8235 करोड़ रुपये के 41 प्रस्ताव (37943 लोगों का रोजगार), आईटी और ईएसडीएम के क्षेत्र में 7740 करोड़ रुपये के 37 प्रस्ताव (54392 लोगों का रोजगार), 7249 करोड़ रुपये के 102 प्रस्ताव (1.45 लाख लोगों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार) मिले हैं।

इसी तरह, स्वास्थ्य सेवा और दवा क्षेत्र में 3,935 करोड़ रुपये के 22 प्रस्ताव (11,276 लोगों को रोजगार), कपड़ा और परिधान में 2,640 करोड़ रुपये के 20 प्रस्ताव मिले हैं जिससे 33,587 लोगों को रोजगार मिलेगा। एरोस्पेस और रक्षा में 2,055 करोड़ रुपये के 10 प्रस्ताव मिले हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ी के क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये का एक प्रस्ताव मिला है, जिससे 27 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

स्टाफिंग में 280 करोड़ के 5 प्रस्ताव मिले हैं, जिसमें 4 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में मात्र 66 करोड़ रुपए के दो प्रस्तावों मिले हैं, जिसमें 240 लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। फिल्म और मनोरंजन के क्षेत्र में 15 करोड़ रुपये का एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और इससे 75 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, उक्त जानकारी राज्य सरकार की तरफ से दी गई है।

**इस बार मिला सबसे अधिक निवेश** – गौरतलब है कि 2016 के मेक इन ओडिशा कान्क्लेव में राज्य को 2.03 लाख करोड़ रुपये के 84 निवेश प्रस्ताव मिले थे जबकि 2018 के मेक-इन ओडिशा कॉन्क्लेव में 4.23 लाख करोड़ रुपये के 202 प्रस्ताव आश्सावन मिला था। इसमें से भी तक 2016 के प्रस्ताव से 69 प्रतिशत एवं 2018 के प्रस्ताव से 53 प्रतिशत निवेश प्रस्ताव को अभी तक सरकारी तौर पर अनुमोदन मिला है।

## आयकर से करदाताओं को राहत

# एडजस्टमेंट पर 21 दिन में अधिकारियों को करना होगा फैसला, रिफंड में आएगी तेजी




**नई दिल्ली।**
देशभर के आयकरदाताओं के लिए खुशखबरी है। आयकर विभाग ने बकाया कर के मुकाबले रिफंड एडजस्टमेंट करने की समयसीमा को कम कर दिया है। इससे करदाताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। कर अधिकारियों को अब इस तरह के मामलों में अब 21 दिन में निर्णय करना होगा। माना जा रहा है कि इस फैसले से विभाग और आयकरदाता के बीच मुकदमेबाजी में कमी होगी। आयकर निदेशालय ने कहा है कि मूल्यांकन अधिकारियों को फैसला करने के लिए दी गई 30 दिन की समयसीमा को 21 दिन कर दिया गया है। इस फैसले से करदाताओं को जल्दी रिफंड मिलेगा। जारी बयान में कहा गया कि अगर करदाता एडजस्टमेंट के लिए सहमत नहीं है या आंशिक रूप से सहमत है, तो मामले को केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र द्वारा तुरंत मूल्यांकन अधिकारी को भेजा जाना चाहिए, जो 21 दिन के भीतर सीपीसी को अपनी राय देंगे कि समायोजन किया जा सकता है या नहीं।

**करदाताओं की परेशानियां होंगी कम** – इस संबंध में एएमआरजी एंड एसोसिएट के सीनियर पार्टनर रजत मोहन ने कहा कि रिफंड के समायोजन से जुड़े कई मामलों में सीपीसी ने पाया कि मांग का गलत वर्गीकरण या मूल्यांकन अधिकारी की प्रतिक्रिया नहीं मिलने के चलते रिफंड का गलत एडजस्टमेंट हुआ। ऐसे में अनावश्यक मुकदमेबाजी हुई। उन्होंने कहा कि ताजा निर्देश के बाद करदाता की शिकायतों का जवाब 21 दिन में देना होगा। मोहन आगे कहा गया कि मूल्यांकन अधिकारी के पास अब शिकायतों का जवाब 21 दिन का समय होगा, जोकि पहले 30 दिन था। यह सीपीसी को इसके बाद रिफंड होल्ड करने से रोकता है। इससे करदाताओं की समस्या का जल्द समाधान करने में मदद मिलेगी।

**जल्द मिलेगा रिफंड** – एकेएम ग्लोबल पार्टनर संदीर सहगल ने कहा कि सीबीडीटी की ओर से करदाताओं की सही परेशानी को पहचाना गया है। देखा गया है कि कई बार रिफंड को गलत डिमांड में एडजस्ट कर दिया जाता है। जवाब देने के समय में कमी आने से रिफंड जल्दी मिलेगा और किसी भी देरी के लिए मूल्यांकन अधिकारी जिम्मेदार होगा।

# फिनटेक कंपनियों पर निर्भरता के बजाय अपनी तकनीक विकसित करें बैंक

**नई दिल्ली ।**
बैंकों की मुख्य गतिविधियों की ज्यादा आउटसोर्सिंग से एकाग्रता जोखिम पैदा होगा। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के एक कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यकारी निदेशक अजय कुमार चौधरी ने इस मामले में बैंकों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, बैंक प्रबंधन के शीर्ष स्तर को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे मुख्य गतिविधियों को तीसरे पक्ष को आउटसोर्स न करें। बल्कि उन्हें अपनी खुद की कोर बैंकिंग गतिविधियों को अपग्रेड करने पर ध्यान देना चाहिए। चौधरी ने कहा, आउटसोर्सिंग को लेकर हमारे दिशानिर्देश हैं। आउटसोर्सिंग करते समय यह बहुत महत्वपूर्ण है कि स्थिति को ठीक करने के साथ-साथ बैंकिंग प्रणाली की वित्तीय स्थिरता के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय स्थापित किए जाएं। खोजपरक समाधान प्रदान करने वाली फिनटेक कंपनियां इस क्षेत्र में काम कर रही हैं। ऐसे में बैंकों ने तेजी से कई गतिविधियों, विशेष रूप से ग्राहक सेवाओं को इन कंपनियों को आउटसोर्स किया है। उन्होंने कहा, हम बैंकिंग और वित्त क्षेत्र में सेवाओं की आउटसोर्सिंग में वृद्धि देख रहे हैं। बैंकों को अपने कोर बैंकिंग समाधान के विकास और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंकिंग में टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ रहा है। बैंक सीमित तकनीकी प्रदाताओं के साथ सहयोग कर रहे हैं। इससे एकाग्रता का जोखिम बढ़ सकता है। चौधरी के अनुसार, इस तरह के जोखिम को कम करने के लिए विविधीकरण सबसे आसान तरीका है।




### क्रूड पर 60 कैप को मानने से रूस का इनकार: रूस ने कहा- हम इसे नहीं मानेंगे

**नई दिल्ली।** रूस ने क्रूड ऑयल पर 60 डॉलर प्रति बैरल के प्राइस कैप को मानने से इनकार कर दिया है। हाल ही में यूरोपियन यूनियन द ग्रुप ऑफ सेवन नेशन और ऑस्ट्रेलिया ने रूसी क्रूड ऑयल पर यह प्राइस कैप लगाया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इस तरह के कैप के लिए कुछ तैयारियां की गई थीं। हम प्राइस कैप को स्वीकार नहीं करेंगे और हम मूल्यांकन खत्म होने के बाद आपको सूचित करेंगे कि किस तरह से इस काम को आगे बढ़ाया जाएगा। यूक्रेन पर हमले के बाद से ही पश्चिमी देश रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगा चुके हैं। अब वो रूस के ऑयल पर प्राइस कैप लगाकर उसकी फाइनेंशियल कंडीशन को कमजोर करना चाहते हैं। रूस को अपने ऑयल के एक्सपोर्ट से बड़े पैमाने पर रेवेन्यू मिलता है।

# अदाणी समूह बनेगा एनडीटीवी का सबसे बड़ा शेयरधारक, आज खत्म होगा ओपन ऑफर

**नई दिल्ली ।**
एनडीटीवी के सबसे ज्यादा शेयर अब अदाणी समूह के पास होंगे। दरअसल, शनिवार को एनडीटीवी के शेयरधारकों ने अदाणी समूह को लगभग 53 लाख शेयरों की पेशकश की है। इन शेयरों को खरीदने से अदाणी समूह के पास मीडिया कंपनी के सबसे ज्यादा शेयर हो जाएंगे। इतना ही नहीं, खास बात यह है कि इसके बाद अदाणी समूह के अधिकारों में बढ़ोतरी होगी और समूह को एनडीटीवी के चेयरमैन को नियुक्त करने का अधिकार भी मिल जाएगा।




गौतम अदाणी की अगुवाई वाले समूह की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क ने अगस्त में एक अल्पज्ञात कंपनी विश्वप्रधान कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड (वीसीपीएल) का अधिग्रहण किया था। इस कंपनी ने एनडीटीवी के संस्थापकों डॉ. प्रणव रॉय व राधिका रॉय को एक दशक पहले करीब 400 करोड़ का लोन दिया था। यह लोन एक वारंट के बदले दिया गया था जिसकी शर्त थी कि वीसीपीएल एनडीटीवी के 29.18 फीसदी शेयर पर कभी भी कब्जा ले सकती है। इससे पहले, शेयर बाजार नियामक सेबी ने अदाणी समूह को मीडिया कंपनी न्यू डेल्ही टेलीविजन (एनडीटीवी) के 26 फीसदी अतिरिक्त शेयर खरीदने के लिए ओपन ऑफर लाने की मंजूरी दे दी थी। इस मंजूरी के मुताबिक, अदाणी समूह का ऑफर 22 नवंबर को आया था और 5 दिसंबर को ये बंद था। ऑफर में कंपनी के एक शेयर का मूल्य 294 तय किया गया है।

## रेल मंत्री की 42 सीईओ के साथ बैठक

# चीन से आयातित सामान पर नजर रखने के लिए 5 टास्क फोर्स

**नई दिल्ली ।**
**सरकार टेलीकॉम क्षेत्र में चीन से आने वाले सामान पर लगाम लगाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए आयात पर लगाम लगाने के लिए एक कार्यप्रणाली बनाई जाएगी। सरकार ने कहा है जो देश दूरसंचार क्षेत्र के विश्वसनीय स्रोत नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, वहां से आने वाले सामानों की सघन जांच की जाएगी। इसके लिए पांच टास्क फोर्स बनाई गई है।**



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को टेलीकॉम गियर निर्माताओं के 40 से अधिक सीईओ के साथ बैठक की। इन सभी की कंपनियां उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के लिए योग्य हैं। उन्हें समर्थन देने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था में मूल्यवर्धन के लिए उनके कारोबार को व्यवस्थित किया जाएगा। इसके लिए 5 टास्क फोर्स स्थापित करने का निर्णय लिया गया। टेलीकॉम गियर निर्माताओं ने इस बैठक में चीन से नेटवर्क गियर के आयात पर चिंता व्यक्त की। इन सामानों को अन्य पड़ोसी देशों के माध्यम से भेजा जा रहा है। वैष्णव ने कहा, इस मुद्दे पर चर्चा की गई है। सीमा शुल्क विभाग, वित्त मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों के प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। इसे व्यवस्थित तरीके से जांचने पर मंथन चल रहा है। मंत्री ने कहा कि टेलीकॉम पीएलआई के तहत कंपनियां अपने गियर का निर्यात शुरू करने के करीब हैं और भारत बहुत जल्द एक निर्यातक देश बन जाएगा। ब्यूरो

**एक करोड़ के निवेश पर 15 लोगों को रोजगार** – दूरसंचार विभाग ने 42 कंपनियों का चयन किया है जिन्होंने 4,115 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। सरकार का अनुमान है कि योजना से 2.45 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बिक्री उत्पन्न होगी। साथ ही योजना की अवधि के दौरान 44,000 से अधिक अतिरिक्त रोजगार भी निर्मित होंगे। बैठक के दौरान, उद्योग के प्रतिभागियों ने कहा कि पीएलआई निवेश से उत्पन्न राजस्व 50,000 करोड़ रुपये हो सकता है। 1 करोड़ रुपये के निवेश पर 15 लोगों को रोजगार मिलता है।

**छोटे शहरों में एफटीटीएच कंपनियां कर रहीं मदद** – चीन के उत्पाद बांग्लादेश के माध्यम से भारतीय बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। उनमें से कुछ सीधे आ रहे हैं। छोटे शहरों में फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) कंपनियां उन्हें स्थापित कर रही हैं। एफटीटीएच कंपनियों की उन बाजारों में करीब 50 फीसदी हैं। टास्क फोर्स : कंपोनेंट इकोसिस्टम के लिए एक टास्क फोर्स गठित की जाएगी। दूसरी 4-5 चिप्स विकसित करने के लिए होगी। कुशल श्रमिकों, डिजाइनरों को विकसित करने के लिए तीसरी टास्क फोर्स स्थापित की गई है। निर्यात के लिए जो आवश्यक है, उसके लिए आईआईटी मद्रास, टेलीकॉम इंजीनियरिंग सेंटर में टेस्ट बेड के उपयोग के लिए एक और टास्क फोर्स का गठन किया गया है। रेलवे, बिजली और रक्षा जैसे विभिन्न सरकारी विभागों के तहत कुल मांग के लिए भी एक टास्क फोर्स बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) योजना अच्छी तरह से तैयार की गई है और इसकी सादगी के लिए इसकी सराहना हुई है। चर्चा के दौरान कई नए विचार सामने आए जिसके लिए 5-6 टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

### ऐपल और अमेजन ने शुरू किया ट्विटर पर विज्ञापन, मस्क ट्वीट कर बोले- थैंक्स

**नई दिल्ली** । दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों ने ट्विटर पर अपना विज्ञापन फिर से देना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया दिग्गज के नए बास एलन मस्क ने रविवार को इस बात का एलान किया। ये खबर ऐसे समय पर आई, जब हाल ही में मस्क ने ऐपल के सीईओ टिम कुक से मुलाकात की थी। मस्क ने इसे लेकर एक ट्वीट भी किया, जिसमें उन्होंने ट्विटर पर विज्ञापन दे रही कंपनियों को थैंक्स कहा। एक रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया की सबसे बड़ी शॉपिंग वेबसाइट अमेजन ने ट्विटर पर करीब 100 मिलियन डॉलर के विज्ञापन देने की योजना बनाई है। हालांकि ऐपल, अमेजन और ट्विटर की ओर से आधिकारिक रूप से इस पर कुछ नहीं कहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, बीते शनिवार को हुई ट्विटर स्पेस में बातचीत के दौरान मस्क ने कहा कि ऐपल कंपनी का सबसे बड़ा विज्ञापनदाता है।

# नागा चैतन्य का फर्स्ट लुक पोस्टर किया साझा

## - कस्टडी में क्रूर अवतार में दिखेंगे चैतन्य



**हैदराबाद (ईएमएस)।** अभिनेता अक्किनेनी नागा चैतन्य अगली फिल्म का निमार्ताओं ने दिलचस्प शीर्षक कस्टडी को लॉक कर दिया है। इस फिल्म में एक क्रूर अवतार में नागा चैतन्य का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। प्रमुख फिल्म निमार्ता वेंकट प्रभु के निर्देशन में अक्किनेनी नागा चैतन्य की तेलुगु-तमिल द्विभाषी परियोजना की शूटिंग कुछ महीने पहले शुरू हुई थी। पोस्टर इंगित करता है कि नागा चैतन्य एक ईमानदार और द्रढ़निश्चयी पुलिस अधिकारी ए. शिव है जो सभी बाधाओं के खिलाफ खड़ा है और वह बदलाव लाना चाहता है जिसे वह देखना चाहता है। फिल्म निमार्ता वेंकट प्रभु ने चाई को एक बिल्कुल नए अवतार में पेश किया जो प्रभावशाली और रोमांचक दोनों है। उन्हें अपनी हर फिल्म को एक अलग टैगलाइन देने के लिए भी जाना जाता है। कस्टडी के लिए टैगलाइन यू मस्ट बी द चेंज यू विश टू सी इन द वर्ल्ड है। फिल्म के कलाकारों की टुकड़ी और तकनीकी टीम फिलहाल फिल्मांकन में व्यस्त है। अरविंद स्वामी प्रतिपक्षी की भूमिका निभा रहे हैं जबकि प्रियामणि एक शक्तिशाली भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में संपत राज सरथकुमार प्रेमजी वेनेला किशोर प्रेमी विश्वनाथ सहित अन्य कलाकार भी हैं। महान पिता-पुत्र की जोड़ी उस्ताद इसैग्नानी इलैया-राजा और लिटिल उस्ताद युवान शंकर राजा इस फिल्म के गीतों को ट्यून करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पवन कुमार इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पेश करेंगे। अब्बूरी रवि संवाद लिख रहे हैं जबकि एस.आर. काथिर छायांकन संभाल रहे हैं। बता दें कि नागा चैतन्य अपना 36वां जन्मदिन मना रहे हैं ऐसे में उनकी वर्तमान फिल्म एनसी 22 के निमार्ताओं ने प्रशंसकों के लिए एक विशेष सरप्राइज पेश किया है। कस्टडी नागा चैतन्य के करियर की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। श्रीनिवास चित्तूरी श्रीनिवास सिल्वर स्क्रीन बैनर तले फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।

# सिद्धार्थ को मिल रही काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया

## -दृश्यम 2 में अपने किरदार को लेकर एक्टर ने किया खुलासा



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म दृश्यम 2 में डेविड की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सिद्धार्थ बोडके को काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रारंभ में डेविड वह भूमिका में नहीं थे जिसके लिए उन्हें चुना गया था। बालीवुड एक्टर अजय देवगन और तब्बू अभिनीत इस फिल्म के बारे में अभिनेता ने खुद बात की है। दृश्यम 2 को दर्शकों से मिली प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा मैं बहुत खुश और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं कि मेरी पहली बॉलीवुड फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।यह फिल्म के निर्देशक अभिषेक पाठक के आग्रह पर था कि उन्होंने डेविड की भूमिका के लिए ऑडिशन दिया और नियति के अनुसार उन्होंने ऑडिशन में शानदार प्रदर्शन किया और भूमिका हासिल की। इस बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने आईएएनएस को बताया मुझे विक्की सिडाना की कास्टिंग एजेंसी से फोन आया और फिल्म में एक और भूमिका के लिए ऑडिशन दिया। मुझे उसके लिए चुना भी गया। बाद में निर्देशक अभिषेक पाठक ने मुझे डेविड के किरदार के लिए ऑडिशन देने के लिए कहा और इस तरह मुझे भूमिका मिली। मुझे कहना होगा कि मुझे इसे निभाना बहुत पसंद था क्योंकि यह चुनौतीपूर्ण था। अभिनेता जो वर्तमान में लोकप्रिय टीवी शो गुम है किसी के प्यार में में नजर आ रहे हैं ने आगे बताया कि उन्होंने फिल्म में अपने किरदार के लिए कैसे तैयारी की। फिल्म में अपनी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा यह एक गोवा कैथोलिक चरित्र है। मैंने गोवा में कुछ स्थानीय लोगों से उनकी बोली समझने के लिए बात की।

बाद में मैंने निर्देशक से चरित्र की आवाज को थोड़ा बदलने के लिए कहा यह आवश्यक था क्योंकि मेरा किरदार पहले एक ड्रग डीलर का था। मैंने डेविड की कुछ बारीकियों को खोजने की भी कोशिश की। जब मैं पहली बार निर्देशक से मिला तो उन्होंने मुझे कुछ वजन बढ़ाने के लिए कहा इसलिए मैंने भूमिका के लिए लगभग 4-5 किलो वजन बढ़ाया और मेरी मोटी दाढ़ी ने मेरे लुक को सपोर्ट किया। फिल्म की शुरूआत सिद्धार्थ से होती है और क्लाइमेक्स में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। निर्देशक ने उन्हें कैसे बताया इस बारे में उन्होंने कहा अभिषेक ने शूटिंग से पहले मुझे सब कुछ बताया था और हम गोवा जाने से पहले उनके कार्यालय में मिले थे। उन्होंने पूरे ग्राफ को समझाया और जब हम सेट पर थे तो हम पहले ग्राफ पर चर्चा करते थे। आगे अपने निर्देशक की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा अभिषेक बहुत मदद करते थे और यहां तक कि अगर मैं एक और टेक करना चाहता था तो उन्होंने मुझे इसे करने की अनुमति दी क्योंकि आंखों से सूक्ष्म तरीके से व्यक्त करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। मैं खुश हूं कि मेरा किरदार अच्छा रहा और लोगों ने इसे पसंद किया। सिद्धार्थ ने सेट पर और बाहर अजय देवगन के साथ अपने समीकरण भी साझा किए। उन्होंने कहा उनके साथ काम करना अद्भुत था। वो स्टार हैं ऐसा क्यों है यह आपको तब पता चलेगा जब आप उनके साथ काम करेंगे। जिस तरह से वह सेट पर अपना पेशेवर अंदाज रखते हैं वह काबिले तारीफ है।

# हिट : द सेकेंड केसः ट्रेलर याद दिलाता है श्रद्धा हत्याकांड की

## -ट्रेलर में दिखी सच्ची अपराधिक घटना की कहानी




**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ के अभिनेता आदिवी शेष अभिनीत फिल्म हिटः द सेकेंड केस का ट्रेलर श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड की याद दिलाता है। इस फिल्म के ट्रेलर में श्रद्धा नाम का उल्लेख है जो कि कहानी से लोगों को जोड़ता है। कहानी एक साल पहले लिखी गई थी और एक सप्ताह के भीतर इस तरह की भीषण वास्तविक जीवन त्रासदी के बाद फिल्म रिलीज हो रही है। फिल्म में मुख्य भूमिका में मीनाक्षी चौधरी हैं जबकि राव रमेश श्रीकांत मगंती कोमली प्रसाद मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रशांति तिपिरनेनी फिल्म का निर्माण कर रही हैं जबकि नेचुरल स्टार नानी प्रस्तुतकर्ता हैं। हिट 2 डॉ. सैलेश कोलानू के हिट वर्स की दूसरी किस्त है। सैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित फिल्म 2 दिसंबर 2022 को स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। निमार्ताओं ने रोमांचक ट्रेलर के साथ फिल्म प्रेमियों को खुश कर दिया। ट्रेलर एक शांत पुलिस वाले कृष्ण देव (केडी) की यात्रा की एक झलक देता है जिसका सामना एक भयानक मामले से होता है। ट्रेलर में केडी अपराधियों को पक्षी-दिमाग के रूप में मजाक उड़ाता है और फिर वह खुद को एक भीषण हत्या को हल करते हुए पाता है जिसने पूरे शहर को हिला कर रख दिया है। केडी का जीवन प्यार नौकरी और बाकी सब कुछ इसमें आपस में जुड़ा हुआ है। क्या केडी मामले को हल करने में सक्षम होगा? क्या वह इस जघन्य अपराध के असली अपराधी को ट्रैक कर पाएगा? आदिवी शेष ने मेजर के साथ अपनी हिंदी फिल्म की शुरूआत की थी। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित और बॉक्स ऑफिस पर सफलता का स्वाद चखने के अलावा फिल्म को 53वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव द्वारा हिंदी भाषा की फिल्म के रूप में चुना गया। नेटिजेंस के अनुरोधों के जवाब में हिट2ः द सेकेंड केस के निमार्ता दिसंबर के अंत तक हिंदी संस्करण के लिए रिलीज पर विचार कर रहे हैं।

# फिट रहने में विश्वास करती हैं खुशबू अत्रे



बॉलीवुड अभिनेत्री खुशबू अत्रे कहती हैं अभिनेत्रियों के रूप में हमारे पास काम पर लंबे कार्यक्रम और व्यस्त दिन होते हैं और एक खेल खेलना भी एक बेहद प्रभावी तनाव-बस्टर है। स्कूल के समय से ही उनका खेलों की ओर रुझान रहा है। वह अपने कॉलेज की क्रिकेट टीम की कप्तान भी थीं। फिटनेस के महत्व और इसे बनाए रखने में खेलों की भूमिका के बारे में वह कहती हैं फिटनेस एक स्वस्थ जीवन शैली का एक महत्वपूर्ण घटक है जैसा कि हम सभी जानते हैं। मैं खेलों को स्वस्थ जीवन जीने के तरीके के रूप में देखती हूं और फिट रहने में विश्वास करती हूं। यह है आत्म-नियंत्रण विश्राम और मानसिक शांति की यात्रा। खुशबू ने क्रिमिनल जस्टिस सीजन 2 राजी इललीगल शमिताभ और वोदका डायरीज जैसी फिल्मों और सीरीज में काम किया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने कैप्सूल गिल की शूटिंग खत्म की है और दूसरी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। परिणीति चोपड़ा और अक्षय कुमार के साथ फिल्म कैप्सूल गिल में नजर आने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री खुशबू अत्रे ने खेल के प्रति अपने प्यार और फिट और स्वस्थ रहने में उनकी भूमिका के बारे में बात की।

# हमारी क्षेत्रीय भाषा के शब्द कभी विलुप्त न हों : प्रसून जोशी

## -गोवा में चल रहे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में कहा



**मुंबई (ईएमएस)।** जाने-माने कवि और गीतकार प्रसून जोशी का कहना है कि हमारी क्षेत्रीय भाषा के शब्द कभी विलुप्त न हों। हमारी परवरिश और संस्कृति का हमारे लेखन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। मैं अपने अधिकांश शब्द और रूपक हमारी क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति से उधार लेता हूं। हमारी क्षेत्रीय भाषा के शब्द कभी विलुप्त न हों। जोशी ने कहा कि पालन-पोषण और संस्कृति का उनके लेखन पर गहरा प्रभाव पड़ता है जिसके कारण वे अधिकांश शब्द और रूपक क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति से उधार लेते हैं। गोवा में चल रहे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में आर्ट एंड क्राफ्ट ऑफ लिरिक्स राइटिंग पर इंटरैक्टिव सत्र को संबोधित कर रहे थे। अपने लेखन के सार के बारे में बोलते हुए प्रसून ने कहा कि उनके अधिकांश शब्द उनकी अपनी मिट्टी और संस्कृति से निकले हैं। उन्होंने कहा कि एक गीतकार और संगीतकार के बीच हमेशा सहजीवी संबंध होता है और दोनों को हमेशा एक दूसरे का पूरक होना चाहिए। आगे अपनी बात समझाते हुए प्रसून ने आज के अश्लील गीतों पर विचार करते हुए कहा कि बाजार की फिलॉस्फी के मुताबिक अगर कोई चीज बिकती नहीं है तो बनती नहीं है। पाठकों और दर्शकों को रचनाकारों की तरह समान रूप से जिम्मेदार होना चाहिए। उन्होंने कहा प्रामाणिकता एक गीतकार की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है। आपके जैसा कोई नहीं है। आप अद्वितीय हैं। एक गीतकार को हमेशा अपने शब्दों का उपयोग करते हुए अपनी शैली में लिखने का प्रयास करना चाहिए। एक गीतकार के रूप में जोशी ने फिल्म तारे जमीन पर (2007) और चटगांव (2012) में काम किया और सर्वश्रेष्ठ गीत के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। बता दें कि प्रसून जोशी एक प्रसिद्ध कवि लेखक गीतकार पटकथा लेखक और संचार विशेषज्ञ हैं जिनके हिंदी सिनेमा में काम ने उन्हें आलोचकों और लोकप्रिय प्रशंसा दोनों से नवाजा है।

# अतुल अग्निहोत्री की बेटी शुरू कर रही फिल्मी सफर



बालीवुड अभिनेता अतुल अग्निहोत्री की बेटी अलिजेह अग्निहोत्री अपना फिल्मी सफर शुरू करने जा रही है। अलिजेह फिल्म निमार्ता सौमेंद्र पाधी की अगली फिल्म के साथ अपनी शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सौमेंद्र को मनोज बाजपेयी स्टारर बुधिया सिंहः बोर्न टू रन के निर्देशन के लिए जाना जाता है जिसने 2016 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म का पुरस्कार जीता था। सौमेंद्र को नेटफ्लिक्स सीरीज जामतारा के निर्देशन के लिए भी जाना जाता है। अतुल को सर आतिश क्रांतिवीर जैसी फिल्मों में काम करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2004 में सलमान और प्रीति जिंटा अभिनीत फिल्म दिल ने जिसे अपना कहा और 2008 में सोहेल खान अभिनीत फिल्म हैलो का भी निर्देशन किया है। इसके अतिरिक्त वे सलमान खान को लेकर बॉडीगार्ड भारत और राधे सरीखी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। अलिजेह अग्निहोत्री की पहली फिल्म जिसका अभी तक कोई शीर्षक नहीं है 2023 में रिलीज होने वाली है।गौरतलब है कि जामतारा का दूसरा सीजन हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए शुरू हुआ है। अलिजेह अग्निहोत्री 90 के दशक के लोकप्रिय अभिनेता अतुल अग्निहोत्री और सलमान खान की बहन अलवीरा खान अग्निहोत्री की बेटी हैं।

# गाना फीवर ऑफ लव में नजर आई मोनिका डोगरा

नेक्सा म्यूजिक के आगामी सीजन का दूसरा गाना फीवर ऑफ लव में मोनिका डोगरा नजर आने वाली हैं। मोनिका अमेरिकी-भारतीय संगीतकार और अभिनेत्री भी है। इस गाने के लिए ग्रैमी और ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान ने संगीत दिया है। इस गाने को मिकी मैक्लेरी ने सिंथ-पॉप जॉनर में कंपोज किया है और इसमें शानदार लिरिक्स आकर्षक म्यूजिक है और इसमें फ्री-स्पिरिट वाइब है। संगीत वीडियो में दिखाया गया है कि मोनिका एक पार्टी में जाती है और दिल खोलकर नाचती है। इसके दूसरे सीजन के लिए 24 प्रतिभाओं को ए.आर. रहमान द्वारा शॉर्टलिस्ट और मेंटॉर किया जाएगा। नेक्सा म्यूजिक 2 के सुपर विनर के तौर पर चार सिंगर्स का नाम होगा।संगीत वीडियो के विषय के साथ नियॉन रंगों और न्यूनतम वीएफएक्स मिश्रण का उपयोग है। नेक्सा म्यूजिक की बात करें तो यह एक इंडी ओरिजिनल इंग्लिश म्यूजिक प्रॉपर्टी है जो भारत में ओरिजिनल इंग्लिश म्यूजिक आर्टिस्ट्स को सेलिब्रेट करती है।

# टीना दत्ता की मां का सवाल



बिग बॉस 16 की प्रतिभागी टीना दत्ता की मां ने पूछा है कि क्या राष्ट्रीय टेलीविजन पर उनकी बेटी को गाली देना सही है। बीते दिनों शो में एक घटना घटी जहां मेडिकल अपील पर सुम्बुल के पिता को सुम्बुल से बात करने का मौका मिला। जहां उन्होंने नियम तोड़ा और सुम्बुल के घर की जानकारी दी। उन्होंने टीना और शालिन के बारे में अपमानजनक बातें कीं और यहां तक कि राष्ट्रीय टेलीविजन पर दत्ता को गाली भी दी। यह तथ्य कि सुम्बुल के पिता को उनसे बात करने का दूसरा अवसर मिला जो टीना की मां को परेशान कर गया। राष्ट्रीय टेलीविजन पर अपनी बेटी के साथ दुर्व्यवहार और अपमान होते देख टीना की मां की आंखों में आंसू आ गए। चूंकि उन्हें टीवी पर जाकर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर नहीं मिला इसलिए उन्होंने टीना के सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें दर्शकों से अपील की गई है कि क्या राष्ट्रीय मंच पर किसी के लिए अपनी बेटी को गाली देना और उसे नीचा दिखाना सही था?

## सूडोकु नवताल- 6264

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6263 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7011

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ल | र | ह | द | ब | र्निं | ग | ट्रे | न | आ |
| ज | दि | ल | म | आ | मो | ह | दो | तें | शा | म |
| अं | इ | श | दि | ल | दा | ल | उ | र | ला | ब |
| मे | क | व | ल | प | ल | क | स्ता | रि | श | न |
| स | रे | श | ज | वा | ब | स | द | ग | वी | व |
| ही | रं | अ | च | व | लि | र्त | ल | ती | प | च |
| व | रो | ल | प | गा | आं | धी | तू | फा | न | ले |
| श | बा | ज | स | ने | क | छ | र | ग | श | थ |
| छ | त्ती | स | घं | टे | न | ज | स | शा | जू | ध |
| द | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | र्मा |
| थो | बु | लं | दी | र | हो | ग | या | दु | र | त्मा |

*शब्दजाल में 'डैनी' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

मेरे अपने,छत्तीस घंटे, धर्मात्मा, द बर्निंग ट्रेन,बंदिश,दो उस्ताद,हीरो,आंधी तूफान, जवाब,बुलंदी

**शब्दजाल - 7010 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | व | मे | रि | दु | ला | से | ह | रा | ट | र्जी |
| क | ग | क | दू | इं | जी | ने | शि | या | प | नी |
| सू | पी | अ | न | प | ढ़ | बा | द | ह | त्थ | ल |
| र | ग | ए | रा | जा | बा | बू | ल | ह | र | प्रे |
| ज | र | रा | म | न | ह | ला | कि | यो | के | मे |
| रो | इ | वि | मो | ग | प | म | शी | ह | स | रे |
| न | टी | ल | रा | व | मा | जो | रा | व | न | स |
| क | रि | र | र | य | र | प | म | ज | म | न |
| रा | म | औ | र | श्या | म | ज | जी | शा | जू | म |
| र | ग | ल | नो | ला | व | प | स | री | टि | प |
| बां | स | सा | ज | ल | ड़ | का | ल | ड़ | की | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5964

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 5 | 2 | | | |
| | 38 | | 32 | 1 | 27 | 7 |
| | 3 | | | 6 | | 2 |
| | 30 | | 40 | 7 | 32 | |
| 6 | 1 | 4 | | | 5 | 3 |
| | 24 | | 36 | 4 | 30 | 5 |
| 1 | | | 7 | | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5963 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |
| 6 | 34 | 6 | 33 | 1 | 33 | 7 |
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 26 | 2 | 29 | 4 | 33 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 30 | 4 | 37 | 5 | 33 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# पाकिस्तान को आखिरी दिन 263 रन की जरूरत: 80 पर गंवाए 2 विकेट; इंग्लैंड के रूट ने बाएं हाथ से की बल्लेबाजी

**रावलपिंडी।**
रावलपिंडी टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड ने पाकिस्तान को जीत के लिए 343 रन का टारगेट दिया। जवाब में स्टंप्स तक पाकिस्तान ने 2 विकेट खोकर 80 रन बना लिए हैं। इमाम उल हक (43) और सऊद शकील (24) नाबाद हैं। यानी पाकिस्तान को आखिरी दिन 263 रन की और जरूरत है। पाकिस्तान के ओपनर अजहर अली बिना खाता खोले रिटायर्ड हर्ट हो गए, अबदूल्ला शफिक 6 रनऔर कप्तान बाबर आजम 2 बॉल में 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

**आखिरी दिन का खेल बाकी** - इंग्लैंड ने चौथे दिन पारी घोषित की। पाकिस्तान के पास 343 रन का टारगेट चेज करने के पांचवा दिन पूरा बाकी है। तीसरी पारी में पाकिस्तान के लिए नसीम शाह, मोहम्मद अली, जाहिद महमूद ने 2-2 और आगाह सलमान ने एक विकेट लिया। इमाम उल हक 60 गेंद पर 43 और सऊद शकील 42 गेंद पर 24 रन बनाकर नाबाद है।

**इंग्लैंड ने 7.36 के रनरेट से बनाए रन** - दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 7.36 के रनरेट से स्कोर किया। 35.5 ओवर में इंग्लैंड ने 7 विकेट खो कर 264 रन बनाए और पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन हैरी ब्रूक ने बनाए। उन्होंने 65 बॉल में 87 रन बनाए। उनके अलावा ओपनर जैक क्रॉली ने 50 स्कोर किए। बेन डकैट और बेन स्टोक्स अपना खता नहीं खोल सके। दोनों शून्य पर आउट हो गए। जैक विल्लेस ने 24 और लियाम लिविंग्स्टन ने 7 रन बनाए।

**रूट ने लेफ्टी बनकर लगाया स्वीप शॉट** - तीसरी पारी में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट लेफ्ट हैंड से बैटिंग करते दिखे। वे राइट हैंडर से बल्लेबाज हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार रूट ने लेफ्ट हैंड से बल्लेबाजी करते दिखे। जो रूट ने पाकिस्तान के लेग स्पिनर जाहिद महमूद के खिलाफ बाएं हाथ से बल्लेबाजी की। उन्होंने महमूद के छठें ओवर में लेफ्टी रहते हुए स्वीप शॉट खेला। गेंद हवा में गई और नसीम शाह ने उनका कैच छोड़ दिया। बॉल डीप में गई और उन्हें एक रन मिला। रूट इस वक्त 50 बॉल पर 52 रन बनाकर खेल रहे थे। इंग्लैंड के रूट ने 69 गेंद पर 73 रन बनाए।

भारत के दिग्गज राइट हैंड बल्लेबाज सुनील गावस्कर भी लेफ्टी होकर बल्लेबाजी कर चुके हैं। उन्होंने 1982 के दौरान रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में कर्नाटक के खिलाफ ऐसा किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑस्ट्रेलिया ने 164 रन से जीता पहला टेस्ट: आखिरी दिन 333 रन बना सकी वेस्टइंडीज; लाबुशेन रहे प्लेयर ऑफ द मैच



**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में 164 रन से हरा दिया। पर्थ में 499 रन के टारगेट का पीछा करते हुए विंडीज टीम पांचवें दिन 333 रन ही बना सकी। उन्होंने 3 विकेट पर 192 रन से आगे खेलना शुरू किया। लेकिन, वे चौथे दिन के स्कोर में 141 रन ही जोड़ सके और बचे हुए 7 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन ने दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। पहली इनिंग में 204 और दूसरी इनिंग में 104* रन की पारी खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के लाबुशेन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। 2 टेस्ट की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 1-0 से आगे हो गया। दूसरा टेस्ट 8 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। पांचवें दिन विंडीज को 92 ओवर में 306 रन की जरूरत थी। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने 101 और काइल मेयर्स ने 0 रन से आगे खेलना शुरू किया। ब्रैथवेट 110 और मेयर्स 10 रन बनाकर आउट हो गए। दोनों को नाथन लायन ने पवेलियन भेजा। विंडीज के लिए रोस्टन चेज ने 55 और अल्जारी जोसेफ ने 43 रन बनाकर फाइट की। लेकिन, वे भी अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। टीम के बाकी बल्लेबाजों में तेगनारायण चंद्रपाल ने 45, शमार ब्रूक्स ने 11, जर्मेन ब्लैकवुड ने 24, जेसन होल्डर ने 3, जोशुआ डी सिल्वा ने 12, जेडन सील्स ने 5 और केमार रोच ने कोई रन नहीं बनाया। आखिरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन ने सबसे ज्यादा 6, ट्रेविस हेड ने 2 और मिचेल स्टार्क-पैट कमिंस ने एक-एक विकेट लिए। लायन ने पहली इनिंग में 2 विकेट लिए थे। इस तरह उन्होंने मैच में 8 विकेट पूरे किए। फर्स्ट इनिंग्स में ऑस्ट्रेलिया के स्टार्क-कमिंस को 3-3 और हेजलवुड-ग्रीन को 1-1 विकेट मिले थे। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन ने पहली पारी में 350 बॉल पर 204 और दूसरी पारी में 110 बॉल पर 104 रन की नाबाद पारी खेली। एक टेस्ट में डबल सेंचुरी और सेंचुरी जड़ने वाले वह दुनिया के 8वें ही बल्लेबाज बने। इस लिस्ट में भारत के सुनील गावस्कर समेत कई दिग्गजों के नाम भी शामिल हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीवन स्मिथ ने भी दोहरा शतक जड़ा। स्मिथ, लाबुशेन और ट्रेविस हेड के 99 रन की बदौलत टीम ने 598 रन बनाए। दूसरी पारी में विंडीज 283 रन पर ऑलआउट हो गई।

### मैच से चंद घंटे पहले क्यों बाहर हुए पंत: 6 गेंदबाजों के लिए नहीं बन पा रही थी जगह, बोर्ड ने मेडिकल कारण बताया



**मीरपुर।** व्हाइट बॉल क्रिकेट में लगातार खराब बल्लेबाजी के लिए आलोचना झेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को पहले वनडे से चंद घंटे पहले सीरीज से बाहर हो गए। टॉस होने से कुछ ही मिनट पहले बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि पंत को मेडिकल टीम की सलाह पर बाहर किया गया है। पंत की जगह कोई रिप्लेसमेंट नहीं लिया गया गया है। केएल राहुल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दी गई है। एक अधिकारी ने बताया कि टीम मैनेजमेंट 6 गेंदबाजों के साथ उतरना चाहता था। अगर पंत और राहुल दोनों खेलते तो यह पॉसिबल नहीं हो पा रहा था। ऐसे में भारतीय प्लेइंग-11 में 5 गेंदबाज ही शामिल हो पाते। पंत फिलहाल खराब फॉर्म से भी गुजर रहे हैं, इसीलिए उन्हें बाहर करने का फैसला किया गया है। टेस्ट सीरीज के लिए पंत की भारतीय टीम में वापसी हो जाएगी। श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया है। उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। पंत से ओपनिंग कराना भी संभव नहीं हुआ। शिखर धवन 2023 वर्ल्ड कप की योजना का हिस्सा हैं लिहाजा उन्हें ज्यादा से ज्यादा मौके दिए जाएंगे। केएल राहुल बाहर नहीं हो सकते थे क्योंकि वे टीम के वाइस कैप्टन हैं। अगर पंत को बेहतर टीम कॉम्बिनेशन बनाने के लिए बाहर किया गया है तो सवाल उठता है कि यह फैसला आनन-फानन में क्यों किया गया। यह भी तो संभव था कि पंत को स्क्वॉड का हिस्सा ही नहीं बनाया जाता। टीम से जुड़े सूत्रों ने इस सवाल का कोई सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप से पहले कई प्रयोग होंगे। पंत टी-20 वर्ल्ड कप में दिनेश कार्तिक के साथ भारतीय दल में शामिल थे। उन्हें जिम्बाब्वे और इंग्लैंड के खिलाफ प्लेइंग-इ्र्र में मौका मिला था। दोनों ही मैच में वे कुछ खास नहीं कर पाए और कुल 9 रन ही बना पाए। इसके बाद पंत न्यूजीलैंड दौरे पर 3 टी-20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज में टीम का हिस्सा थे। वे टी-20 और वनडे की चार पारियों को मिलाकर कुल 42 रन ही जोड़ पाए थे। वहीं न्यूजीलैंड के साथ पहले वनडे मैच में 15 रन और आखिरी मैच में 10 रन बनाए।

## जीता हुआ मैच हारी टीम इंडिया

# केएल राहुल ने मेहदी हसन का आसान कैच छोड़ा आखिरी विकेट के लिए 54 रन की पार्टनरशिप

**नई दिल्ली।**
टीम इंडिया को बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में एक विकेट की करारी हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद भारतीय टीम 3 मुकाबलों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है। रविवार को खेले गए सांसों थाम देने वाले इस मुकाबले में कई उठा-पटक देखने को मिले। कभी भारत ड्राइविंग सीट पर रहा, तो कभी बांग्लादेश। इस लो-स्कोरिंग मुकाबले में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। भारत की पारी 41.2 ओवर में 186 रन के स्कोर पर सिमट गई। केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 73 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम ने 46वें ओवर में नौ विकेट पर जीत के लिए जरूरी रन बना डाले। बांग्लादेश की जीत के हीरो मेहदी हसन मिराज और मुश्तफिजुर रहमान रहे। जिन्होंने आखिरी विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी की। मेहदी हसन ने चौके के साथ जीत दिलाई। टीम ने 136 के स्कोर पर 9वां विकेट गंवाया था। उसके कप्तान लिटन दास ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए।

भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। सबसे पहले भारत की हार के 2 विलेन 43वें ओवर में मेहदी हसन मिराज के दो कैच उठे, लेकिन दोनों छूटे। केएल राहुल हाई बॉल को पकड़ नहीं पाए। यह कैच 43वें ओवर में शार्दूल ठाकुर की बॉल पर उठा। शार्दूल के ही ओवर में थर्ड मैन बाउंड्री पर खड़े वाशिगंटन सुंदर ने कैच के लिए प्रयास ही नहीं किया।

**फ्लॉप रहे बिग-3** - बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया के टॉप-3 बल्लेबाज फेल रहे। शिखर धवन 7, विराट कोहली



15 और कप्तान रोहित शर्मा 27 रन ही बना सके।

**आसान कैच छोड़े** - टीम इंडिया ने आखिरी 10 ओवर में 2 अहम कैच छोड़े। 43वें ओवर में शार्दूल ठाकुर की गेंदबाजी पर 2 बार मेहदी हसन के कैच उठे। पहले कीपर केएल राहुल ने फाइन लेग की ओर दौड़ते हुए कैच टपकाया। अगली ही बॉल पर थर्ड मैन की ओर कैच उठा, लेकिन वाशिंगटन सुंदर कैच लेने के लिए दौड़े ही नहीं। आखिरी ओवर्स में टीम इंडिया की फील्डिंग भी घटिया रही।

**शाकिब की गेंदबाजी** - बांग्लादेश की ओर से शाकिब अल हसन ने सटीक गेंदबाजी की। उन्होंने 36 रन देकर 5 विकेट चटकाए। यह उनकी बेस्ट बॉलिंग में से एक है।

**128 रन पर गिरे बांग्लादेश के 2 विकेट** - भारतीय तेज गेंदबाजों ने मेजबान टीम को बैक टु बैक 2 झटके दिए। पहले महमूदुल्लाह को शार्दूल ठाकुर ने आउट किया। फिर अगले ही ओवर की पहली बॉल पर मोहम्मद सिराज ने मुशफिकुर रहीम को बोल्ड कर दिया। खास बात ये कि दोनों विकेट एक ही स्कोर पर गिरे।

**टीम इंडिया को पहली बॉल पर विकेट** - तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने टीम इंडिया को पहली बॉल पर सफलता दिलाई। उन्होंने बांग्लादेश के ओपनर नजमुल हसन शान्तो को रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया।

**विराट कोहली ने पकड़ा कमाल कैच** - 24वें ओवर में पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शाकिब अल हसन का कमाल का कैच पकड़ा। सुंदर की बॉल को शाकिब कवर के ऊपर से खेलना चाहते थे, लेकिन शॉर्ट कवर पर खड़े कोहली ने छलांग लगाते हुए बॉल को एक हाथ से कैच किया। शाकिब 38 गेंद पर 29 रन बनाकर आउट हुए।

**हिट-विकेट हुए अफीफ** - बांग्लादेशी बल्लेबाज अफीफ हसन हिट-विकेट हुए। वे 39वें ओवर की दूसरी बॉल पर हिट विकेट हुए। यह ओवर कुलदीप सेन फेंक रहे थे।

**ऐसे गिरे बांग्लादेश के विकेट** - नजमुल हसन शान्तो : चाहर ऑफ स्टंप के पास गुड लेंथ की बॉल को डीप में खेलना चाहते थे, लेकिन चूके। बॉल बल्ले का टॉप एज लेकर रोहित के पास गई और कप्तान ने कैच किया। अनामुल हक : सिराज 10वें ओवर की पहली बॉल मिडिल स्टंप पर रखी। जिसे खेलने के प्रयास में अनामुल शॉर्ट मिडविकेट पर सुंदर को कैच दे बैठे। लिटन दास : 20वें ओवर में सुंदर की बॉल पर विकेट के पीछे केएल राहुल ने कैच किया। शाकिब अल हसन : विराट ने कमाल का कैच पकड़ा। सुंदर की बॉल को शाकिब कवर के ऊपर खेलना चाहते थे। महमूदुल्लाह: 35वें ओवर की आखिरी गेंद पर शार्दूल ठाकुर ने आउट किया। मुशफिकुर रहीम : 36वें ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद सिराज ने रहीम को बोल्ड कर दिया। अफीफ हुसैन : कुलदीप सेन ने थर्ड मैन बाउंड्री पर मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। इबादत हुसैन : कुलदीप के ही ओवर पर इबादत हिट-विकेट हुए। हसन महमूद : मोहम्मद सिराज ने आउट किया। शिखर धवन : मेहदी हसन मिराज ने छठें ओवर की दूसरी बॉल पर बोल्ड कर दिया। रोहित शर्मा : 11वें ओवर में शाकिब अल हसन ने क्लीन बोल्ड कर दिया। विराट कोहली : शाकिब ने रोहित के बाद कोहली को भी बोल्ड किया। श्रेयस अय्यर : 20वें ओवर में इबादत हुसैन की शॉर्ट बॉल को पुल नहीं कर सके और टॉप ऐज लगा। विकेट के पीछे मुशफिकुर रहीम ने कैच किया। वाशिगंटन सुंदर : 33वें ओवर में शाकिब की बॉल पर स्वीप करने गए और इबादत हुसैन को कैच दे बैठे। शहबाज अहमद : ऑफ स्टंप के पास की बैक ऑफ लेंथ बॉल को पीछे हटकर खेलना चाहते थे। चूके और कवर में खड़े शाकिब को कैच दे बैठे। शार्दूल ठाकुर : शाकिब ने क्लीन बोल्ड कर दिया। दीपक चाहर : सीधी बॉल को खेलना चाहते थे, लेकिन बॉल पहले पैड पर लगी।

## ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर पेले की हालत स्थिर

# फैंस से बोले- मजबूत महसूस कर रहा हूं, आपका हर मैसेज मुझे ऊर्जा से भर देता है



**नई दिल्ली।**
ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर पेले के हेल्थ को लेकर अल्बर्ट आइंस्टीन हॉस्पिटल की ओर से अपडेट दिया गया है। हॉस्पिटल के मुताबिक पेले की हालत स्थिर है और वह प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं, हॉस्पिटल के अपडेट देने के बाद पेले ने भी सोशल मीडिया पर फैंस को मैसेज पोस्ट किया है। उन्होंने फैंस से सकारात्मक सोचने और शांत रहने की अपील की है।

पेले ने अपने पोस्ट में लिखा- मैं बहुत उम्मीद के साथ मजबूत हूं और मैं सकारात्मक हूं और मैं चाहता हूं कि सभी शांत रहे और पॉजिटिव सोचें। मैं पूरी मेडिकल और नर्सिंग टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं, जो मेरी देखभाल कर रही है। मुझे ईश्वर पर भरोसा है और दुनिया भर से मिले रहे संदेश मुझे ऊर्जा दे रहा है। वर्ल्ड कप में ब्राजील को खेलता देखें।

इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि उनकी हालत गंभीर हैं और उनके अंगों ने काम करना बंद कर दिया है। उन्हें सीने में दर्द महसूस होने के बाद 29 नवंबर को ब्राजील के साओ पाउलो स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

### पेले को बॉल कैंसर

बॉल कैंसर से जूझ रहे पेले को इसी साल सिंतबर के दौरान भी इजरैलिटा अल्बर्ट आइंस्टाइन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। कीमोथेरेपी के जरिए उनका ट्रीटमेंट किया गया। लेकिन, उनकी बॉडी पर ट्रीटमेंट का कोई भी असर नहीं हो रहा था। जिसके बाद कीमोथेरेपी बंद कर उन्हें दर्द कम करने की दवाइयां दी जा रही थीं।

### पेले ने फैंस को दिया था धन्यवाद

पेले ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर करते हुए अपना स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी दी थी। मुश्किल परिस्थिति में सपोर्ट करने के लिए उन्होंने अपने सभी फैंस को धन्यवाद दिया था।

## अनीश थोप्पनानी ने बैडमिंटन एशिया में जीता सिल्वर: उन्नति अंडर-17 सिंगल्स के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी

**थाईलैंड।**
भारत के युवा शटलर अनीश थोप्पनानी ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। रविवार को थाईलैंड में अंडर-15 सिंगल्स के खेले गए फाइनल में उन्हें चीनी ताइपे के चुंग-सियांग यिह से हार का सामना करना पड़ा। अनीश पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम को जीतकर मैच में वापसी की पर आखिरी गेम में बाजी माकर चुंग-सियांग यिह ने खिताब पर कब्जा जमा लिया। इससे पहले थोप्पानी ने सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के दूसरे वरीय ली यू-जुई को 18-21, 21-12, 21-12 से हराया था।

**उन्नति हुड्डा के पास खिताब जीतने का मौका** - भारतीय युवा शटलर उन्नति हुड्डा के पास अंडर-17 में खिताब जीतने का मौका है। उन्हें फाइनल में थाईलैंड के सरुनराक वितिदसर्न से भिड़ना है। उन्नति पहले ही इस कैटेगिरी के सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रच गई हैं। वह इस कैटेगिरी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। अंडर-17 विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में जापान की मियोन योकोची को 21-8, 21-17 से हराया। टॉप सीड उन्नति ने सेमीफाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए सीधे सेटों में मैच को अपने नाम




कर लिया। ओडिशा ओपन चैंपियन ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। इससे पहले अर्जुन एमआर-चिराग शेट्टी (2013) और कृष्णा प्रसाद गरगा-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी (2015) की जोड़ी ने टूर्नामेंट में अंडर-17 के डबल्स में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता है।

**अर्श और संस्कार भी डबल्स में उतरेंगे** - उन्नति के अलावा अंडर-17 के डबल्स में अर्श मोहम्मद और संस्कार सारस्वत जोड़ी भी फाइनल में उतरेंगे। अर्श और संस्कार की जोड़ी ने चीनी ताइपे के ची-रुई चिउ और शाओ हुआ चिउ के खिलाफ सेमीफाइनल में 21-15, 21-19 से जीत दर्ज की।

## पांच बार की चैंपियन ब्राजील के लिए खुशखबरी! प्री-क्वार्टर फाइनल में खेल सकते हैं स्टार खिलाड़ी नेमार

**दोहा।** कतर में चल रहे फुटबॉल विश्व कप में सोमवार (पांच दिसंबर) को ब्राजील का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा। दोनों टीमें प्री-क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगी। इस मैच से पहले पांच बार की चैंपियन ब्राजील के लिए खुशखबरी है। उसके स्टार खिलाड़ी नेमार जूनियर मैच में खेलने के लिए फिट हो गए हैं। नेमार के टखने की चोट अब ठीक हो गई हऔर वह वापसी के लिए ट्रेनिंग कर रहे हैं। ब्राजील के कोच टिटे ने नेमार के दक्षिण कोरिया के खिलाफ खेलने की जानकारी दी। वह सर्बिया के खिलाफ टीम के पहले मैच में चोटिल हो गए थे। ब्राजील ने उस मुकाबले में 2-0 से जीत हासिल की थी। उसके बाद स्विट्जरलैंड और कैमरून के खिलाफ वह नहीं खेल पाए थे। स्विट्जरलैंड को ब्राजील ने 1-0 से तो हरा दिया था, लेकिन कैमरून से उसे आश्चर्यजनक रूप से हार मिली थी।

## अपने 1000वें मैच में मेसी ने तोड़ा माराडोना का रिकॉर्ड, विश्व कप में अर्जेंटीना के लिए नौवां गोल किया

**दोहा।**
फीफा विश्व कप 2022 में लियोनल मेसी शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने एक और खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। प्री क्वार्टर फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेसी ने एक गोल किया और अपनी टीम को 2-1 से जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। मेसी ने मैच के 35वें मिनट में बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को अपनी टीम को बढ़त दिलाई। यहीं से ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बना और यह टीम कई गलतियां कर मैच हार गई। अर्जेंटीना के लिए जुलियान अल्वारेज ने दूसरा गोल किया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए अर्जेंटीना के इंजो फर्नांडिस की गलती से मिला, जिन्होंने आत्मघाती गोल किया। हालांकि, इसका असर मैच के नतीजे पर नहीं पड़ा। लियोनल मेसी का यह 1000वां मैच था और इस मुकाबले में एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर मेसी ने इस खास बना



दिया। उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाई और क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया। उनके शानदार खेल के लिए उनको प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार भी मिला। फीफा विश्व कप 2022 के किसी नॉकआउट मैच में यह मेसी का पहला गोल था। इसके साथ ही उन्होंने अपने देश के दिग्गज माराडोना की बराबरी कर ली। फीफा विश्व कप में मेसी अर्जेंटीना के लिए नौ गोल कर चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने दिग्गज डिएगो माराडोना को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम विश्व कप में आठ गोल हैं। मेसी फीफा विश्व कप में अर्जेंटीना के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। फीफा विश्व कप में अर्जेंटीना के लिए सबसे ज्यादा 10 गोल गेब्रियल बतिस्तुता ने किए हैं। मेसी फिलहाल बतिस्तुता से एक गोल पीछे हैं।

# सेनेगल को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचना चाहेगा इंग्लैंड, फ्रांस के सामने पोलैंड की चुनौती

**दोहा।**
फीफा विश्व कप 2022 में नॉकआउट राउंड की शुरुआत हो चुकी है। दो मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला फ्रांस और पोलैंड के बीच होगा। भारतीय समयानुसार यह मैच रात साढ़े आठ बजे से शुरू होगा। वहीं, दूसरे मैच में फ्रांस की टीम पोलैंड से भिड़ेगी। यह मैच देर रात साढ़े 12 बजे से होगा। यहां जीतने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। वहीं, हारने वाली टीमें विश्व कप से बाहर हो जाएंगी।

**फ्रांस को कड़ी चुनौती देने उतरेगा पोलैंड** - राउंड ऑफ 16 में पहला मैच गत विजेता फ्रांस और पोलैंड के बीच है। इस मैच में फ्रांस की टीम पोलैंड की कड़ी चुनौती का सामना करेगी। दो बार की चैंपियन टीम फ्रांस 2014 के बाद लगातार तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। वहीं, 1982 के बाद पोलैंड भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का प्रयास करेगा। विश्व की चौथे नंबर की टीम फ्रांस ग्रुप में दो मैचों में जीत दर्ज कर पाई थी। पिछले मैच में फ्रांस को ट्यूनीशिया से 0-1 से उलटफेर का शिकार होना पड़ा था। वहीं, विश्व




की 26वें नंबर की टीम पोलैंड ने ग्रुप में तीन मैचों में से एक में ही जीत हासिल की। पिछले मैच में उसे अर्जेंटीना ने 2-0 से शिकस्त दी थी। राउंड ऑफ 16 में कोई भी मैच ड्रॉ पर खत्म नहीं होता है। अगर तय समय तक दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहता है तो 30 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम दिया जाएगा। इसमें भी मैच ड्रॉ रहने पर पेनल्टी शूटआउट में मैच का नतीजा आएगा।

**फ्रांस की उम्मीदें म्बापे से** - पोलैंड में चार दिसंबर को खनिक दिवस के कारण छुट्टी होती है और यह टीम जीत के साथ इस छुट्टी का जश्न मनाना चाहेगी। पोलैंड की टीम 36 साल बाद नॉकआउट में खेल रही है। फ्रांस को अपने स्टार खिलाड़ियों काइलिन म्बापे, ओलिवर गिरौड और एड्रियन रेबियोट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी जिन्होंने इस विश्वकप में गोल किए हैं। फॉरवर्ड म्बापे ने तीन मैचों में तीन गोल किए हैं तो अन्य फॉरवर्ड गिरौड ने दो मैचों में दो गोल दागे हैं। मिडफील्डर रेबियोट ने तीन मैचों में एक गोल किया है।

**लेवांडोवस्की पर पोलैंड को जिताने का जिम्मा** - पोलैंड को अगर क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है तो उनके कप्तान और फॉरवर्ड रॉबर्ट लेवांडोवस्की को चलना होगा। वह तीन मैचों में सिर्फ एक गोल कर पाए जबकि एक खिलाड़ी के गोल करने में मदद की है। अर्जेंटीना के खिलाफ मिली पिछली हार में वह एक गोल भी नहीं दाग पाए थे। पोलैंड की इस विश्वकप में अधिक डिफेंसिव रणनीति के साथ खेलने की आलोचना हुई है। लेवांडोवस्की के अलावा मिडफील्डर पियोतर जिलिंस्की से भी अच्छे प्रदर्शन की आस रहेगी।

## एशियन जूनियर चैंपियनशिप: उन्नति शर्मा ने जीता अंडर-17 कैटेगरी में भारत का पहला सिल्वर मेडल

**थाईलैंड।** भारतीय शटलर उन्नति हुड्डा ने एशियन जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में अंडर-17 कैटेगरी का सिल्वर मेडल जीत लिया। वह ऐसा करने वाली भारत की पहली ही शटलर बनीं। उनसे पहले इस कैटेगरी में कोई भी भारतीय शटलर फाइनल में भी नहीं पहुंच सकी थी। उन्हें विमेन सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में थाईलैंड की सारुन्राक वितिद्सर्न ने हराया। अंडर-15 और अंडर-17 कैटेगरी की एशियन जूनियर चैंपियनशिप थाईलैंड के नोंथाबुरी में आयोजित हुई। चैंपियनशिप के सभी फाइनल मुकाबले रविवार को खेले गए। बैडमिंटन असोसिएशन ऑफ इंडिया ने उन्नति के सिल्वर जीतने की इन्फॉर्मेशन सोशल मीडिया पर इन्फॉर्मेशन शेयर की।

# श्वेता तिवारी ने साड़ी में कराया फोटोशूट

## हॉटनेस देख फैंस के उड़े होश





टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है। उन्होंने कुल 5 तस्वीरें शेयर की है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, बी योर सेल्फ, क्योंकि कॉपी के मुकाबले ओरिजिनल की कीमत ज्यादा होती है। इसके साथ उन्होंने इसे कई लोगों को टैग भी किया है। तस्वीरों में श्वेता तिवारी ने ग्रीन कलर की साड़ी पहन रखी है। वह अपना पल्लू ठीक करती नजर आ रही हैं। इसके बाद की तस्वीर में पल्लू उनके हाथ में है और साइड एंगल से उनका फिगर भी नजर आ रहा है। तीसरी फोटो वह कमर पर हाथ रख कर पोज दे रही है। चौथी फोटो क्लोज अप है और वह कैमरे की ओर देख रही हैं। उन्होंने मेकअप कर रखा है। उनका अलग अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। श्वेता तिवारी का दिलकश अंदाज फैंस को काफी लुभा रहा है। वह काफी कातिलाना पोज दे रही है। फोटोज में उनका स्लिम और टोंड फिगर भी नजर आ रहा है। उनकी तस्वीरों को 2 लाख 70 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। कई लोगों ने तस्वीरों पर फेवरेट, ब्यूटीफुल, माय लव लिखा है। वहीं एक ने लिखा है कि आप वैसे की वैसे ही हो कसौटी जिंदगी की श्वेता। एक ने लिखा है कि मॉम ऑन फायर। श्वेता तिवारी टीवी एक्ट्रेस है। उन्होंने टेलीविजन के कई शोज में काम किया है। वह बिग बॉस की विनर भी रह चुकी हैं। श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है। वह अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करती है। इसे लेकर उनके फैंस भी काफी उत्साहित रहते हैं। श्वेता तिवारी पलक तिवारी की मां है। वह अक्सर अपनी बेटी का भी प्रमोशन करती नजर आती है। वह अपने तलाक को लेकर भी चर्चा में है। दरअसल श्वेता अपनी दूसरी शादी से भी तलाक ले रही हैं। उनके पति अभिनव कोहली उन पर आरोप लगाते रहते हैं। वहीं श्वेता तिवारी इन आरोपों से दूर अपनी जिंदगी को जीने में व्यस्त हैं।

# 30 की उम्र में सेहतमंद रहने के लिए महिलाएं ड्रिंक्स का जरूर करें सेवन

आधुनिक समय में सेहतमंद रहना आसान नहीं होता है। इसके लिए सेहत पर विशेष ध्यान देना पड़ता है। खासकर, महिलाओं के लिए यह किसी चुनौती से कम नहीं है। काम की अधिकता की वजह से महिलाएं न अपनी डाइट और न लाइफस्टाइल पर पूरा ध्यान दे पाती है। इससे उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। लापरवाही बरतने से शरीर में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स महिलाओं को सेहतमंद रहने के लिए रोजाना संतुलित लेने और रोजाना एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं। इसके अलावा, स्वस्थ रहने के लिए रोजाना इन ड्रिंक्स का सेवन जरूर करें–

**चुकंदर का जूस पिएं :** गर्भावस्था और माहवारी के दौरान रक्त स्त्राव अधिक होने से शरीर में आयरन की कमी हो जाती है। शरीर में रक्त की कमी से एनीमिया समेत कई अन्य बीमारियां दस्तक देती हैं। इन बीमारियों से बचाव के लिए चुकंदर का जूस पीना फायदेमंद साबित होता है। चुकंदर में आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से शरीर में आयरन की पूर्ति होती है। वहीं, इसमें पोटेशियम भी पाया जाता है। पोटेशियम युक्त चीजों के सेवन से उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है। वहीं, आप फल और हरी सब्जियों का जूस बनाकर भी पी सकती हैं। फल और हरी सब्जियों में सभी आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये आवश्यक पोषक सेहत सेहतमंद रहने के लिए जरूरी है।

**नारियल पानी पिएं :** नारियल पानी सेहत और सुंदरता दोनों के लिए फायदेमंद होता है। इसके सेवन से विभिन्न प्रकार की बीमारियों में फायदा मिलता है। मोटापा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप समेत कई अन्य बीमारियों में भी नारियल पानी के सेवन से राहत मिलता है। इसमें इसमें प्रोटीन, लॉरिक एसिड प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो त्वचा के लिए फायदेमंद साबित होते हैं। नारियल पानी में पोटेशियम और मैग्नीशियम भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। पोटेशियम रिच फूड खाने से उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है। वहीं, मैग्नीशियम रिच फूड्स खाने से ब्लड ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद मिलती है। वहीं, अनिद्रा में भी आराम मिलता है और शरीर हायड्रेट रहता है। इसके लिए महिलाओं को सेहतमंद रहने के लिए रोजाना नारियल पानी का सेवन करना चाहिए। खासकर, 30 की उम्र की महिलाएं जो काम की अधिकता की वजह से सेहत पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।





# बच्चे को घर पर अकेला छोड़कर जा रहें हैं बाहर तो अभिभावक जरूर रखें कुछ बातों का ध्यान



आप एकल परिवार में रहते हैं और पति पत्नी दोनों ही नौकरीपेशा है तो बच्चे को बहुत छोटी उम्र में घर पर अकेला छोड़ने से बचें। बच्चा थोड़ा बड़ा हो तो भी उसे अकेला घर पर न छोड़ें, बल्कि किसी विश्वसनीय की देखरेख में रखें। अगर कोई नौकर या केयर टेकर रख रहे हैं तो पहले पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करा लें। नौकरीपेशा अभिभावक घर पर बच्चे को अकेला छोड़कर बाहर जाते हैं तो पहले घर पर कैमरा जरूर लगवाएं। गैरमौजूदगी में भी घर पर बच्चे पर आपकी नजर रहेगी कि वह क्या कर रहा है और कैसे रहता है। नौकरी के लिए घर से बाहर जा रहे हैं और बच्चा घर पर अकेला है तो परिवार के बड़े बुजुर्गों के हाथ बच्चे की जिम्मेदारी दें। इससे बच्चे को माता-पिता की कमी नहीं खलती और बड़े बुजुर्ग बच्चे का अच्छे से ख्याल रखते हैं। कामकाज के कारण बच्चे को समय नहीं दे पाते। उसे घर पर अकेला छोड़कर दफ्तर निकल जाते हैं तो बच्चा माता पिता के बिना अकेला महसूस करने लगता है। इसलिए छुट्टी के दिन या किसी खास मौके पर बच्चे के साथ समय बिताएं। उसे कहीं घुमाने ले जाएं या स्कूल एक्टिविटी में शामिल हों। भले ही नौकरी के लिए आप प्रतिदिन बच्चे को घर पर छोड़कर चले जाते हैं, लेकिन समय समय पर उन्हें कॉल करके हाल खबर लेते हैं। बच्चे ने खाना खाया या नहीं, क्या कर रहा है, कैसी तबीयत है, ये सब फोन पर पूछें ताकि उन्हें आपकी कमी महसूस न हो।

बच्चों की जिम्मेदारी संभालना आसान काम नहीं होता। बच्चों की छोटी से छोटी जरूरतों, उनके व्यवहार और रहन-सहन का खास ध्यान रखना पड़ता है। इसके लिए अधिक से अधिक वक्त बच्चों के साथ बिताना पड़ता है। ऐसे में माता या पिता में से कोई एक अक्सर ही बच्चे के साथ रहता है। हालांकि जो अभिभावक नौकरीपेशा होते हैं, यानी माता और पिता दोनों ही कामकाजी होते हैं, उनके लिए बच्चों की देखभाल करना अधिक चुनौतीपूर्ण होता है। पति और पत्नी दोनों के नौकरीपेशा होने पर जब उन्हें दफ्तर जाना होता है, तो सबसे बड़ी समस्या बच्चे को घर पर अकेला छोड़ने की होती है। ऐसे में अगर माता पिता नौकरी के लिए घर पर बच्चे को अकेला छोड़कर जा रहे हैं तो कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें, ताकि न तो बच्चे के अनदेखी हो और न उसे माता पिता की कमी महसूस हो।अगर

# दो दिन में घूमें अमृतसर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल



रोजमर्रा की जीवनशैली से बोर हो गए हैं। मानसिक और शारीरिक थकान महसूस कर रहे हैं। दफ्तर और कामकाज के बीच खुद को, अपने परिवार, बच्चे या दोस्तों को समय नहीं दे पा रहे हैं तो व्यस्त जीवनशैली से कुछ वक्त अपने लिए निकालें। अधिकतर दफ्तरों में रविवार को अवकाश रहता है। दिल्ली एनसीआर में काम करने वालों को दो दिन की छुट्टी मिलती है। ऐसे में छुट्टी पर घर पर समय बिताने से बेहतर है कि किसी ट्रिप की योजना बना लें। वीकेंड ट्रिप कम समय में आपको मानसिक तौर पर सुकून देने के लिए बेहतर विकल्प है। रोजमर्रा के जीवन में बदलाव लाकर कुछ वक्त मस्ती मौज कर सकते हैं और फिर से नई ऊर्जा के साथ काम पर लौट सकते हैं। सवाल है कि दो तीन दिन की ट्रिप पर कहां जाएं? इसके साथ ही ट्रिप के दौरान अधिक पैसा व्यय न हो, इस बात को मद्देनजर रखते हुए जगह का चयन करना होता है। आईआरसीटीसी वीकेंड पर कम पैसों में घूमने के लिए कई शानदार टूर पैकेज का ऑफर देता है। दिसंबर महीने में वीकेंड पर आप कम पैसों में आईआरसीटीसी के अमृतसर टूर पैकेज को बुक कर सकते हैं। यहां जानें अमृतसर टूर पैकेज की पूरी डिटेल। दो दिन की छुट्टी या वीकेंड पर आप अमृतसर के सफर पर जा सकते हैं। आईआरसीटीसी अमृतसर टूर के लिए शानदार और सस्ता पैकेज लाया है। अमृतसर सिखो के लिए बहुत पवित्र जगह है, क्योंकि यहां स्वर्ण मंदिर है। हरमंदिर साहिब के तौर पर मशहूर स्वर्ण मंदिर सबसे पुराना और महत्वपूर्ण गुरुद्वारा है। यहां प्रतिदिन हजारों भक्त पहुंचते हैं। इस टूर पैकेज का नाम नई दिल्ली-अमृतसर टूर है। इस टूर पैकेज की शुरुआत 9 दिसंबर से हो रही है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से स्वर्ण शताब्दी ट्रेन पर्यटकों को सफर पर लेकर निकलेगी। यह टूर पैकेज एक रात और दो दिन का है। हर शुक्रवार और शनिवार रेलवे अमृतसर घूमने के लिए ले जाएगा। शुक्रवार की सुबह 7 बजकर 20 मिनट पर स्वर्ण शताब्दी अपने गंतव्य के लिए रवाना होगी और दोपहर से पहले अमृतसर पहुंचा देगी। यहां से इस खूबसूरत और सिखों के धार्मिक स्थल को घुमाने की पूरी व्यवस्था की जाएगी। अमृतसर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे तो आपके लिए कैब की व्यवस्था की गई होगी, जो पर्यटकों को होटल ले जाएगी। लंच के बाद वाघा बॉर्डर घूमने के लिए ले जाया जाएगा। शाम में होटल वापसी होगी। अगले दिन सुबह नाश्ते के बाद स्वर्ण मंदिर के दर्शन और जलियांवाला बाग घूम सकेंगे। शाम को वापस अमृतसर रेलवे स्टेशन लाया जाएगा, जहां 4:50 पर ट्रेन है। इस पूरे टूर पैकेज में सुबह का नाश्ता, दोपहर और रात के खाने की व्यवस्था, होटल में कमरा, घूमने के लिए कार और दिल्ली से अमृतसर के लिए ट्रेन टिकट बुकिंग का लाभ मिलेगा। दो दिन के अमृतसर टूर पैकेज का खर्च 8325 रुपए प्रति व्यक्ति है। वहीं दो लोगों को 6270 रुपए प्रति व्यक्ति व्यय करने होंगे। फायदा तीन लोगों के साथ ट्रिप पर जाने में है। इसमें टूर पैकेज की बुकिंग 5450 रुपए होगी।



मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**